**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शनिवार, 23 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 139, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 232 अंकों की उछाल

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स 232 अंक की तेजी में रहा जबकि निफ्टी 65 अंक चढ़ गया। } 10

## भारत-साइप्रस ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ व्यापक बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। } 12



## संक्षेप

### अग्नि-1 मिसाइल का सफल परीक्षण




नयी दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण में सभी अभियानगत और तकनीकी मानक प्राप्त कर लिए गए। इसने कहा यह परीक्षण सामरिक बल कमान के अंतर्गत किया गया।

### लखनऊ : रेप मामले में डॉक्टर गिरफ्तार, अस्पताल सीज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब (बीकेटी) क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ एक युवती ने उपचार के दौरान बेहोशी का इंजेक्शन देकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोपी चिकित्सक को हिरासत में लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि युवती को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के चलते 18 मई को बीकेटी क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि आरोप है कि उपचार के दौरान डॉक्टर युवती को ऑपरेशन थिएटर में ले गया और वहां मौजूद महिला कर्मचारियों एवं युवती के पिता को बाहर भेज दिया। युवती के हवाले से उन्होंने बताया कि इसके बाद डॉक्टर ने उसे नशीला इंजेक्शन दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। उन्होंने बताया कि होश आने पर युवती को अपने साथ कथित दुष्कर्म का एहसास हुआ, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) ट्विंकल जैन ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

### बाराबंकी में एक करोड़ की लूट

बाराबंकी। जिले में देवा थानाक्षेत्र के ग्वारी गांव में शुक्रवार तड़के सात हथियारबंद डकैतों ने किराना कारोबारी के परिवार को बंधक बना लिया और उसके घर से करीब 1.02 करोड़ रुपये की नकदी जेवरात लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि वारदात के दौरान बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। पुलिस के अनुसार तड़के डकैत देवा-बाराबंकी मार्ग पर दरवाजा तोड़कर किराना कारोबारी आलोक जायसवाल के घर में पीछे से घुसे, उस वक्त परिवार के लोग गहरी नींद में थे। घर में आलोक, उनकी पत्नी, बेटा हिमांशु, बहू, मायके आई दो बेटियां और एक मासूम बच्चा मौजूद थे। पुलिस के अनुसार डकैतों ने पूरे परिवार को एक जगह बैठा दिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए सभी मुंह पर टेप चिपका दिया।

## समृद्ध ओबीसी परिवारों को आरक्षण क्यों : कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के भीतर आर्थिक और शैक्षिक रूप से उन्नत परिवारों के बच्चों को आरक्षण का लाभ लगातार दिए जाने पर सवाल उठाते हुए शुक्रवार को कहा कि शैक्षिक और आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें याचिकाकर्ता को आरक्षण से बाहर रखने के फैसले को सही ठहराया गया था। याचिकाकर्ता के माता-पिता दोनों ही राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। पीठ ने इस मामले में नोटिस जारी करते हुए कहा अगर माता-पिता दोनों ही आईएएस अधिकारी हैं, तो उन्हें आरक्षण क्यों मिलना चाहिए? शैक्षिक और आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है।



उसने कहा तो फिर, अगर ऐसे बच्चों के लिए भी आरक्षण की मांग की जाती रही, तो हम इस चक्र से कभी बाहर नहीं निकल पाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की कि अगर छात्रों के माता-पिता अच्छी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## घुसपैठ रोकने के लिए सीमा पर शुरू होगी स्मार्ट बॉर्डर परियोजना

### अभेद्य सीमा बनाने में मदद के लिए प्रौद्योगिकी, ड्रोन, रडार व स्मार्ट कैमरों का किया जायेगा उपयोग : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अगले साल स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेगी ताकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ 6,000 किलोमीटर लंबी सीमा को अभेद्य बनाया जा सके और इन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश विफल की जा सके।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा यहां आयोजित वार्षिक रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में शाह ने इस बात को भी दोहराया कि सरकार देश से प्रत्येक घुसपैठिए को ढूंढ निकालेगी और उन्हें भारत से बाहर भेजेगी। के.एफ. रुस्तमजी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के संस्थापक और पहले महानिदेशक थे। बीएसएफ में लगभग 2.70 लाख जवान हैं और इसे पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में बांग्लादेश के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा का दायित्व सौंपा गया है। इसकी स्थापना 1965 में हुई थी। शाह ने कहा भारत सरकार ने फैसला किया है कि हम न केवल घुसपैठ को रोकेंगे बल्कि प्रत्येक घुसपैठिए को ढूंढकर देश से बाहर भेजेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार 'दूसरी तरफ से किए जा रहे हमारी जनसांख्यिकी में कृत्रिम परिवर्तन के प्रयासों के लिए अनुमति नहीं देगी।



शाह ने कहा, मैं बीएसएफ जवानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इसकी स्थापना के 60वें वर्ष में स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेंगे और पाकिस्तान-बांग्लादेश की सीमाओं को अभेद्य बनाएंगे। उन्होंने बताया कि 'स्मार्ट बॉर्डर परियोजना के तहत अभेद्य सीमा बनाने में मदद के लिए प्रौद्योगिकी, ड्रोन, रडार और स्मार्ट कैमरों का उपयोग किया जाएगा। शाह ने इन दोनों सीमाओं को असुरक्षित और सुरक्षा की दृष्टि ...शेष पृष्ठ 10 पर

# हम समस्याएं नहीं, समाधान देते हैं : योगी

## देवरिया में मुख्यमंत्री ने 655 करोड़ की 19 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास




विशेष संवाददाता/राकेश धर द्विवेदी

लखनऊ/देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को देवरिया में 655 करोड़ रुपये की लागत से 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करते हुए कहा कि उनकी सरकार समस्याओं को टालने वाली नहीं, बल्कि समाधान देने वाली सरकार है। हम समस्याएं नहीं, समाधान देते हैं, तभी जनता जनार्दन हमें चुनती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और उत्तर प्रदेश ने विकास की नई गति पकड़ी है और अब विकास की यह यात्रा रुकने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद देश ने नए भारत का दर्शन किया है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को प्राथमिकता दी, क्योंकि गति जितनी तेज होगी, विकास का लाभ उतनी ही तेजी से आम जनता तक पहुंचेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से कहा कि कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और नए सत्र से इसे शुरू करने की तैयारी की जाए। यह विश्वविद्यालय किसानों को आधुनिक तकनीक, कम लागत और अधिक उत्पादन की दिशा में नई राह दिखाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह गोरखपुर से सांसद थे, तब उन्हें अक्सर देवरिया आना पड़ता था। उस समय प्रदेश में अराजकता, उत्पीड़न और तुष्टीकरण की राजनीति थी। गोरखपुर से देवरिया तक सड़कें बदहाल थीं, कई हिस्सों में सिंगल लेन मार्ग था और चौरी-चौरा रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों जाम लगता था। लेकिन आज वही देवरिया फोर लेन कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है। यहां से गोरखपुर पहुंचने का समय घट गया है। देवरिया से बलिया तक सड़क परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं। देवरिया-कसया फोर लेन मार्ग और बाईपास बनने से न केवल यातायात आसान होगा, बल्कि यह नॉर्थ-साउथ कनेक्टिविटी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मुख्यमंत्री ने 17 निवेशकों को प्रदान किए भूमि आवंटन पत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के अंतर्गत 17 निवेशकों को शुक्रवार को भूमि आवंटन पत्र प्रदान किए। निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी ने अब टूरिज्म, ट्रेड, इन्वेस्टमेंट के विश्वस्तरीय डेस्टिनेशन के रूप में खुद को स्थापित किया है। आपने उत्तर प्रदेश के ब्रांड अंबेस्डर के रूप में प्रदेश की नई छवि को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया ...शेष पृष्ठ 10 पर




### राज्यसभा की 24 सीट के लिए 18 को चुनाव

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा और कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे एवं दिग्विजय सिंह समेत राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल आगामी दो महीने में समाप्त होने के मद्देनजर उच्च सदन की 24 सीट के लिए 18 जून को चुनाव कराने की शुक्रवार को घोषणा की।

निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि राज्यसभा की सीटों के लिए चुनाव उन 10 राज्यों में होंगे जहां मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 21 जून से 19 जुलाई के बीच अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। राज्यसभा चुनाव आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक की चार-चार सीट, मध्य प्रदेश और राजस्थान की तीन-तीन सीट, झारखंड की दो सीट तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम की एक-एक सीट पर होंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख आठ जून है। राज्यसभा से सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में देवेगौड़ा, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे (दोनों कर्नाटक से), केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह (राजस्थान) और जॉर्ज कुरियन, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तथा कांग्रेस ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी में जनगणना-2027 का अगला चरण शुरू

### पहले दिन 1.35 करोड़ घरों को दिया गया नम्बर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। जनगणना 2027 के पहले चरण में प्रदेशभर में मकान सूचीकरण और घरों की गणना शुरू हो गई। पहले दिन 1.35 करोड़ से अधिक घरों को नंबर दिया गया। काशी विश्वनाथ मंदिर, ताजमहल और झांसी किला भी इसमें शामिल हुए। लाखों परिवारों ने ऑनलाइन स्व-गणना कर डिजिटल प्रक्रिया में भागीदारी दिखाई।

प्रदेश में जनगणना 2027 के पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का काम शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले ही दिन प्रदेशभर में 1.35 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच बनाकर उन्हें जनगणना संख्या दी गई है। इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, ताजमहल और झांसी किला जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को भी जनगणना प्रक्रिया में शामिल किया गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, जनगणना के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और घरों की गणना का कार्य प्रदेश के 3,89,312 मकान सूचीकरण ब्लॉकों में शुरू किया गया। प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने घर-घर जाकर भवनों को संख्या देने और नक्शा तैयार करने का काम शुरू किया। पहले दिन शाम शाम पांच बजे तक ...शेष पृष्ठ 10 पर



### नीट-यूजी पेपर लीक मामले में पुणे की प्रवक्ता गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वर्ष 2026 के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के भौतिकी के प्रश्नपत्र को लीक करके चुनिंदा अभ्यर्थियों को देने के आरोप में पुणे निवासी एक महिला प्रवक्ता को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई ने पुणे के सेठ हीरालाल सार्फ प्रशाला में कार्यरत मनीषा संजय हवलदार को गिरफ्तार किया और उन्हें प्रश्नपत्र लीक होने का एक अन्य स्रोत बताया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, सीबीआई ने नीट-यूजी के भौतिकी के प्रश्नपत्र लीक करने वाली एक अन्य प्रमुख आरोपी की पहचान कर ली है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि हवलदार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उत्तराखंड के विकास में युवाओं की निर्णायक भागीदारी

### सिंचाई व कृषि विभाग में चयनित 483 अभ्यर्थियों को धामी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नव चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि वे ईमानदारी, पारदर्शिता और सेवा भाव को अपनी कार्यशैली का मूल आधार बनाकर राज्य की प्रगति में सक्रिय योगदान दें। मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के 473 तथा कृषि विभाग के 10 अभ्यर्थियों सहित कुल 483 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और सकारात्मक सोच उत्तराखंड को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं ...शेष पृष्ठ 10 पर






**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 34.00 डिसे. |


**भीतर पढ़ें**

- वैश्विक पर्यटन का केंद्र बनेगा बटेश्वर धाम (पृष्ठ-02)
- पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण : पंकज (पृष्ठ-02)
- रुपया 63 पैसे चढ़कर 95.73 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- विदेशी मुद्रा भंडार 688.89 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- घबराहट में खरीदारी से पेट्रोल-डीजल बिक्री बढ़ी (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** — एलडीए ने कंसल्टेंट व आर्कीटेक्ट चयन को लेकर मांगा प्रपोजल

## सहारा शहर की जमीन पर बनेगा नया विधानभवन व सीएम आवास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। गोमती नगर स्थित सहारा शहर की जमीन पर नया विधानभवन बनाए जाने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। इस परियोजना को लेकर अब आधिकारिक प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने विधानसभा भवन की डिजाइन और प्लानिंग के लिए कंसल्टेंट एवं आर्किटेक्ट चयन के लिए टेंडर (आरएफपी) जारी कर दिया है।

सरकारी स्तर पर लंबे समय से नई विधानसभा के लिए जमीन की तलाश की जा रही थी। अब गोमती नगर में सहारा से खाली कराई गई सहारा शहर की 245 एकड़ जमीन को इसके लिए अंतिम रूप दिए जाने का काम शुरू हो गया है। इसमें 170 एकड़ जमीन नगर निगम की और 75 एकड़ जमीन एलडीए की शामिल है। एलडीए के मुख्य अभियंता की ओर से जारी (आरएफपी) टेंडर के अनुसार इच्छुक कंपनियां 23 मई से 21 जून 2026 तक आवेदन कर सकेंगी। कंसल्टेंट चयन के बाद डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार होगी, जिसके बाद निर्माण लागत और समयसीमा स्पष्ट होगी। जानकारों के अनुसार इस विशाल परिसर में केवल विधानभवन ही नहीं बल्कि सचिवालय, मुख्यमंत्री आवास और अन्य सरकारी कार्यालय भी बनाए जाने की योजना है। इसी वजह से इसे विधानभवन कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित किया जाएगा। बता दें कि नगर निगम ने वर्ष 1994 में सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड को 170 एकड़ जमीन 30 साल की लीज पर आवासीय योजना विकसित करने के लिए दी थी। आरोप था कि कंपनी ने लीज शर्तों का उल्लंघन किया। इसके चलते नगर निगम ने लीज निरस्त कर जमीन का कब्जा वापस ले लिया। वहीं एलडीए ने भी अपनी 75 एकड़ जमीन करीब डेढ़ साल पहले वापस ले ली थी। इसके बाद से यहां नई विधानसभा बनाए जाने की चर्चाएं तेज थीं। मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह ने बताया कि विधानभवन निर्माण को लेकर कंसल्टेंट और आर्किटेक्ट चयन के लिए आरएफपी मांगी गई है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्लानिंग पर कार्य शुरू होगा। शासन और मुख्यमंत्री स्तर तक प्रजेंटेशन होगा। इसके बाद चयनित आर्किटेक्ट को डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।




## शस्त्रों का खुलेआम प्रदर्शन सामाजिक सौहार्द के लिए नुकसानदेह : हाईकोर्ट

जिला संवाददाता

प्रयागराज (उप्र)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शस्त्रों के खुलेआम प्रदर्शन को सामाजिक सौहार्द के लिए नुकसानदेह बताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, बृजभूषण सिंह समेत 19 व्यक्तियों के शस्त्रों का ब्यौरा मांगा है।

न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने बुधवार को अपने आदेश में कहा, 'आत्मरक्षा के नाम पर ये हथियार, वास्तविक सुरक्षा से कहीं अधिक धमकी के उपकरण बन जाते हैं जो भय पैदा करते हैं। जिस समाज में सशस्त्र व्यक्ति प्रत्यक्ष बल प्रयोग और धमकियों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

### लंबित मुकदमों के आधार पर नहीं रोकी जा सकती नौकरी

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि किसी अभ्यर्थी के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों को हर स्थिति में सरकारी नौकरी से वंचित करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि अभ्यर्थी किसी मामले में किशोर घोषित हो चुका हो अथवा किसी मुकदमे में पुलिस अंतिम रिपोर्ट लगा चुकी हो, तो केवल इन कारणों से ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता

## जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी

विशेष संवाददाता (vol)



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया।

सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी त्वरित सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। उन्होंने गोशाला के कार्यकर्ताओं को भीषण गर्मी को देखते गोवंश की देखभाल के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री ने परिजनों के साथ आए बच्चों से बात की। उन्हें दुलारा-पुचकारा, आशीर्वाद के साथ चॉकलेट्स भी दीं।

## कांग्रेस हताशा, निराशा और मानसिक दिवालियेपन के दौर से गुजर रही : सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विषय में की गई अभद्र, असंसदीय और अक्षम्य टिप्पणी कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों को उजागर करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की भाषा और व्यवहार लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को चोट पहुंचाने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस के ह्रयुवराजह्र भी अपनी टिप्पणियों के जरिए अपने कुसंस्कारों का परिचय दे चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज हताशा, निराशा, कुंठा और मानसिक दिवालियेपन के शीर्ष स्तर पर पहुंच चुकी है। जनता का समर्थन लगातार घटने के कारण कांग्रेस के नेताओं में राजनीतिक संयम और शालीनता भी समाप्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कांग्रेस नेताओं की ओर से किया जा रहा है, वह भारतीय लोकतंत्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति अब ऐसी हो चुकी है कि वह देशवासियों से क्षमा मांगने की नैतिक स्थिति में भी नहीं बची है।

## जल शक्ति मंत्री ने सूचना प्रणाली संगठन का किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सूचना प्रणाली संगठन (आईएसओ) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में संचालित बाढ़ सुरक्षा कार्यों की निगरानी व्यवस्था एवं तकनीकी की प्रणालियों को देखा।

जलशक्ति मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं निगरानी के लिए कार्यस्थलों पर कैमरे स्थापित किए गए हैं। सूचना प्रणाली संगठन (आईएसओ) द्वारा विकसित वेबसाइट के माध्यम से इन कैमरों को इंटरनेट से जोड़ा गया है, जिससे लखनऊ मुख्यालय एवं जिला मुख्यालयों से परियोजनाओं की 360 डिग्री ऑनलाइन मॉनिटरिंग संभव हो रही है।

निरीक्षण के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने स्वयं ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जिलों में चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों को देखा। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल व्यवस्था से परियोजनाओं की 24 घंटे लाइव मॉनिटरिंग सुनिश्चित होगी तथा कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बाढ़ सुरक्षा कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि वर्षा ऋतु में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के समय प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन) अशोक कुमार सिंह, मुख्य अभियंता सुभाष सिंह सहित सूचना प्रणाली संगठन के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मंत्री को विभाग द्वारा विकसित वेबसाइट की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी सुविधाओं की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान जलशक्ति मंत्री को बाढ़ प्रबंधन सूचना प्रणाली केंद्र के कार्यों के संबंध में भी बताया गया कि वर्षाकाल में यह केंद्र प्रतिदिन नदी बेसिन के 11 गेज स्थलों पर जलस्तर का पूर्वानुमान जारी करता है। साथ ही सैटेलाइट इमेज के माध्यम से तटबंधों की स्थिति का आकलन कर मानसून के बाद एंबैंकमेंट एडवाइजरी भी जारी की जाती है। जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली में नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए तथा अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य तकनीक के माध्यम से बाढ़ से होने वाले नुकसान को न्यूनतम करना और जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

● बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं की लाइव मॉनिटरिंग व्यवस्था का लिया जायजा

# जनगणना 2027 कार्यक्रम का शुभारंभ



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुक्रवार को छावनी परिषद कार्यालय, लखनऊ के प्रांगण में जनगणना 2027 कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार सिंह, मुख्य अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी अभिषेक राठौर जी, सहायक निदेशक जनगणना निदेशालय उपासना गिरि एवं जिला प्रभारी जनगणना रमेश कुमार पाण्डेय की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा छावनी परिषद क्षेत्र में संचालित स्वगणना कार्य की सराहना की गई। साथ ही छावनी परिषद द्वारा चलाए गए स्वगणना अभियान एवं जनगणना कार्य हेतु की गई अग्रिम तैयारियों की भी विशेष प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा कि सीमित समयावधि में सुव्यवस्थित रूप से की गई तैयारियाँ जनगणना कार्य की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से छावनी क्षेत्र के उन 8 प्रगणकों की प्रशंसा की, जिन्होंने सीमित समयावधि में अपने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में शत-प्रतिशत स्वगणना कि तथा लगभग 37 ब्लाक में 35ः से 45ः प्रगणको द्वारा अपने ब्लाक में स्वगणना किया गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों, सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को आगामी जनगणना कार्य हेतु अग्रिम शुभकामनाएँ प्रदान कीं तथा कार्य के सफल, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा छावनी क्षेत्र में नियुक्त 17 सुपरवाइजर, 98 प्रगणकों को हरी झंडी दिखाकर जनगणना कार्य हेतु क्षेत्र में रवाना किया गया।

## दो साल बाद परिजनों को मिला मूक-बधिर बालक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाल संरक्षण और पुनर्वास व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। इसी संवेदनशील कार्यशैली का एक भावुक उदाहरण उस समय सामने आया, जब लगभग दो वर्षों से घर से लापता एक मूक-बधिर बालक को राजकीय बालगृह (बालक), मोहान रोड, लखनऊ के प्रयासों से उसके परिवार से मिलवाया गया। परिवार ने जिस बेटे के लौटने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी, उसे योगी सरकार की सक्रिय व्यवस्था और अधिकारियों की संवेदनशीलता ने फिर से अपने परिजनों से मिला दिया। शुक्रवार को जब यह बालक पश्चिम बंगाल से आए परिजनों को सौंपा गया तो भावुक होकर उन्होंने योगी सरकार को शुक्रिया कहा। दरअसल, बाल कल्याण समिति मेरठ के आदेश पर 12 सितंबर 2025 को करीब 13 वर्षीय एक मूक-बधिर बालक को राजकीय बालगृह (बालक), मोहान रोड में प्रवेश दिलाया गया था। बालक बोल और सुन नहीं सकता था, इसलिए वह अपना नाम, पता या परिवार की कोई जानकारी देने में असमर्थ था। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बालगृह प्रशासन ने उसकी पहचान जानने के प्रयास लगातार जारी रखे। बालक की देखभाल के साथ-साथ उसकी पहचान पता लगाने के लिए तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर लगातार काम किया गया। इसी बीच इस बालक का आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। जब बालक ने स्कैन मशीन पर उंगलियों के निशान दिए तो पूर्व में बने आधार कार्ड का विवरण सामने आ गया। इस आधार कार्ड से बालक का पता पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के ग्राम गंगासार का मिला।

# 71.50 करोड़ से वैश्विक पर्यटन केंद्र बनेगा बटेश्वर धाम

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल की पैतृक भूमि को वैश्विक मानचित्र पर मिलेगी विशिष्ट पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

**आगरा।** योगी सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए निरंतर बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पैतृक भूमि और 101 प्राचीन शिव मंदिरों की श्रृंखला के लिए प्रसिद्ध आगरा के 'बटेश्वर धाम' को आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

भारत सरकार की एसएएससीआई योजना के अंतर्गत 71.50 करोड़ रुपये की लागत से संचालित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत अब तक 56.11 करोड़ रुपये जारी भी किए जा चुके हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बटेश्वर धाम में विश्व स्तरीय पर्यटन सुविधाओं का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है और इस पूरी परियोजना को दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। श्रद्धालुओं और देश- विदेश से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस परिसर को बेहद आधुनिक रूप दिया जा रहा है। विज़िटर सपोर्ट एवं आवास क्षेत्र के तहत यहाँ विशाल पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय और महिला व पुरुष आगंतुकों के लिए करीब 20 कमरों की क्षमता वाले अलग- अलग सर्वसुविधायुक्त डॉरमेट्री का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए आधुनिक कैफेटेरिया, फूड कियोस्क, सोवेनियर शॉप और बच्चों के मनोरंजन के लिए एक विशेष इंटरैक्टिव जोन तैयार किया जा रहा है। पर्यटक यहां के शांत और रमणीय वातावरण का आनंद ले सकें, इसके लिए ओपन सीटिंग एरिया सहित एक आधुनिक पर्यटन सुविधा केंद्र भी बनाया जाएगा। आध्यात्मिकता और संस्कृति के इस अनूठे संगम में पर्यटकों को आधुनिक तकनीक से जुड़ा एक बेहद अद्भुत अनुभव मिलेगा। यहां विकसित की जा रही इंटरैक्टिव गैलरी और थीम आधारित आकर्षण श्रद्धालुओं को भारतीय आध्यात्मिक विरासत के करीब लाएंगे। अलग-अलग गैलरी में चारों वेदों और शिव पुराण की पावन कथाओं को अत्याधुनिक डिजिटल माध्यमों से प्रदर्शित किया जाएगा। 'चार धाम गैलरी' और 'समुद्र मंथन गैलरी' बनाई जा रही हैं।

● डिजिटल माध्यम से जीवंत होंगी वेदों, शिव पुराण और समुद्र मंथन की कथाएं

शिव सहस्त्रनाम खंड में भगवान शिव के विविध स्वरूपों और उनकी महिमा को प्रदर्शित करने के लिए विशेष थीम आधारित इंस्टॉलेशन लगाए जाएंगे। 'सेंट्रल लैंडस्केप क्षेत्र' के समीप भगवान शिव की ध्यानमग्न मुद्रा में एक भव्य और विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। धार्मिक और प्राकृतिक सुंदरता को नया विस्तार देते हुए इस परियोजना के अंतर्गत पंचमहाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) को समर्पित एक भव्य 'पंचभूत शिव स्कल्पचर गार्डन' विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही देश के पवित्र 12 ज्योतिलिंगों की सुंदर प्रतिकृतियों से सुसज्जित 'शिवलिंगम पार्क' और यमुना नदी व भगवान शिव के प्राचीन आध्यात्मिक संबंध को दर्शाने वाला मनमोहक 'कालिंदी वनम' भी तैयार किया जा रहा है। इस परिसर की भव्यता को संपूर्णता देने के लिए सेवा के प्रतीक भगवान नंदी की एक विशाल प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बटेश्वर धाम का यह समेकित विकास उत्तर प्रदेश को वैश्विक आध्यात्मिक एवं विरासत पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाएगा।

'हेरिटेज रिवाइवल कॉरिडोर' के रूप में परिकल्पित यह परियोजना बटेश्वर की प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाओं से जोड़ेगी।

# प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और कांग्रेस पार्टी की हताश मानसिकता को प्रदर्शित करने वाली है। उन्होंने कहा यह बयान केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं का भी अपमान है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के विकास, सुरक्षा और सम्मान के प्रतीक के रूप में देखती है।

उन्होंने अजय राय के बयान को निम्नस्तरीय बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आज राजनीतिक रूप से पूरी तरह दिशाहीन और जनसमर्थन विहीन हो चुकी है। जब जनता के बीच उनके पास विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्र निर्माण और जनहित के मुद्दों पर कहने के लिए कुछ नहीं बचता, तब उनके नेता व्यक्तिगत टिप्पणियों और अपमानजनक भाषा का सहारा लेकर अपनी कुंठा प्रकट करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस प्रधानमंत्री ने अजय राय के अस्वस्थ होने पर सार्वजनिक रूप से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की थी, आज उसी संवेदनशील और जनसेवा के लिए समर्पित प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस नेता अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस की तथाकथित मोहब्बत की दुकान का वास्तविक चेहरा आज देश के सामने पूरी तरह उजागर हो चुका है। उनके शब्दों में कटुता, व्यवहार में अहंकार और राजनीति में केवल विभाजन एवं नकारात्मकता दिखाई देती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व पटल पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। गरीब कल्याण से लेकर बुनियादी ढांचे के विकास तक, किसानों से लेकर युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण तक, हर क्षेत्र में केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। यही कारण है कि देश की जनता लगातार प्रधानमंत्री पर अपना विश्वास व्यक्त कर रही है और कांग्रेस पार्टी इसी जनसमर्थन से घबराकर इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र में वैचारिक विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन मर्यादा और शालीनता भारतीय राजनीति की मूल आत्मा है। व्यक्तिगत अपमान और अभद्र टिप्पणियां कांग्रेस के राजनीतिक पतन को और अधिक तेज करेंगी।

जनता सब देख रही है और ऐसे अपमानजनक व्यवहार का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि वे तत्काल इस बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और अपने नेताओं को संयमित एवं मर्यादित भाषा का प्रयोग करने की सीख दें।

# भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना दिया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार के दो कार्यकाल बिना किसी उपलब्धि के समाप्ति की ओर है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना दिया है। किसानों की फसलों की लूट मची है। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। भाजपा राज में महिलाएं उपेक्षित और अपमानित हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। इस सरकार ने प्राइमरी स्कूलों की दुर्दशा कर दी है। लगभग 70 हजार स्कूल बंद कर दिए। हजारों स्कूलों में एडमिशन शून्य है। अस्पतालों में मरीजों को दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। मरीज मारे-मारे फिर रहे हैं।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में शुक्रवार को विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चालाक और अहंकारी पार्टी है। इसने लोकतंत्र को धोखा दिया है। भाजपा राजनीतिक दल नहीं गैंग है। भाजपाई गरीबों और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है। भाजपा ने भूमाफिया बनाये हैं। उन्हें संरक्षण देती है। उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा का चुनाव यूपी की जनता के भविष्य का चुनाव है। चुनाव में भाजपा को दो दशक का हिसाब देना होगा। उत्तर प्रदेश की जनता की ताकत भाजपा का सफाया कर देगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुए कहा कि भाजपा सपा को बदनाम करने की रणनीति बनाएगी। तरह-तरह के हथकंडे अपनाएगी लेकिन इस बार भाजपा की कोई चालाकी काम नहीं आएगी। जनता भाजपा के कुशासन से बहुत नाराज है। जनता सपा के साथ है। पूरा पीडीए समाजवादी पार्टी के साथ है। आम जनता भाजपा को सत्ता से हटाने के आतुर है। उन्होंने कहा कि सपा का दृष्टिकोण व्यापक है। सपा विकास की राजनीति करती है। सबको साथ लेकर चलती है। लोकतंत्र को मजबूती देती है। भाजपा सामाजिक न्याय विरोधी है। भाजपा आरक्षण की लूट कर रही है। पीडीए का हक खा रही है। पीडीए समाज की संख्या और जनाधार की तुलना में भाजपा की स्थिति शून्य है। संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाने को उत्तर प्रदेश की जनता 2027 चुनाव का इंतजार कर रही है।

## कई नेताओं ने ली रालोद की सदस्यता



**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय की उपस्थिति में सोनभद्र के जिला अध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी के प्रयासों से घोरावल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं अपना दल के पूर्व जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरज चौबे, अपना दल एस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह, अपना दल (एस) के पूर्व सचिव परमेश्वर अग्रहरि, बौद्धिक मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह एवं जिला सचिव आजाद राय ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व तथा चौधरी चरण सिंह की किसान, युवा एवं गरीब हितैषी नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय ने सभी नवागत साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों एवं चौधरी चरण सिंह जी के विचारों से प्रभावित होकर प्रदेशभर में लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों, नौजवानों, व्यापारियों एवं समाज के हर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य रालोद कर रहा है।

## टोल प्लाजा और सड़क पर काम कर रहे कर्मचारियों का खास ख्याल रख रहा एनएचएआई

**लखनऊ।** बढ़ती गर्मी और हीट वेव को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा हीट वेव एक्शन प्लान के तहत विशेष पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत टोल प्लाजाओं तथा सड़क निर्माण एवं रखरखाव कार्य में लगे कर्मचारियों को ओआरएस और पीने का पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करना तथा उन्हें स्वस्थ और सुरक्षित रखना है। गर्म मौसम में लगातार कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए पर्याप्त पानी और ओआरएस उपलब्ध कराने से डिहाइड्रेशन एवं गर्मी से होने वाली समस्याओं से बचाव में मदद मिलेगी। कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य एनएचएआई की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस तरह की व्यवस्थाओं से कर्मचारियों की कार्य क्षमता और कार्य कुशलता में भी वृद्धि होगी। क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा सभी संबंधित एजेंसियों और टोल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के मौसम में कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें।

## युवाओं को कॉकरोच कहने वालों से जवाब मांगेगा देश का युवा : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने बेरोजगार युवाओं के लिए कॉकरोच जैसे शब्दों के इस्तेमाल को बेहद शर्मनाक और अपमानजनक बताया है। उन्होंने कहा कि जो युवा दिन-रात मेहनत कर नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सम्मान देने के बजाय अपमानित किया जा रहा है। कभी युवाओं को पकोड़े तलने की सलाह दी जाती है, तो कभी उन्हें अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया जाता है। लोकदल ने कहा कि देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। युवाओं को कॉकरोच कहने वाली मानसिकता के खिलाफ देशभर में गुस्सा है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से इस्तीफे और देश के युवाओं से सार्वजनिक माफी की मांग कर रहे हैं। लोकदल परिवार युवाओं के संघर्ष को सलाम करता है। ऐसे युवा ही देश की दिशा और दशा बदलेंगे।

# सेना में बढ़ी यूपी की देसी गायों के हाई प्रोटीन गो उत्पादों की डिमांड

## एनसीआर से लेकर चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई तक ऑनलाइन सप्लाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की देसी गायों के हाई प्रोटीन दूध और गो उत्पादों की भारतीय सेना में मांग बढ़ी है। प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर यह दूध सैनिकों की फिटनेस और पोषण जरूरतों के लिए उपयोगी माना जा रहा है। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश में तैयार हो रहे इन प्रीमियम गो उत्पादों की आपूर्ति अब एनसीआर के साथ चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई जैसे बड़े महानगरों तक ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है।

अमेजन जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में पहुंच रहे यूपी के देसी गाय के दूध ने राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि सीएम योगी के नेतृत्व में उन्नत स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

प्रयागराज के रहने वाले इंजीनियर एस एन द्विवेदी ने नोएडा में रोजगार के साथ गो संरक्षण और गो सेवा के जरिए आर्थिक समृद्धि के नए मॉडल का बड़ा उदाहरण दिया है। उनकी गोशाला की गिर, साहीवाल समेत अन्य देसी नस्लों की गायों के दूध में उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन और प्राकृतिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यही कारण है कि भारतीय सेना में इसके उपयोग को लेकर लगातार मांग बढ़ रही है। देसी गाय का दूध रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शरीर को ऊर्जा देने और मांसपेशियों को मजबूती देने में सहायक माना जाता है। आधुनिक तकनीक से प्रोसेस होने के कारण इसकी गुणवत्ता और शुद्धता को लेकर सेना और उपभोक्ताओं के बीच भरोसा बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में तैयार हो रहे गो उत्पाद अब देश के बड़े बाजारों तक पहुंच रहे हैं।

● प्रदेश में आइसलैंड और डेनमार्क की तकनीक से तैयार हो रहा प्रीमियम दूध

एनसीआर के अलावा चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई जैसे देश के बड़े महानगरों में इसकी ऑनलाइन आपूर्ति तेजी से बढ़ी है। हाई प्रोटीन और प्रीमियम क्वालिटी के कारण फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक लोगों के बीच इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। 165 रुपये प्रति लीटर तक बिक रहा यह दूध प्रदेश की गो आधारित अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रहा है।

उत्तर प्रदेश में पहली बार आइसलैंड और डेनमार्क की अत्याधुनिक डेयरी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए दूध उत्पादन और प्रोसेसिंग की वैज्ञानिक व्यवस्था विकसित की गई है। दूध को पूरी तरह स्वच्छ वातावरण में तैयार किया जाता है ताकि उसकी पौष्टिकता और गुणवत्ता बरकरार रहे। यही वजह है कि प्रदेश का यह मॉडल देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसे अपनी तरह का देश का पहला अभिनव प्रयोग माना जा रहा है। नोएडा में 200 देसी गायों की डेयरी संचालित कर रहे इंजीनियर एस एन द्विवेदी अब अलीगढ़ में 500 गायों की अत्याधुनिक गोशाला तैयार कर रहे हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन्हें गो सेवा और गो संरक्षण के कार्यों को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली। उन्होंने गो सेवा के जरिए रोजगार और आर्थिक समृद्धि का ऐसा मॉडल पेश किया है, जिसकी अब देशभर में चर्चा हो रही है। आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति को जोड़ते हुए उन्होंने यह साबित किया है कि गो संरक्षण गांवों की अर्थव्यवस्था बदलने का बड़ा माध्यम बन सकता है। प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण को लेकर किए जा रहे प्रयास अब जमीन पर बड़े बदलाव के रूप में दिखाई दे रहे हैं। गोशालाओं, आधुनिक डेयरी तकनीक और ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिए प्रदेश का देसी गाय आधारित मॉडल राष्ट्रीय पहचान बना चुका है। गो सेवा के जरिए जहां ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, वहीं भारतीय सेना तक पौष्टिक गो उत्पाद पहुंचाकर इसे राष्ट्रसेवा से भी जोड़ा जा रहा है। योगी सरकार के संरक्षण में गो आधारित अर्थव्यवस्था अब आत्मनिर्भर भारत की नई ताकत बनती दिखाई दे रही है।

## वकीलों के लिए अजय राय ने सीएम योगी को लिखा पत्र

**लखनऊ।** राजधानी के न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के चैम्बरों के ध्वस्तीकरण, अधिवक्ताओं पर बल प्रयोग तथा न्यायिक व्यवस्था पर उत्पन्न संकट को देखते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अधिवक्ता हितों को देखते हुए मांग की हैं। उन्होंने पत्र में लखनऊ जिला न्यायालय परिसर में ध्वस्त किए गए अधिवक्ताओं के चैम्बरों के संबंध में न्यायोचित एवं मानवीय समाधान सुनिश्चित किए जाने, प्रभावित अधिवक्ताओं को उसी परिसर अथवा समीपस्थ क्षेत्र में सम्मानजनक एवं सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाने, अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने तथा न्यायालय परिसरों में अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ता संरक्षण कानून लाने पर गंभीर विचार किए जाने की मांग की है।

संक्षेप

## संदिग्ध दशा में युवक की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के राजमतिपुर पूरे छत्ता दुबे गांव में उमाशंकर वर्मा के पुत्र अवधेश वर्मा 37 की गुरुवार शाम अचानक तबीयत खराब हो गयी। परिजन इलाज के लिए उसे सांगीपुर सीएचसी ले गये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में चिकित्सकों ने अवधेश को प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज मेडिकल कालेज में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर पहुंची तब कोहराम मच गया। इधर घटना को लेकर मृतक के चचेरे भाई समरजीत वर्मा पुत्र हीरालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गुरूवार की शाम अवधेश ने फोन पर गांव वालों को बुलावाया और बेचैनी होने की शिकायत की। तहरीर के मुताबिक मृतक ने प्रयागराज जाते समय रास्ते में अपने एक साथी से पत्नी के अवैध सम्बन्ध की बात बतायी और इस कारण से प्रताड़ना की भी बात कही थी। थानाध्यक्ष गौरव त्रिवेदी का कहना है कि चचेरे भाई की तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

## विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शनिवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आयेगी। वह पूर्वान्ह ग्यारह बजे रोहाड़ा में सड़क परियोजना का लोकार्पण करेंगी। इसके बाद यहां वह दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगी। अपरान्ह एक बजे विधायक आराधना मिश्रा मोना लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## मां ने चार साल की बेटी की गला घोंटकर हत्या की

जालौन। जिले के अकबरपुर गांव में एक महिला ने पति के साथ विवाद होने के बाद अपनी चार साल की बेटी की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि आटा थाना क्षेत्र के गांव में राजकुमार की पत्नी विनीता ने अपनी बेटी की कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी है। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, घर की घेराबंदी की और घर के अंदर से चार साल की बच्ची का शव बरामद किया। आरोपी महिला को भी हिरासत में ले लिया गया है। अधिकारी के मुताबिक पूछताछ के दौरान महिला ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि उसने पति से झगड़े के बाद अपनी बेटी की हत्या कर दी। एएसपी ने कहा कि आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया है और उसके खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि महिला को विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया गया। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# दो कारों की भिड़ंत में 3 की मौत

प्रयागराज। प्रयागराज में यमुना नगर के नैनी थाना क्षेत्र में लेप्रोसी चौराहे के पास शुक्रवार को दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विजय आनंद ने बताया कि लेप्रोसी चौराहे के पास एक कार रीवा की तरफ जा रही थी और दूसरी कार रीवा से शहर की ओर आ रही थी। शहर की तरफ आ रही कार के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे दोनों कारों की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि घायल लोगों को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।

मृतकों की पहचान दीपक चौरसिया (45), उनके बेटे दिव्यांशु (20) और मान चौरसिया (17) के रूप में हुई है। चौरसिया परिवार प्रयागराज के गंगा नगर में फाफामऊ का रहने वाला है और ये लोग रीवा की तरफ जा रहे थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत कार्यों की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## चोरी के मामले में वांछित महिला गिरफ्तार, जेवरात बरामद

**लोटन, सिद्धार्थनगर।** थाना लोटन पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात की शत-प्रतिशत बरामदगी की है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना लोटन पुलिस ने पूजा पत्नी विजय निवासी सिंगरहा को लोटन-सोहास मार्ग स्थित धंधरा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्ता थाना लोटन में दर्ज मुकदमा संख्या 42/2026 धारा 305अ, 331(4) बीएनएस में वांछित थी। पुलिस ने अभियुक्ता के पास से टप्स, मंगलसूत्र, झुमका, नाक की कील, ब्रेसलेट, पायजेब, अंगूठियां व जड़ीदार बिछुआ सहित चोरी गए आभूषण बरामद किए हैं। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक गोपाल यादव, राहुल गुप्ता, महिला आरक्षी पूजा वर्मा तथा आरक्षी राजेश यादव व सौरभ सिंह शामिल रहे।

## बांसी नगर पालिका सीमा विस्तार को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन, शीघ्र कार्रवाई की उठी मांग

**बांसी, सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका परिषद बांसी के सीमा विस्तार एवं परिसीमन की लंबित प्रक्रिया को जल्द पूरा कराने की मांग को लेकर आदर्श व्यापार मंडल बांसी ने जोरदार पहल की। मंडल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंडलायुक्त/विहित प्राधिकारी अधिकारी नगर निकाय तथा जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के नाम संबोधित ज्ञापन सांसद जगदंबिका पाल के विधानसभा प्रभारी प्रिंस शर्मा को व्यापार मंडल के कैम्प कार्यालय पर सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बांसी नगर क्षेत्र की लगातार बढ़ती जनसंख्या, तेजी से फैल रही व्यापारिक गतिविधियों तथा आसपास के गांवों के शहरीकरण को देखते हुए नगर पालिका परिषद का सीमा विस्तार अब अत्यंत आवश्यक हो गया है। व्यापार मंडल ने मांग की कि रेलवे स्टेशन, मालगोदाम और उससे सटे क्षेत्रों को नगर पालिका सीमा में शामिल कर नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जाए। व्यापार मंडल ने यह भी बताया कि भविष्य में पार्क, स्टेडियम, आवासीय एवं गैर-आवासीय शैक्षणिक संस्थानों सहित विभिन्न विकास योजनाओं के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि की आवश्यकता पड़ेगी, जिसके लिए सीमा विस्तार जरूरी है। ज्ञापन में पूर्व में किए गए प्रशासनिक कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि तत्कालीन जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी द्वारा सीमा विस्तार एवं परिसीमन को लेकर काफी कार्य पूरा कर लिया गया था। शामिल किए जाने वाले गांवों और क्षेत्रों का चिन्हांकन भी लगभग अंतिम चरण में था, लेकिन अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद प्रक्रिया धीमी पड़ गई, जिससे आमजन और व्यापारियों में निराशा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने कहा कि बांसी के समग्र विकास, बेहतर नागरिक सुविधाओं और सुव्यवस्थित शहरी विस्तार के लिए नगर पालिका सीमा विस्तार समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। प्रशासन को जनहित में इस लंबित प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करना चाहिए। इस अवसर पर आदर्श व्यापार मंडल के कार्य समिति सदस्य देवव्रत वर्मा, अरविन्द कुमार जायसवाल सहित व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे।

## दसवीं के टॉपर की राप्ती नदी में डूबने से मौत

गोरखपुर। जिले के झंगहा थानाक्षेत्र में राप्ती नदी में नहाते समय एक विद्यार्थी की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस विद्यार्थी की मां ने उसके दोस्तों पर शैक्षणिक सफलता से ईर्ष्या के चलते उसकी हत्या कर देने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक अंश मौर्य (16) आदित्य पब्लिक स्कूल में झारखंडी का छात्र था। उसने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 91प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया था। पुलिस के मुताबिक अंश बृहस्पतिवार दोपहर पांच दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। दोपहर करीब तीन बजे परिजनों को उसके डूबने की सूचना मिली। जब रिश्तेदार मौके पर पहुंचे तो वहां अंश के कपड़े और चप्पलें मिलीं, जबकि उसके दोस्त गायब थे। पुलिस और एसडीआरएफ ने बृहस्पतिवार रात तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन कम रोशनी के कारण अभियान रोकना पड़ा। शुक्रवार सुबह दोबारा तलाशी शुरू हुई। करीब छह घंटे बाद दोपहर एक बजे एसडीआरएफ ने अंश का शव बरामद किया। अंश की मां प्रतिमा मौर्य अपने दो बेटों के साथ रामनगर में अपने मायके में रहती हैं। उनके पति पंजाब में टाइल ठेकेदार हैं। प्रतिमा ने आरोप लगाया, मेरा बेटा टॉपर था और दोस्त उससे ईर्ष्या करते थे। उन्होंने उसे डुबो दिया।

## भगवान श्रीहरि ने पुरूषोत्तम मास में किया था हिरण्यकश्यप का वध



प्रतापगढ़। क्षेत्र के जगन्नाथपुर में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा में पुरूषोत्तम मास के महात्म्य का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। कथाव्यास दण्डी स्वामी आनंदाश्रम महराज ने बताया कि पुरूषोत्तम मास में गंगा स्नान, पूजन, अनुष्ठान, दान व तप करने से कई गुना अधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने कहा कि पुरूषोत्तम मास में ही भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध किया था। क्योंकि हिरण्यकश्यप द्वारा ब्रम्हा जी से प्राप्त वरदान के अनुसार वह निर्धारित बारह माह में किसी भी दिन समय नहीं मर सकता था। जब हिरण्यकश्यप के अत्याचार बढ़ गये और उसने यह कहना शुरू कर दिया कि विष्णु का कोई भक्त धरती पर नहीं रह सकता तब श्रीहरि विष्णु जी की माया से ही हिरण्यकश्यप के पुत्र विष्णु भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ और अपने भक्त प्रहलाद की जान बचाने के लिए भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध किया। कथाव्यास ने कहा कि भगवान शिव महादेव हैं उनकी आराधना से मनुष्य के सभी संताप समाप्त हो जाया करते हैं और मनुष्य के मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। भगवान शिव की निर्मल मन से की गयी उपासना सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। कथा के मुख्य यजमान कलावती देवी ने श्रद्धालुओं का स्वागत व यादवेन्द्र त्रिपाठी भोला ने आभार जताया। संचालन राघवेन्द्र त्रिपाठी ने किया। अधिवक्ता शिवेन्द्र त्रिपाठी, राधाकृष्ण त्रिपाठी ने प्रसाद वितरण कराया। इस मौके पर भूपेन्द्र तिवारी काजू, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, बृजेश सिंह चौहान, अवध नारायण तिवारी, रामफेर शुक्ल, पंकज पाण्डेय, भुल्लर वर्मा, राम सुफल मौर्य, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

## बिजली की रोजमर्रा कटौती से मची है त्राहि त्राहि, पनप रहा आक्रोश

प्रतापगढ़। भीषण गर्मी के बीच दिन व रात की पाली में बिजली की रोजमर्रा कटौती को लेकर ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में त्राहि त्राहि मची हुई है। लालगंज तहसील क्षेत्र में प्रमुख बाजारों के साथ गांवों मे इस समय लोकल फाल्ट व ट्रांसफार्मर फुंकने से विद्युत आपूर्ति बद से बदतर हो उठी है। नगरीय क्षेत्र की बाजार लालगंज तक में दिन व रात भारी कटौती से लोग हलाकान हो उठे हैं। यहां टाउन एरिया के मानक के अनुरूप विद्युत आपूर्ति के प्रबन्ध चरमरा उठे हैं। गर्मी के चलते लोग परेशान है। वहीं विद्युत आपूर्ति में दिन की कटौती से सरकारी कार्यालयों में कामकाज पर भी विपरीत असर देखा जा रहा है। बाजारों में इलेक्ट्रानिक कारोबारी को भी घाटे में बताया जा रहा है। पुरूषोत्तम माह होने के कारण बाबा घुइसरनाथ धाम समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी विद्युत कटौती से श्रद्धालु भी त्रस्त देखे जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रो में तार टूटने तथा लोकल फाल्ट व ट्रांसफार्मर फुंकने से कई दिनों तक घुप अंधेरा लोगों में आक्रोश का माहौल बना रहा है। उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी आदि ने विद्युत आपूर्ति में बदहाली को लेकर आक्रोश जताया है। वहीं अधिवक्ताओं तथा व्यापारियों के साथ आम लोगों में भी आपूर्ति व्यवस्था के लगभग ध्वस्त हो उठने से आक्रोश देखा जा रहा है।

# अवैध खनन पर प्रशासन सख्त

## 18 वाहन जब्त, छह लाख जुर्माना वसूला




श्रावस्ती। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के मार्गदर्शन में तीनों तहसीलों में प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील जमुनहा क्षेत्र के ग्राम हरदत्त नगर गिरंट में अवैध मिट्टी खनन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। मौके पर वाहन में मिट्टी लदी मिली, जिसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना हरदत्त नगर गिरंट में पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मई 2026 में अब तक अवैध खनन के खिलाफ कुल 18 वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें तहसील भिनगा के 9, इकौना के 3 तथा जमुनहा के 6 वाहन शामिल हैं। संबंधित वाहन स्वामियों पर कुल 9 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया, जिसमें से अब तक 6 लाख रुपये की वसूली भी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जनपद में अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित की गई है। तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी पुलिस को इसमें शामिल किया गया है। टास्क फोर्स लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।

# डीएम ने छात्रा को दिलाया मोबाइल

## अब बिना रुकावट जारी रहेगी ऑनलाइन पढ़ाई



**सिद्धार्थनगर।** हक की बात कार्यक्रम में एक छात्रा की समस्या सुनकर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने ऐसा संवेदनशील कदम उठाया, जिसने मिशन शक्ति अभियान को नई सार्थकता प्रदान की है। मोबाइल फोन के अभाव में ऑनलाइन कक्षाओं से वंचित हो रही छात्रा की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल सहायता उपलब्ध कराई।

दरअसल, मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम ह्लहक की बातह्व के दौरान बांसी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा-09 की छात्रा काजल ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रखी थी।

छात्रा ने बताया कि उसके पास मोबाइल फोन नहीं है, जिसके कारण वह गर्मी की छुट्टियों में संचालित ऑनलाइन कक्षाओं का लाभ नहीं उठा पा रही है और उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रा की बात सुनते ही जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व अभियान के अंतर्गत छात्रा को मोबाइल फोन उपलब्ध कराया। इतना ही नहीं, एक वर्ष के लिए इंटरनेट सुविधा की व्यवस्था भी कराई गई, ताकि उसकी पढ़ाई किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी छात्र-छात्रा की आर्थिक या तकनीकी समस्या उसकी शिक्षा में रुकावट नहीं बनने दी जाएगी।

उन्होंने छात्रा को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने सपनों को साकार करने और उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विनय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एनसीसी प्रशिक्षण से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति जागृत हुई




श्रावस्ती बलरामपुर। राष्ट्रीय कैडेट कोर के तत्वावधान में जवाहर नवोदय विद्यालय बलरामपुर में आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के दौरान कर्नल अरविंद कुमार सिंह पटवाल ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं में चरित्र, अनुशासन, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस तथा निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना है। इसका लक्ष्य ऐसा अनुशासित एवं प्रेरित मानव संसाधन तैयार करना है, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सके तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेटों में नेतृत्व क्षमता, ईमानदारी, उत्कृष्ट चरित्र तथा आत्मविश्वास का विकास किया जाता है। युवाओं को नियमों का पालन करने वाला जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ उनमें दल भावना, पारस्परिक सहयोग तथा साहसिक दृष्टिकोण विकसित किया जाता है। एनसीसी समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना उत्पन्न कर समाज कल्याण के कार्यों के लिए भी प्रेरित करती है। कर्नल पटवाल ने बताया कि एनसीसी प्रशिक्षण युवाओं को प्रारंभिक सैन्य शिक्षा प्रदान कर भारतीय थल सेना, नौसेना तथा वायु सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करता है। यह युवाओं को राष्ट्र रक्षा के प्रति जागरूक बनाते हुए रक्षा सेवाओं सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में कुशल नेतृत्व प्रदान करने योग्य बनाता है। इस अवसर पर एनओ उदयभान पांडे, वंदना पांडे सहित अनेक कैडेट उपस्थित रहे।

# लालगंज व उदयपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से मचा हड़कंप



प्रतापगढ़। एक ही रात में लालगंज कोतवाली क्षेत्र में हुई दो घरों तथा उदयपुर थाना क्षेत्र के एक घर में चोरी की घटना से हडकंप मच गया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे वाचन लकुरी में बीती गुरूवार की रात अज्ञात बदमाशो ने दो घरो मे हाथ साफ कर लाखों के जेवरात उडा लिये। गांव के कालिका प्रसाद पाण्डेय उर्फ छोटे तथा राजेन्द्र पाण्डेय उर्फ राजू के घर चोर छत के रास्ते पहुंच गये। शुक्रवार की सुबह परिजनों की आंख खुली तब घर में चोरी का नजारा देख आवाक रह गये। पीड़ितों ने घटना को लेकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी हुई है, जांच कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

इधर उदयपुर थाना क्षेत्र के सरैंया दर्रा गांव में भी गुरूवार की रात चोरी की घटना घटित हुई। गांव के जंगली सरोज की पत्नी लीलावती ने दी गई तहरीर में कहा है कि घटना की रात चोर बाहर का ताला तोडकर अंदर घुसे। पीड़िता के मुताबिक चोरों ने दो पेटी तथा बाक्स के ताले तोडकर दस हजार नकदी व कीमती जेवरात व बर्तन पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता लीलावती घटना को लेकर बदहवाश दिखी। उसने बताया कि अगले बीस नवंबर को उसके घर में बेटी की शादी तय हुई है। उसने बेटी की शादी के लिए जेवर व कपड़े तथा बर्तन इकटठा किया था। उदयपुर पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# रेडक्रास सोसाइटी ने बांटी राहत किट



श्रावस्ती। जिलाधिकारी एवं इंडियन रेडक्रास सोसायटी की अध्यक्ष अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर रेडक्रास टीम ने भीषण गर्मी से बचाव के लिए सुरक्षाकर्मियों को ओआरएस और दवाइयों की किट वितरित की। यह अभियान रेडक्रास उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा० के०के० वर्मा तथा सचिव अरूण कुमार मिश्र के नेतृत्व में चलाया गया। जनपद के विभिन्न चौराहों, न्यायालय और अन्य स्थानों पर ड्यूटी कर रहे पुलिस, पीएसी, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को निःशुल्क ओआरएस पैकेट और प्राथमिक उपचार की दवाइयां दी गईं। डा० के०के० वर्मा ने जवानों को बताया कि एक ओआरएस पैकेट को एक लीटर पानी में घोलकर समय-समय पर पीना चाहिए, जिससे शरीर में इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बना रहे। अरूण कुमार मिश्र ने बताया कि दोपहर 12 से 3 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है, लेकिन सुरक्षा कर्मियों को ड्यूटी करनी पड़ती है। इसी कारण उन्हें गर्मी से बचाव के लिए यह किट उपलब्ध कराई गई। इस दौरान डा० अश्वनी मिश्रा, शिव प्रकाश यादव सहित अन्य वालेंटियर मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने सुनी फरियादियों की समस्याएं




सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान फरियादियों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, मारपीट तथा अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त शिकायतों में 03 भूमि विवाद, 01 मारपीट तथा 08 अन्य मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र थे। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को त्वरित न्याय मिल सके।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए बांटे बरगद के पौधे



**कटरा श्रावस्ती।** बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती स्थित महामांकोल छाए धम्मा देवोटेड लैंड वर्ल्ड पीसफुल फाउंडेशन श्रावस्ती की महा उपाशिका डॉक्टर सिंधीपाल ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 52वीं वाहिनी बलरामपुर को 111 बरगद के पौधे बनयन ट्री सप्रेम भेंट किए। पौधों को डिप्टी कमांडेंट अजीत कुमार ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर महा उपाशिका डॉक्टर सिंधीपाल ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने तथा मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। साथ ही यह मिट्टी के कटाव को रोकते हैं तथा शहरों और घरों का तापमान कम कर बिजली की खपत घटाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ वायु गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और प्रदूषण कम करने में मददगार हैं।

डिप्टी कमांडेंट अजीत कुमार ने कहा कि वृक्ष अपनी छाया और वाष्पोत्सर्जन प्रक्रिया से वातावरण को ठंडा बनाए रखते हैं, जिससे इमारतों में वातानुकूलन उपकरणों की आवश्यकता कम होती है। उन्होंने बताया कि पेड़ों की जड़ें मिट्टी को मजबूती से बांधकर रखती हैं, जिससे बाढ़ और वर्षा के दौरान होने वाला भू-क्षरण रुकता है। पेड़ वर्षा लाने में सहायक होते हैं तथा भूमिगत जल स्तर बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाली के बीच समय बिताने से तनाव और रक्तचाप कम होता है तथा लोगों का समग्र स्वास्थ्य बेहतर होता है। कार्यक्रम के दौरान विनोद कुमार मिश्रा सहित अन्य उपाशिकाएं भी उपस्थित रहीं।


# गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें सरकार : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

प्रतापगढ़। बदरिका आश्रम ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शुक्रवार को गविष्ठि यात्रा लेकर प्रतापगढ़ पहुंचे। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र की जनपद सीमा जहानाबाद के समीप श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, सुरेन्द्र तिवारी, राकेश सिंह आदि श्रद्धालुओं के साथ शंकराचार्य की आगवानी की। इसके बाद जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली उमरपुर भटनी के चुर्री चौराहा पर स्वामी करपात्री जी की प्रतिमा पर शंख ध्वनि व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माल्यार्पण किया। चौराहे के समीप स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित धर्म सभा में



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती न ने गाय को राष्ट्र माता घोषित किये जाने के सनातन आकांक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को वरदान स्वरूप गाय की पूजा के लिए प्रेरणा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाय की पूजा कामधेनु के रूप में जीवन को स्वर्ग का सुख प्रदान करती है। राजा अगर गलत मार्ग पर हो तब संत-महात्माओं को धर्म में निहित कर्तव्यों का सत्ता से निडर होकर निर्वहन करना चाहिए। धर्म की सदैव जीत होती रही है। जगदगुरू शंकराचार्य जी ने सवाल उछाला कि जहां गाय कटे ,वह कैसा हिन्दू राज्य। उन्होंने कहा कि अंग्रेज गाय को काट कर उसके मांस का सेवन किया करते थे। दुखद यह है कि अंग्रेज चले गये पर हम गाय के मांस को पैक कर विदेश भिजवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी ने गोरक्षा आंदोलन शुरू किया। करपात्री जी की प्रेरणा से आज देश भर में वह गविष्ठि यात्रा के जरिए गाय की पूजा और उसकी सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश में गोआश्रय केंद्र बदहाल हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए नौ साल पहले ही गाय को राज्य माता घोषित कर देना चाहिए था।

## जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन सतर्क



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन विकास खंड नौगढ़ के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर-14 में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत चल रहे मकान गणना कार्य का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वे गणना कार्य की प्रगति, प्रपत्रों के संधारण, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा करेंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता, सावधानी एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए, ताकि आंकड़ों की शुद्धता बनी रहे। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश एवं प्रदेश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, जिसके आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार की जाती हैं। इस अवसर पर गौरव श्रीवास्तव, राहुल सिंह, विजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मंदिर की मरम्मत में आगे आयें समाजसेवी, खर्च उठाने की घोषणा

पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के डौड़िया खेड़ा में गंगा तट पर स्थित प्राचीन काल से धार्मिक आस्था का प्रतीक मन कामेश्वर मंदिर कई वर्षों से क्षति ग्रस्त है, क्षेत्रीय लोगों की बड़े लम्बे समय मंदिर बचाओ मुहिम शुरू की गयी थी, जिसके क्रम में मंदिर निर्माण समिति ने क्षेत्रीय आस्थावान नागरिकों की एक बैठक बुलायी गयी जिसके क्रम में जनपद के सबसे चर्चित समाजसेवी जिनकी सेवा भावना से पूरे देश का ध्यान आकर्षित हुवा ऐसे महादानी नेकदिल इंसान राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह जी पहुँचे उन्होंने मंदिर निर्माण समिति के लोगों से मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर किये जाने वाले सहयोग की घोषणा की जिसमे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से 500 बोरी सीमेंट का सहयोग होगा,उसके बाद भी अगर कोई कमी आये तो बिना संकोच के सूचित करें हमें जो भी सामग्री संसाधनों की कमी होगी सम्पूर्ण खर्च पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह उठायेंगे इस घोषणा को सुनते ही क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने ताली बजाकर बाबा कामेश्वर की जय जयकार के नारे लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री स्वामी जी,प्रकाश पाण्डेय,इकबाल सिंह प्रधान, मानवेन्द्र सिंह,कौशल पाण्डेय,आदि लोग उपस्थित रहे।

## घर में आग लगाने पर थाने में शिकायत

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भैरमपुर निवासी गंगाराम पुत्र सुर्जबली ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की और बताया कि गत दिवस गांव के हरी शंकर पुत्र नाथू ने मेरे घर में आग लगा दी जिसमें ईंधन की लकड़ी सहित अन्य सामान जल कर नष्ट हो गया, जिससे पीड़िता का हजारों रुपए का नुकसान हो गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है जांच करा कर न्यायिक कार्यवाही की जाएगी।

## दो पक्षों ने चटकायीं लाठियां, कई घायल

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा न० 1 में किराये का कमरा लेकर परिवार के साथ रह रहे दो पक्षो में पुरानी रंजिस को लेकर जम कर लाठी डंडे चले। जिसमें दोनो पक्षो के कई लोग घायल हो गये। दोनो पक्षो के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस बलबा सहित सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर बिधिक कार्यवाही कर रही है। प्रथम पक्ष की सबिता देबी पत्नी दामोदर साहनी तथा दूसरे पक्ष की तरफ से राजा साहनी पुत्र स्व० परसन साहनी निवासी बगहा तेलिया टोला रतन माला थाना बगहा पश्चिमी चम्पारण विहार ने भी तहरीर दिया है।

## मंदिर में बैठ कर शराब पी रहे लोगो को मना करने पर मारपीट कर किया घायल

सरहरी , गोरखपुर। चिलुआताल थाना अर्न्तगत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा कलानी उर्फ बढ़नी के सम्मय माता मंदिर में बैठ कर शराब पीने से मना करने पर मनबढ़ो ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। मजनू चौकी क्षेत्र के कलानी उर्फ बढ़नी निवासी जीतेन्द्र निषाद पुत्र स्व० रामदवन निषाद ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि 20 मई को रात्रि लगभग नौ बजे मै घर से खाना खा कर टहलते हुये सम्मय माता मंदिर पर चला गया। तो देखा कि हमारे गाँव के ही बाले व सत्यपाल मन्दिर पर बैठ कर शराब पी रहे थे। जब मैने मंदिर में शराब पीने का बिरोध किया तो दोनो लोग गाली देने लगे जब गाली देने से मना किया तो मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र मु. मुस्तकीम का चाल चलन ठीक नहीं है और वह मेरे मकान व दुकान पर कब्जा करना चाहता है। जिससे परेशान होकर उसे और उसकी पत्नी व बच्चों को दिनांक 15.05.2026 को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति, मकानो व दुकान से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, क्रय-विक्रय की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **हाजी अब्दुल सलीम पुत्र हाजी अब्दुल रऊफ नि.- 42, चौखर कुंआ, थाना कोतवाली शहर इटावा।**

# नव निर्मित सड़कों का लोकार्पण



सरहरी, गोरखपुर। पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए विकास खण्ड चरगावां की विभिन्न ग्रामसभाओं में लगभग 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित सी सी सड़कों का लोकार्पण आज पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह द्वारा किया गया। विधायक पिपराइच द्वारा सड़को के लोकार्पण के क्रम में ग्रामसभा सियारामपुर टोला नन्दापार में राधेश्याम गुप्ता के घर से ईद्रेश गुप्ता के घर तक 254 मीटर लंबी सीसी सड़क का लोकार्पण किया गया, जिसकी लागत लगभग 12.53 लाख रुपये है। वहीं ग्रामसभा ठाकुरपुर नंबर 1 टोला केसरिया में गणेश के घर से जयहिंद के खेत तक 200 मीटर लंबी सीसी सड़क का लोकार्पण किया गया। जिसकी लागत 9.79 लाख रुपये बताई गई है इसके साथ ही ग्रामसभा ठाकुरपुर नंबर 2 में पक्की सड़क से दिनेश जायसवाल के घर तक 200 मीटर लंबी सीसी सड़क, जिसकी लागत 10.679 लाख रुपये है, का भी लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास एवं बेहतर सड़क सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें गांवों की प्रगति का आधार होती हैं और इससे आमजन को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनरेश निषाद, अरविन्द सिंह, संजय सिंह, हरगोविंद सिंह, दयाशंकर मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एआईएमआईएम ने डीएम को ज्ञापन सौंपा

इटावा। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ईद-उल-अजहा बकरीद पर्व के मद्देनजर जनहित से जुड़ा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शहर एवं जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 20 दिनों से गंदे पानी की आपूर्ति, खराब सफाई व्यवस्था, नालियों की समस्या, जलभराव, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं एवं शांति-सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग उठाई गई। एआईएमआई प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की कि ईदगाहों, मस्जिदों एवं प्रमुख मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए तथा त्योहार के दौरान आमजन को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी ने कहा कि त्योहारों पर जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है और जनहित के मुद्दों पर पार्टी लगातार आवाज उठाती रहेगी। इस अवसर पर मोहम्मद सलमान सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष, ऐजाज खान आदि मौजूद रहे।

# गोरखपुर के रिशांग को विदेश में एमबीबीएस का मौका, 82 प्रतिशत स्कॉलरशिप हासिल



चरगांवा, गोरखपुर। जिले के पादरी बाजार क्षेत्र स्थित मानस विहार कॉलोनी के छात्र रिशांग श्रीवास्तव ने मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें यूके, रूस, चीन, जॉर्जिया, उजबेकिस्तान, कजाकिस्तान, नेपाल और किर्गिस्तान के मेडिकल विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर मिला है। खास बात यह है कि उन्हें फीस में 82 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप भी प्राप्त हुई है। गुरुवार देर रात परिणाम घोषित होने के बाद परिवार में खुशी का माहौल छा गया। माता-पिता ने बेटे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। रिशांग ने ऑल इंडिया स्तर पर 1027वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। परीक्षा का आयोजन एकेड फ्लाई एजेंसी द्वारा 4 मई को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा हुई थी, जिसमें छात्रों को 60 मिनट में 60 प्रश्न हल करने थे। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच रिशांग ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की। रिशांग श्रीवास्तव के पिता बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में सीनियर एक्स-रे टेक्नीशियन के पद पर तैनात हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। बेटे की सफलता से परिवार के साथ ही क्षेत्र के लोगों में भी खुशी का माहौल है। अपनी सफलता पर रिशांग ने कहा कि यह उपलब्धि माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग और निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# सपा ने डीजल, पेट्रोल में हुई बढ़ी हुई वृद्धि के विरोध में ज्ञापन सौंपा



इटावा। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियो एवं कार्यकताओं के द्वारा भाजपा सरकार द्वारा डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि एवं बिजली की अप्रत्याशित कटौती के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार का सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास का नारा खोखला साबित हो गया है, भाजपा सरकार द्वारा जनता को गुमराह किया जाता है, एवं सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल रसोई गैस की दरों में बेतहाशा वृद्धि कर जनता की कमर तोडने का काम किया जा रहा है, पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस की कीमतें बढ़ने से आम जनता प्रभावित हुई है। विधायक राघवेंद्र गौतम ने कहा कि पैपर लीक से लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है, महंगाई की मार से जनता त्रस्त है। ज्ञापन देने वालों में जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, प्रदेश सचिव गोपाल यादव, केपी शाक्य, सर्वेश शाक्य, सांसद प्रतिनिधि हाजी शमीम अहमद, प्रभारी उदयभान सिंह, लाखन सिंह जाटव, राजीव यादव, यादव, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता सन्टू, आशीष राजपूत, रवींद्र शुक्ला, उत्तम सिंह प्रजापति, विद्याराम यादव, अनवार हुसैन, जिलाध्यक्ष छात्रसभा रवि यादव विधायक, संतोष राजपूत जेई, जन्मेद भोजवाल भुर्जी, राकेश यादव, राजपाल यादव, किशन यादव, नरेंद्र पाल, आदित्य गोविंद यादव, राजीव चंदेल, उमेश राजपूत डुल्ले, जय सिंह चैहान, रामनरेश यादव, मीरा गुप्ता, आशीष दीक्षित, विश्राम सिंह यादव, रविंद्र सिंह यादव, रामवीर सिंह यादव, अभिषेक राजपूत शेखर, नितिन यादव, शिवम पाल, साजिद अली अशरफी, राशिद सिद्दीकी, जैनुल आब्दीन, अनीश चैधरी, मिक्की त्रिपाठी, मुस्तकीम राईन मौजूद रहे।

## मंत्री ने शास्त्री चौराहे पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया



इटावा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, होम गार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने शास्त्री चैराहे पर श्रमिकों के लिए प्याऊ का उद्घाटन किया गया। शास्त्री चैराहे पर लगने वाले श्रमिक बाजार में नगर पालिका परिषद द्वारा श्रमिकों के लिए निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर मंत्री ने श्रमिकों की समस्याओं को सुना तथा उन्हें पानी पिलाया। मंत्री ने कहा कि भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए श्रमिकों को पूरी गर्मी में पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रमिकों के लिए स्थायी बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान मंत्री द्वारा श्रमिकों को अपने हाथों से मिठाई खिलाई गई तथा स्थल पर पेयजल हेतु मटकों की भी व्यवस्था कराई गई। मंत्री द्वारा मनियामऊ पंचायत भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मनियामऊ में 4 आंगनवाड़ी केंद्र एवं 3 प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के बैनर पंचायत भवन पर लगाए जाएं, जिससे आमजन योजनाओं के प्रति जागरूक होकर उनका लाभ प्राप्त कर सकें।

## दो अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। थाना पुलिस ने ग्राम बिश्नामई के पास वाहन चैकिंग के दौरान शुक्रवार की सुबह दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों को रोका तो पुलिस पर तमंचों से फायर करके भागने लगे। पुलिस ने लुधियानी चैराहे पर पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो लोगों से पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। एक अभियुक्त के दोनों पैरों में व दूसरे अभियुक्त भी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्तों द्वारा बकेवर क्षेत्र के विधाविहार कालौनी व बिजौली में चोरी की घटनाओं के करने की बात पुलिस से स्वीकार की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार के पर्यवेक्षण व एसपी ग्रामीण श्रीश चन्द्र के मार्गदर्शन व सीओ भर्थना रामदबन मौर्य के नेतृत्व में शुक्रवार की सुबह थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक के द्वारा नगला बरी बिश्नामई ई तिराहे पर वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार व्यक्ति ग्राम बिजौली की ओर से आते दिखे तो पुलिस टीम ने उनको रोका तो उन्होंने पुलिस टीम पर पर जान से मारने की नियत से फायर करके ग्राम सैदपुर की ओर भागने लगे तभी थाना बकेवर पुलिस द्वारा उन्हें मुठभेड़ के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# प्रावि तिलौली के बच्चों ने सीखे ताईक्वांडो पंच एवं रचनात्मक जीवन कौशल



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के सरदारनगर विकास खंड सरदार नगर प्राथमिक विद्यालय तिलौली में चल रहे 16वें निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर के तीसरे दिन बच्चों ने उत्साहपूर्वक विविध गतिविधियों में सहभागिता किया। दिन की शुरूआत योगासन से हुआ। जिसमें बच्चों ने शारीरिक एवं

मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अभ्यास किए। इसके पश्चात बच्चों ने ताईक्वांडो के पंच सीखकर आत्मरक्षा एवं अनुशासन से जुड़ी तकनीकों का अभ्यास किया।शिविर में बच्चों ने नृत्य गतिविधि में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।रचनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत बच्चों ने पेपर कोलाज तैयार किया तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि के तहत आकर्षक वाल हैंगिंग बनाई।विशेष आकर्षण के रूप में बच्चों ने अपनी स्वयं की जर्नलिंग डायरी तैयार किया ।जिसमें उन्होंने डायरी की बाइंडिंग करना, आकर्षक कवर डिजाइन करना एवं उसे सजाना भी सीखा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अल्पा निगम ने बताया कि शिविर में आयोजित गतिविधियाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप बच्चों में 21वीं सदी के कौशल जैसे रचनात्मक चिंतन सहयोगात्मक अधिगम संवाद कौशल समस्या समाधान क्षमता एवं आत्मविश्वास विकसित करने पर केंद्रित हैं।

## गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों को मिलेगा जल



मौरावां (वीओएल)। आदर्श नगर पंचायत ने भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की है। नगर पंचायत द्वारा हाल ही में विभिन्न स्थानों पर पानी के नांद रखवाए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य गर्मी में प्यासे जानवरों को पानी उपलब्ध कराना है। नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ की पहल पर यह कार्य किया गया है। क्षेत्र में पड़ रही अत्यधिक गर्मी के कारण जल स्रोत सूख गए हैं, जिससे पशु-पक्षियों और बंदरों को पानी पीने में कठिनाई हो रही थी। ये नांद पिंटू सिंह के घर के पास चैधरी टोला, मंसू सिंह की दुकान के पास पटकी टोला, सुंदरम पांडे की दुकान के सामने और सरवन के घर के सामने सहित कई स्थानों पर रखवाए गए हैं। नगर पंचायत क्षेत्र में सैकड़ों नांद स्थापित किए गए हैं। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की है और नगर अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है। कुंवर विवेक सेठ ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों की छतों पर भी पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें, ताकि वे भी इस पुण्य कार्य में भागीदार बन सकें। नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने बताया कि इन नांदों को रखवाने का मूल उद्देश्य भीषण गर्मी में बेजुबान जानवरों, पशुओं और पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आवश्यकतानुसार जल्द ही और नांद रखवाए जाएंगे।

## अलग अलग घटनाओं में कई लोग घायल

सफीपुर, उन्नाव। कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार बृद्ध घायल हो गया।राहगीरो ने घायल को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने उसकी गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली के नैनीखेड़ा गांव निवासी रामआसरे (60) शुक्रवार को हंसाखेड़ा गांव रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। आसीवन थाना क्षेत्र सलेमपुर गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास समीप अज्ञात कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार रामासरे गंभीर घायल हो गया।उसे सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के पहली खेड़ा गांव में पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों पक्षों के 7 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के रूपशंकर पुत्र स्वर्गीय मेडी लाल निवासी पहली खेड़ा मजरे जटपुरवा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव पड़ोसी गांव कुसैला निवासी जमील पर खाद, जुताई और बाग की दवा के करीब 48 हजार रुपये बकाया थे। कई बार पैसे मांगने से नाराज होकर आरोपितों ने उसके पुत्र प्रदीप पर हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब प्रदीप ट्रैक्टर से गोबर की खाद लेकर खेत जा रहा था। आरोप है कि सुरेश शुक्ला के बाग के पास जमील, मेराज, रियाज, फिरोज, शरीफ और कुछ अज्ञात लोगों ने प्रदीप को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे रूपशंकर, सुखवीर और कुलदीप के साथ भी मारपीट की गई। बेहोशी की हालत में प्रदीप को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं दूसरे पक्ष के जलील पुत्र जमील अहमद निवासी कुसेला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पैसों के विवाद को लेकर कुलदीप, प्रदीप, प्रेम और राजू उसके बाग में पहुंचे और उसके पिता जमील अहमद के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। सूचना पर पहुंचे जलील, शकील और शरीफ को भी लाठी-डंडों से पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल : बृजेश गौतम

- मृतक शिक्षामित्र के परिजनों से मिले सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक, सौंपा दो लाख रुपये का सहायता चेक

गगहा,गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर सपा जिलाध्यक्ष गोरखपुर बृजेश कुमार गौतम तथा पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह गगहा क्षेत्र के रियाँव गांव पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक शिक्षामित्र स्व. रमेंद्र शाही के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने मृतक की पत्नी जामवंती शाही को दो लाख रुपये का सहायता चेक प्रदान किया। सहायता राशि प्रदान करते हुए जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम ने कहा कि यह जिम्मेदारी सरकार और सत्ता पक्ष की होनी चाहिए थी, लेकिन सरकार पीड़ित परिवारों की सुध लेने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा दुख की घड़ी में जनता के साथ खड़ी रही है और पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर ही यह आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। बताया गया कि स्व. रमेंद्र शाही गांव में शिक्षामित्र के रूप में कार्यरत थे तथा बी.एल.ओ. की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। एसआईआर कार्य के दौरान 25



जनवरी की रात लगभग आठ बजे उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें इलाज के लिए गोरखपुर स्थित अस्पताल ले गए, जहां करीब नौ दिनों तक उपचार चला। उपचार के दौरान 5 फरवरी 2026 को उनका निधन हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। बड़ी पुत्री अर्पिता शाही तथा दूसरी पुत्री हर्षिता शाही एनपीजी कॉलेज बड़हलगंज में बीएससी की पढ़ाई कर रही हैं, जबकि पुत्र रुद्र प्रताप शाही हाईस्कूल का छात्र है।

मृतक की पत्नी जामवंती शाही ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिलाधिकारी गोरखपुर एवं उपजिलाधिकारी बांसगांव को प्रार्थना पत्र देकर आर्थिक सहायता तथा नौकरी की मांग की थी, लेकिन अब तक विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और न ही किसी प्रकार की सहायता या सांत्वना प्रदान की गई। प्रेस वार्ता के दौरान सपा जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। विकास के नाम पर जनता को केवल भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और वर्ष 2027 के चुनाव में इसका जवाब देगी।

# सीएचसी का औचक निरीक्षण

## दिखा कमियों का अंबार



असोहा,(वीओएल)। अपर निदेशक स्वास्थ्य के निर्देश पर मंडलीय सर्विस अधिकारी डाक्टर उमेश सचान शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे निरीक्षण करने असोहा सीएचसी पहुंचे। उमेश सचान ने सीएचसी का निरीक्षण किया।उन्होंने प्रसव कक्ष में भर्ती प्रसूताओं निर्मला व राजकुमारी से जानकारी ली।प्रसूताओं ने बताया कि वह एक दिन पहले गुरुवार रात को प्रसव पीड़ा होने पर आई थी।जिसपर मंडलीय सर्विस अधिकारी ने खाना मिलने की बात पूछी।उक्त प्रसूताओं ने खाना न मिलने तथा सुबह नास्ता नही मिलने की जानकारी दी।जिसपर उन्होंने ने भारी नाराजगी जताई। मौके पर मौजूद स्टॉप नर्स ममता से उन्होंने कहा कि आप के कोई अभिलेख सही नही है आप मेरे साथ हो और मरीज को पहले से ही डिस्चार्ज कर दिया ,स्टाफ होने के बाद भी इतनी लापरवाही की अभिलेख तक नही दुरस्त है।इसके बाद वह उपस्थिति रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों को देखा।उपस्थिति रजिस्टर में लगभग आधा दर्जन स्टाप के उपस्थित न होने पर अधीक्षक वीपी सिंह से जानकारी की।लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।जिसपर जांच अधिकारी ने अपनी डायरी में नामों को नोट किया है। जांच अधिकारी को जांच के दौरान सीएचसी में बने शौचालय में भारी गंदगी मिली। जबकि दवा कक्ष में फ्रीजर न चलने की जानकारी लेने पर फार्मासिस्ट द्वारा इनवर्टर न होने व लाइट आने पर फ्रीजर चलने की जानकारी दी गई ,इस पर उन्होंने कहा कि इसतरह की व्यवस्था में जरूरी दवाएं खराब होजाएँगी इसका कौन जिम्मेदार होगा।इमरजेंसी कक्ष में रखा आक्सीजन सिलेंडर 2025 का मिला।जबकि ऑक्सीजन मशीन भी बंद पड़ी मिली तथा माश्क भी निस्प्रयोज मिला।पैथॉलजी कक्ष पहुंचने पर स्वयं की हीमोग्लोबिन व सुगर की जांच कही तो हिमोग्लोबिन जांच के लिए पेपर उपलब्ध न होने व सुगर जांच के लिए स्ट्रिप की कमी होने की बात सामने आई। सीएचसी में भारी अव्यवस्थाओं के मिलने पर जांच अधिकारी ने भारी नाराजगी जताई है। मंडलीय सर्विस अधिकारी डाक्टर उमेश सचान ने बताया कि अपर निदेशक स्वास्थ्य के निर्देश पर जांच की गई है।सीएचसी में भारी अनियमितता पाई गई है, सुबह मैं आठ बजे आ गया था आधे से ज्यादा स्टाफ मेरे सामने आया, वही प्रभरी चिकित्सा अधिकारी वी पी सिंह स्वयं सवा नव बजे आये है। उन्होंने कहा रिपोर्ट शासन को दी जाएगी।

# बसों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत

## हादसे में छीनी साफ्टवेयर इंजीनियर व कपड़ा कारोबारी की जिंदगी

इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज पक्काबाग के पास सुबह करीब 4.10 बजे हुआ। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। हादसे में दो परिवारों की खुशिया हमेशा के लिए छीन ली। हादसे में एक निजी कपंनी में कार्यरत साफ्टवेयर इंजीनियर व कपडा व्यापारी की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार आगरा से कानपुर की ओर जा रही बस आगे चल रहे डंपर से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस डंपर के आगे फंसकर खड़ी हो गई। बस में 40 यात्री सवार थे। इसी दौरान बस से धुआं निकलने लगा, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई और लोग जान बचाने के लिए बस से उतरने लगे। यात्री अभी सड़क पर उतर ही रहे थे कि पीछे से



तेज रफ्तार में आ रही स्लीपर बस ने खड़ी बस में जोरदार टक्कर मार दी। दूसरी टक्कर से कई यात्री बस के नीचे दब गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में कानपुर नगर के रावतपुर थाना क्षेत्र के गणेश नगर निवासी सोहनलाल गौतम पुत्र कालू गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नोएडा के सेक्टर-93 स्थित एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट निवासी विवेक मिश्रा पुत्र परमात्मा शरण मिश्रा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके अलावा कानपुर नगर के बर्रा बाईपास निवासी शुभम पुत्र नरेश के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। क्षतिग्रस्त बसों को हटवाकर यातायात को सुचारु करा दिया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-F1-LKO-GAYA-26-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.06.2026 at 11:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12231-SLR-F1-LKO-CDG-26-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.06.2026 at 11:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **19402-SLR-F1-LKO-SBIB-26-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.06.2026 at 11:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F2-LKO-GAYA-26-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.06.2026 at 12:00 hrs. |

**Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders :** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1734/2026

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **15.06.2026 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00482026 दिनांक 22.05.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 04-Sr-DEN-C-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में नॉन इंटरलॉक्ड समपारों पर गेट सिग्नलिंग के लिए रिले हट के प्रावधान का कार्य (टीवीयू 10,000 और 20,000 के बीच)। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 6,64,85,669.49 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 13,29,700.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से **बारह** माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.06.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.06.2026, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1729/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना नीमगांव पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश सेठ पुत्र बुद्धा निवासी बीबीपुर थाना सिधौली, जनपद सीतापुर को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 22 मई की रात वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक गोली सेठ के पैर में लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया, पुलिस के अनुसार अभियुक्त पर हरदोई, सीतापुर और खीरी जिलों में चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## बाजार गई युवती पर युवक ने किया हमला , गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। मां के साथ बाजार गई युवती पर चाकू से वार कर मौत के घाट उतारने की कोशिश करने वाले आरोपी को थाना खीरी पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार कर लिया।बुधवार की देर शाम नकहा चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती अपनी मां के साथ नकहा बाजार आई थी। उसी समय पहले से घात लगाए एक युवक ने ताबड़तोड़ चाकू से युवती पर वार कर युवती को मौत के घाट उतारने की कोशिश की। थाना खीरी में 109 बी एन एस (307आईपीसी) में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई थी। अभियुक्त ज्ञानू यादव गैर जनपद भागने की फिराक में अमृतांगज नहर पटरी के पास खड़ा था तभी पुलिस पार्टी को देखकर फायरिंग करने लगी थाना खीरी पुलिस ने भी आत्मरक्षक फायरिंग की इस दौरान अभियुक्त ज्ञानू यादव के पैर में गोली लगी अभियुक्त ज्ञानू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## पीस कमेटी की बैठक

सीतापुर। आगामी ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से तंबौर और हरगांव थाना परिसरों में पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की। तंबौर थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार रॉय ने की। उन्होंने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, उलेमाओं और जनप्रतिनिधियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही भरोसा दिलाया कि सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं के पुलिस प्रशासन व नगर पंचायत पूरी तरह भुत्तद है। बैठक में नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि दानिश खां, मौलाना शाहिद, अजीज गौरी, मेराज प्रधान, रेहान खान, मो. फारूक, पहाड़ी खान, खुर्शीद गौरी, साबिर अली और लतीफ अंसारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं हरगांव थाना परिसर में उप जिलाधिकारी सदर जनार्दन कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने त्योहार को सद्भावपूर्वक मनाने की अपील करते हुए मोहल्लों में साफ-सफाई बनाए रखने तथा कुबार्नी के बाद अवशेषों को इधर-उधर न फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेश प्रसारित न करने की भी अपील की। बैठक में अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बस खाई में पलटी, तीन की मौत, सात घंटे चला रेस्क्यू

- डीएम-एसपी मौके पर डटे रहे
- संदना के बरगदिया गांव के पास भीषण हादसा, बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित हुई बस; आंध्र प्रदेश और आगरा के श्रद्धालु थे सवार

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र के बरगदिया गांव के पास शुक्रवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। नैमिषारण्य दर्शन कर अयोध्या की ओर जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक प्राइवेट बस बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई। हादसे में बाइक सवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों यात्री घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भयावह था कि बस पलटते ही यात्री सीटों के नीचे दब गए और मदद के लिए चीखने लगे। स्थानीय ग्रामीण सबसे पहले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में संदना समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। राहत और बचाव कार्य के लिए करीब आधा दर्जन एंबुलेंस बुलाई गई। जेसीबी और क्रेन की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। रेस्क्यू अभियान करीब सात घंटे तक चलता रहा।

हादसे में बाइक सवार ओमप्रकाश पुत्र परमेश्वर निवासी मिरकापुर मजरा आमाघाट, थाना संदना की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी जयदेवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं बस में सवार टूर ऑर्गनाइजर शिवकुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। बाद में बस चालक यसवीर पुत्र सुरेश निवासी अछनेरा, आगरा ने भी दम तोड़ दिया।

बताया गया कि बस में आंध्र प्रदेश के श्रद्धालु सवार थे, जो नैमिषारण्य दर्शन के बाद अयोध्या जा रहे थे। हादसे में करीब 30 यात्रियों को चोटें आईं, जिनमें कई महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घायलों का हालचाल लिया और राहत कार्य का जायजा लिया। हादसे के चलते मिश्रिख रोड पर कई घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। बाद में क्रेन की मदद से बस को हटाकर यातायात बहाल कराया गया।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। मामले की जांच की जा रही है।

### हादसे में मृतक

ओमप्रकाश पुत्र परमेश्वर, निवासी मिरकापुर मजरा आमाघाट, थाना संदना, सीतापुर

शिवकुमार पुत्र वीरा बद्रा, निवासी पलनाडू, आंध्र प्रदेश

बस चालक यसवीर पुत्र सुरेश, निवासी अछनेरा, आगरा

### हादसे में घायल यात्री

जय देवी पत्नी ओम प्रकाश, निवासी मिरकापुर मजरा आमाघाट, थाना संदना, सीतापुर राम कृष्ण पुत्र बेंकट राव, जिला पलनाडू, आंध्र प्रदेश ए. गरूहा लक्ष्मी पत्नी रामकृष्ण, जिला पलनाडू, आंध्र प्रदेश श्रीनिवास राव पुत्र सुब्बा राव, जिला पलनाडू, आंध्र प्रदेश,वाई.बी. मोहन रेड्डी पुत्र प्रताप रेड्डी, जिला पलनाडू, आंध्र प्रदेश रेशमा पत्नी वाई.बी. मोहन रेड्डी, जिला पलनाडू, आंध्र प्रदेश, यशवीर पुत्र सुरेश, निवासी चांदन, अछनेरा, आगरा बी. प्रवीण कुमार पुत्र मधुसूदन राव, जिला पलनाडू, आंध्र प्रदेश,एल. वीरा बद्रा पुत्र नागेश्वर, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश।

### एक पल में चीख में बदल गयी तीर्थ यात्रा

सदना ! नैमिषारण्य से अयोध्या दर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं ने शायद कभी नहीं सोचा होगा कि उनकी आस्था भरी यात्रा कुछ ही पलों में दर्दनाक हादसे में बदल जाएगी।

शुक्रवार सुबह बरगदिया गांव के पास जैसे ही बस अनियंत्रित होकर खाई में पलटी, हर तरफ चीख-पुकार गूंज उठी। कोई अपने परिजनों को पुकार रहा था तो कोई सीटों के नीचे दबा मदद मांग रहा था। हादसे के बाद सबसे पहले आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने बिना देर किए बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। कई महिलाएं खून से लथपथ थीं, जबकि बुजुर्ग श्रद्धालु बदहवास हालत में सड़क किनारे बैठे रोते नजर आए। स्थानीय लोगों ने पानी पिलाकर और हिम्मत बंधाकर घायलों को संभाला। करीब सात घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और ग्रामीणों ने मिलकर राहत कार्य किया। जिन यात्रियों को मामूली चोटें आई थीं, उन्हें संदना के सुन्द्रानंद आश्रम में सुरक्षित ठहराया गया। वहीं गंभीर घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। इस हादसे ने एक बार फिर लंबी दूरी की यात्राओं में सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अरविंद गिरि की स्मृति में सदर चौराहे पर लगा वाटर कूलर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ द्वारा भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सदर चैराहे स्थित कोतवाली के पास नगरीय पेयजल योजना के अंतर्गत वाटर कूलर स्थापित कराया गया। वाटर कूलर का उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेन्द्र शर्मा, वरिष्ठजन राम गुलाम पाण्डेय, के.के. शुक्ला और विश्वनाथ सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि सदर चैराहे पर स्वर्गीय अरविन्द गिरि की स्मृति में लगाया गया यह वाटर कूलर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्य ही किसी व्यक्ति की वास्तविक पहचान बनते हैं। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि स्व. अरविंद गिरि ने अपने जीवन में सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी। उनकी विकासशील सोच और समाजहित के कार्य आज भी लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों और आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है और नगर के प्रमुख स्थानों पर ऐसी सुविधाएं लगातार बढ़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सदर चैराहे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, व्यापारी और राहगीर गुजरते हैं। ऐसे में इस स्थान पर वाटर कूलर लगने से लोगों को गर्मी में काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में सभासद रज्जन खान, गीता विश्वकर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, अशोक सक्सेना, धीरज बाजपेई, राजेश राठौर, रेखा मिश्रा, प्रवीण गुप्ता, विनोद कुमार वर्मा, सुमित्रा मिश्रा, सीमा वर्मा, कैलाश गुप्ता, विजय मिश्रा, जेई जलकल आदर्श मिश्रा, लेखाकार मोहित अवस्थी, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार और लवकुश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सिद्ध बाबा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया पुलिस चैकी क्षेत्र के ग्राम दिस्तापुर स्थित परौणिक सिद्ध बाबा मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संजय गर्ग एवं उनके सहयोगियों द्वारा कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक संजय गर्ग ने बताया कि वर्ष में दो बार विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग भुइयां देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं का प्रमुख रास्ता है, इसलिए आने-जाने वाले भक्तों की सुविधा और सेवा भाव से भंडारे की व्यवस्था की जाती है। भंडारे का शुभारंभ नौ कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी और जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अजय गर्ग, पंकज गर्ग, हर्ष गर्ग, सर्वेश कुमार कश्यप, अशोक कुमार कश्यप, डॉ. राजाराम कश्यप, शिव कुमार कश्यप सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सीडीओ ने एटीएम का किया उद्घाटन



लखीमपुर खीरी। इंडियन बैंक द्वारा विकास भवन लखीमपुर में नव स्थापित एटीएम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख अभय कुमार एवं जिला विकास अधिकारी गजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एटीएम से प्रथम कैश निकासी कर एटीएम सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस सुविधा को आमजन हेतु सुविधाजनक बताया।

उद्घाटन समारोह में अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता, उपायुक्त स्वत. रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा इंडियन बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नव स्थापित एटीएम से विकास भवन परिसर एवं आसपास के क्षेत्र के कर्मचारियों, अधिकारयों को लाभ मिलेगा।

# 3 बैलगाड़ी साल की लकड़ी जब्त, एक अभियुक्त गिरफ्तार



पलियाकलां खीरी। भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और वन विभाग की संयुक्त टीम ने सवेरे तड़के ही साल की लकड़ी की पकड़ी। कीरतपुर जंगल क्षेत्र में नाकेबंदी कर नेपाल ले जाई जा रही तीन बैलगाड़ियों से बेशकीमती साल की लकड़ी बरामद की गई।

इस दौरान एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके कई साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। एसएसबी की डी-समवाय कीरतपुर और वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जंगल के रास्ते लकड़ी की तस्करी कर नेपाल ले जाई जा रही है। इस सूचना पर संयुक्त टीम ने सीमा स्तंभ संख्या 757 के पास गुरुवार सुबह करीब 3:30 बजे घेराबंदी की। इसी दौरान जंगल की ओर से बैलगाड़ियों की आवाज सुनाई दी।टीम ने पीछा किया तो देखा कि तीन बैलगाड़ियां नेपाल सीमा की ओर बढ़ रही थीं। सुरक्षाबलों को देखकर तस्कर बैलगाड़ियां छोड़कर भागने लगे। जवानों ने पीछा कर एक आरोपी को मौके से दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान वृद्धा पुत्र भज्वा, निवासी ग्राम कीरतपुर, नेपाल के रूप में बताई।.. मौके पर छोड़ी गई तीनों बैलगाड़ियों की तलाशी लेने पर उनमें साल की लकड़ी के बड़े-बड़े बोटे बरामद हुए। वन विभाग के कर्मचारियों ने लकड़ियों की नाप कराई, जिसमें 9 फीट 5 इंच, 14 फीट और 8 फीट लंबे साल के बोटे शामिल थे। कार्रवाई के दौरान एक जोड़ी भैंसा और एक जोड़ी बैल भी बरामद हुए, जबकि दो बैल जंगल की ओर भाग गए। एसएसबी ने पकड़े गए तस्कर, बैलगाड़ियों और बरामद लकड़ी को अग्रिम कार्रवाई के लिए वन विभाग को सौंप दिया है। इस संयुक्त कार्रवाई में एसएसबी के उपनिरीक्षक अनिल, सहायक उपनिरीक्षक चंद्रकांता कमान, मुख्य आरक्षी फतेह मोहम्मद, आरक्षी विपुल शर्मा, संजय सिंह, मुकेश कुमार नेगी शामिल थे। वन विभाग की ओर से वन दरोगा हरीश लाल, वन रक्षक दीपक, मुख्य आरक्षी कौशल राज और आरक्षी मंजीत कुमार भी टीम में शामिल रहे।

## बेलहा-सिकटिहा में कटान और ठोकरों का निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विधायक अमन गिरि ने विधानसभा क्षेत्र के बेलहा-सिकटिहा क्षेत्र में बाढ़ और कटान प्रभावित ठोकरों का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ग्रामीणों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। विधायक ने कटान प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि बरसात के मौसम में ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बाढ़ और कटान से बचाव के लिए सभी जरूरी इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएं, ताकि किसानों और ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी विधायक को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने आश्वासन दिया कि कटान रोकने और ठोकरों को मजबूत कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान नेपाली राज प्रधान, भाजपा बूथ अध्यक्ष धीरेन्द्र श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजवीर राज, प्रधान कलेक्टर राज, पूर्व प्रधान श्रवण मिश्रा, सरदार सुखविंदर सिंह, मलकीत सिंह, मेजर सिंह, जगदेव सिंह, दिलबाग सिंह, जगदीश सिंह, बीडीसी गुड्डू, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिहर सिंह, सेक्टर संयोजक मुनीश शर्मा, लालता प्रसाद और पूर्व बीडीसी ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

रेउसा (सीतापुर)। ग्राम सेउता स्थित भूतनाथ स्टेडियम, किशोर इंटर कॉलेज के पीछे बृहस्पतिवार शाम एकता क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नन्दराम गौतम ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर खेल प्रेमियों और क्षेत्रीय युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि नन्दराम गौतम को प्रतीकात्मक रूप से बल्लेबाजी करने का अवसर दिया गया, जबकि गेंदबाजी ज्ञानेश शुक्ल ने की। इसके बाद खिलाड़ियों का परिचय मुख्य अतिथि तथा मंडल अध्यक्ष महेश राजपूत द्वारा कराया गया।

उद्घाटन मैच सेउता और लालसापुरवा की टीमों के बीच खेला गया। टॉस लालसापुरवा टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों टीमों के बीच छह-छह ओवर का रोमांचक मुकाबला खेला गया। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में क्षेत्रीय टीमों के साथ-साथ गैर जनपद की टीमें भी हिस्सा लेंगी, जिससे प्रतियोगिता और अधिक आकर्षक होगी।इस अवसर पर हाजी अब्दुल रहमान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अहमद हुसैन ने आयोजक टीम को टी-शर्ट भेंट कर टूर्नामेंट की सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन और टीम भावना भी विकसित होती है।

कार्यक्रम में मैच कमेंटेटर संतोष कुमार यादव और संजय रस्तोगी ने मुकाबले का रोचक वर्णन किया। इस दौरान असलम खान, एराज खान, संतोष जायसवाल समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के पिता का निधन

महोली (सीतापुर)। पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के करीब एक साल बाद उनके पिता महेंद्र बाजपेई का शुक्रवार को संभावित ब्रेन स्ट्रोक के चलते निधन हो गया। बेटे की मौत के बाद से वह गहरे सदमे में रहते थे और धीरे-धीरे पूरी तरह गुमसुम हो गए थे। उनके निधन से परिवार और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। राघवेंद्र बाजपेई की 8 मार्च 2025 को हेमपुर रेलवे ओवरब्रिज पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। बेटे की हत्या का दर्द महेंद्र बाजपेई कभी भूल नहीं सके। परिवार के करीबी लोगों के मुताबिक वह अक्सर बेटे को याद कर भावुक हो जाते थे और पिछले एक वर्ष से मानसिक रूप से काफी टूट चुके थे। महेंद्र बाजपेई पहले ही अपने दो बेटों को खो चुके थे। बड़े पुत्र वीरेंद्र की बीमारी से मौत हुई थी, जबकि मझले पुत्र धीरेंद्र बाजपेई की रेल दुर्घटना में जान चली गई थी।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ खिलाड़ियों में दिखा उत्साह



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया क्षेत्र के ग्रंट साहबगंज ग्राम पंचायत के मजरा दिस्तापुर गांव में शुक्रवार को 12 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुदेश कुमार और विशिष्ट अतिथि तौहीद खान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुदेश कुमार ने प्रतियोगिता आयोजन के लिए कमेटी को 5100 रुपये का सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है तथा युवाओं में अनुशासन और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और दूर-दराज से आने वाले खिलाड़ियों के बीच आपसी सौहार्द का संदेश भी जाता है। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में रसूलपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, जबकि छेदींपुर टीम ने गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभाली। मैच के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट में अंपायरिंग की जिम्मेदारी युवराज कश्यप और ऋतिक कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरिंग का कार्य सानू गाजी द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## बाइक खाई में गिरी, दो घायल

हरगांव/सीतापुर। सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर हरगांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बाइक चालक को नींद आने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। घायलों की पहचान बहराइच जनपद के सिजौली थाना क्षेत्र के नथुनी चौराहा कालीकोट निवासी राजन और उनके बुआ के बेटे अमन के रूप में हुई है। दोनों लखनऊ से अपने घर लौट रहे थे। झरेखापुर स्थित कृष्णा प्लाईवुड के पास चालक राजन को झपकी आ गई, जिससे हादसा हो गया।

# पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, आठ घायल

सीतापुर। नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के पनरभू गांव में जमीन पर पेड़ काटने को लेकर भाइयों के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। एक पक्ष से मुकेश, करुणा शंकर, लालजी, उमाशंकर और मीना घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष से सतीश, आकाश, सत्यप्रकाश और विकास को चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली कटौती से उबला गुस्सा, धरने पर बैठे लोग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भीषण गर्मी और लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान नगरवासियों का गुस्सा गुरूवार रात फूट पड़ा। रात में घंटों बिजली गुल रहने से नाराज लोग आधी रात को गोला पावर हाउस पहुंच गए और धरने पर बैठकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नगरवासियों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से फीडर नंबर तीन और चार पर सबसे अधिक कटौती की जा रही है। इसके अलावा शहर के अन्य फीडरों पर भी लगातार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। लोगों का कहना है कि रोस्टिंग और लोकल फॉल्ट के नाम पर बार-बार घंटों बिजली काटी जा रही है, जिससे आमजन का जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि दिनभर की भीषण गर्मी के बाद रात में बिजली कटौती लोगों के लिए किसी त्रासदी से कम नहीं है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मरीज पूरी रात गर्मी और मच्छरों के बीच परेशान रहने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि लगातार बिजली कटने से घरों में पानी की समस्या भी खड़ी हो रही है और लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बिगड़ गई है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारी उपभोक्ताओं के फोन तक नहीं उठा रहे हैं। शिकायत करने पर न तो सही जानकारी दी जाती है और न ही समस्या के समाधान का समय बताया जाता है। इससे उपभोक्ताओं का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब विभागीय अधिकारी जनता की समस्याएं सुनने तक को तैयार नहीं हैं तो आम लोग अपनी परेशानी किससे कहें। गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसडीओ और जेई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मामला बढ़ता देख बिजली विभाग की ओर से पुलिस बुला ली गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन देर रात तक नगरवासी अपनी मांगों को लेकर धरने पर डटे रहे। लोगों का कहना था कि उपभोक्ता समय से बिजली बिल जमा करते हैं, इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। नगरवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी में लगातार बिजली कटौती ने लोगों का धैर्य जवाब दे दिया है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

एसडीओ अजय यादव ने बताया कि स्टाफ की कमी और लगातार हो रहे लोकल फॉल्ट के कारण फीडर नंबर तीन और चार पर सबसे अधिक बिजली समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि विभाग की कोशिश है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति मिल सके और फॉल्ट को जल्द से जल्द ठीक कराया जा रहा है।

# दामाद ने ससुर को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

खीरी टाउन खीरी। कस्बा खीरी में दामाद ने अपने ही ससुर की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिससे पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, थाना अध्यक्ष खीरी निराला तिवारी तथा कस्बा चौकी प्रभारी संजय यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेज दिया। मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी। आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया।

मृतक गणेश की पत्नी मुन्नी देवी ने थाना खीरी में तहरीर देकर अपने दामाद कमल समेत दो अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार, मृतक गणेश 21 मई 2026 की रात अपनी बेटी आरती की जेठानी के यहां जिन्सी (अरनीखाना) में आयोजित बच्चे के जन्म कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। आरोप है कि कार्यक्रम से लौटते समय रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दामाद कमल और उसके साथियों ने पीपल के पेड़ के पास लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण गणेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इधर, मामले में नया मोड़ तब आया जब आरोपी कमल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें वह कथित तौर पर हत्या की बात स्वीकार करता नजर आ रहा है। पुलिस इस वायरल वीडियो की भी जांच कर रही है और उसकी सत्यता की पुष्टि की जा रही है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष खीरी निराला तिवारी ने बताया हत्यारोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। ससुर की हत्या का कारण कमल की पत्नी देवर के साथ चली गई। जिससे वह नाराज रहने लगा। गुस्साए दामाद ने अपने ससुर की हत्या कर दी।

**कार्यालय - सहकारी गन्ना विकास समिति लि. महोली**

Email-maholisamiti37@gmail.com

पत्रांक 79/सी                                        दिनांक 18.05.2026

**-: नीलामी सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गन्ना समिति महोली जनपद सीतापुर के परिसर में एक नीम के पेड़ की नीलामी की जानी है। नीलामी उच्चतम बोली बोलने वाले को दी जायेगी। प्रत्येक बोली बोलने वाला व्यक्ति सिर्फ स्वयं के लिए ही बोली लगा सकेगा। क्रेता किसी भी समय कार्यालय मे आकर पेड़ को देख सकते है। बोली के अन्तिम होते ही अन्तिम मूल्य का 25 प्रतिशत धनराशि तत्काल नकद जमा करा लिया जायेगा। निर्धारित धनराशि जमा न करने पर बोली तत्काल निरस्त कर दी जायेगी तथा अगली उच्चतम बोली लगाने वाले को पेड़ बेच दिया जायेगा। बोली की सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान के बाद आवश्यक अनुमति के पश्चात तत्काल पेड़ का पातन कर ले जाना आवश्यक होगा। किसी भी समय बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नीलामी कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा। न्यूनतम बोली वन विभाग द्वारा निर्धारित मूल्यांकन से नीचे नही लगाई जा सकेगी। प्रत्येक बोली दाता को 100.00 रू. का आवेदन शुल्क जमा करना होगा जोकि वापसी योग्य नही होगा तभी नीलामी मे भाग ले सकेगे। नीलामी की कार्यवाही कार्यालय गन्ना समिति मे दिनांक 23.05.2026 दिन शनिवार को प्रातः 11.00 बजे सम्पन्न की जायेगी। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय समय मे कार्यालय लेखाकार से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

(आनन्द प्रकाश दूबे)
सदस्य
नीलामी कमेटी/सचिव
सहकारी गन्ना विकास समिति लि.
महोली - सीतापुर

(डा. सुनीलकुमार कनौजिया)
अध्यक्ष
नीलामी कमेटी /
ज्येष्ठ गन्ना विकस निरीक्षक
महोली - सीतापुर

संक्षेप

## हत्या के मामले में पुलिस प्रपत्र न आने से सुनवाई टली

**सुलतानपुर (वीओएल)।** हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध हलियापुर थाने के उमरा गांव निवासी शिव कुमार तिवारी की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को पुलिस प्रपत्र नहीं आने से सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि आरोपी की जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 26 मई की तिथि तय की गई है। उमरा गांव के अयोध्या प्रसाद अग्रहरि ने बीते सात मई को गांव के शिव कुमार तिवारी व पुत्तन तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि बीते छह मई को आरोपितों ने वादी मुकदमा के भाई विजय कुमार अग्रहरि को नीम की लकड़ी ले जाने के विवाद में लाठी व कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया था। घटना के तीसरे दिन विजय की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

## जानलेवा हमले के आरोपी सगे भाइयों को मिली जमानत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित बल्दीराय थाने के सोरांव गांव के आरोपित सगे भाइयों मो. अकलीम व मो. अलीम को कोर्ट से जमानत मिल गई है। जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता संजय सिंह व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद दोनों आरोपितों को जमानत दे दी है। आरोप है कि बीते 20 अप्रैल को सोरांव गांव के अफजल खान के पिता हसमुद्दीन पर खेत से वापस लौटते समय गांव के आरोपितों ने लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी, लोहे के रॉड व ईंट, पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया था। अफजल खान ने गांव के अकलीम, मो. अलीम समेत सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## तमंचा सहित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर एक अभियुक्त अन्नू पुत्र भीकम निवासी वजीरपुरा थाना हरी पर्वत जनपद आगरा को एक तमन्चा व एक जिंदा कारतूस सहित बन्ना रोड थाना टूण्डला फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना टूण्डला पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## नाबालिग को भगाने वाले आरोपी को भेजा जेल

**सलोन, रायबरेली।** सरायं अख्तियार गांव के चंदी सिंह का पुरवा निवासी नवीन कुमार यादव पुत्र राम सिंह यादव बीते 20 अप्रैल को किशोरी को अपने साथ भगा ले गया था। घटना के बाद परिजनों ने सलोन कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस नें सूचना के आधार पर दोनों को सलोन कस्बे से बरामद कर लिया है। बरामदगी के बाद किशोरी को आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण एवं बयान की प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। जबकि आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने आरोपी नवीन कुमार के खिलाफ नाबालिग लड़की को भगाने और पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# घर-घर पहुंचकर शुरू हुई मकानों की गणना



**रायबरेली।** डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने बताया है कि भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में आज से जनपद रायबरेली में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर मकानों का सर्वेक्षण करते हुए सूचीकरण और गणना का कार्य कर रहे हैं। डीएम ने इस कार्य को गंभीरता एवं शत-प्रतिशत सफलता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी मकान गणना से वंचित न रह जाए।

जिला प्रशासन के अनुसार, जनगणना देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से जनसंख्या, आवासीय स्थिति, संसाधनों और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े संकलित किए जाते हैं। इन आंकड़ों का उपयोग भविष्य की योजनाओं, सरकारी नीतियों तथा जनहितकारी कार्यक्रमों के निर्माण में किया जाता है। ऐसे में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की सटीकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जनपद में नियुक्त प्रगणक और सुपरवाइजरों ने आज से अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर मकानों का सत्यापन, सूचीकरण एवं गणना का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस दौरान टीम द्वारा प्रत्येक मकान की स्थिति, उपयोग, संरचना सहित निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवश्यक विवरण संकलित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सर्वेक्षण के दौरान कोई भी मकान छूटने न पाए तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न हो। जिला प्रशासन ने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से विशेष अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप को ध्यान में रखते हुए वे अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें। प्रशासन ने निर्देशित किया है कि सभी कर्मचारी अपने साथ पेयजल, ओआरएस का पैकेट, गमछा अथवा सिर ढंकने के जरूरी साधन अनिवार्य रूप से रखें, जिससे लू एवं गर्मी से बचाव किया जा सके और कार्य प्रभावित न हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जब प्रगणक अथवा सुपरवाइजर उनके घर पहुंचें तो नागरिक उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं और सर्वेक्षण कार्य में सहयोग दें।

## निर्माण कार्य के दौरान मारपीट, दीवार गिराने और जान से मारने की धमकी का आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के वार्ड-6 पूरे चूनू निवासी एक युवक ने निर्माण कार्य के दौरान मारपीट, गाली-गलौज और दीवार गिराने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने कोतवाली महराजगंज में तहरीर देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है। वार्ड-6 निवासी आयुष कुमार पुत्र जगदीप कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 21 मई को अपने प्लाट पर निर्माण कार्य करा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान विपक्षी रामनरेश पुत्र बाबूलाल, संतोष कुमार पुत्र रामनरेश, रामअभिलास उर्फ मोनू तथा प्राती पत्नी आशीष कुमार निवासी पूरे चूनू मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथ ही निमार्णाधीन दीवार को भी गिरा दिया गया। आरोप है जाते समय विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली महराजगंज में लिखित शिकायत दी और आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कनिष्ठ शिक्षकों का संघर्ष रंग लाया, हाईकोर्ट ने कहा जो पहले आया है वह पहले जायेगा

**रायबरेली।** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग में गतिमान समायोजन को लेकर वरिष्ठ-कनिष्ठ की उठापटक आज समाप्त हो गई। गौरतलब है की रायबरेली में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कनिष्ठ शिक्षकों का समायोजन किया जा रहा था जिसे नियम विरुद्ध व कोर्ट की अवमानना बताते हुए कनिष्ठ शिक्षक लगातार आंदोलन कर रहे थे। इस क्रम में पीड़ित शिक्षकों ने जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर अपनी मांग रखी, सुनवाई न होने पर सभी शिक्षक संगठनों से भी सहयोग की अपील की, व सभी शिक्षक एकजुट होकर राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से भी मिले और उन्हें अपनी पीड़ा बताई। मंत्री श्री सिंह ने भी बेसिक शिक्षा अधिकारी को वार्ता के लिए बुलाकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था। शुक्रवार को उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई में एक बार पुनः कनिष्ठ शिक्षकों के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए उच्च न्यायालय ने कहा की 'फर्स्ट इन फर्स्ट आउट' के आधार पर ही समायोजन किया जाना चाहिए।

## ताइक्वांडो में चमका सुलतानपुर का सितारा, कुशाग्र राव ने जीता गोल्ड



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के होनहार खिलाड़ी कुशाग्र राव ने सीआईएससीई जोनल गेम्स एंड स्पोर्ट्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों और अकादमी से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है। अमीना ताइक्वांडो अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुशाग्र राव ने अंडर-14 वर्ग (35-38 किलोग्राम) में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 मई 2026 तक लखनऊ पब्लिक कॉलेज, ए-ब्लॉक राजाजीपुरम में हुआ था। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सीआईएससीई की ओर से उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट और गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने कुशाग्र को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेलों में अनुशासन, कठिन परिश्रम और समर्पण सफलता की कुंजी है। एसपी ने प्रशिक्षिका अमीना बानो के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की भी सराहना की। अकादमी के पदाधिकारियों ने कुशाग्र की सफलता को जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी बताया।

- एसपी चारू निगम ने किया सम्मानित, प्रशिक्षिका अमीना बानो की सराहना

## बिना भक्ति के ज्ञान अधूरा है: आचार्य रतन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भगवतगढ़ भपटा गांव में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे आचार्य रतन जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का महत्व बताया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भक्ति रस का आनंद लिया। आचार्य रतन जी महाराज ने कहा कि सच्ची भक्ति ही ज्ञान और वैराग्य को जीवंत बनाए रखती है। उन्होंने कहा कि कलयुग में केवल बुद्धि और तर्क के सहारे ज्ञान स्थायी नहीं रह सकता, बल्कि उसमें प्रेम और भक्ति का समावेश आवश्यक है। भक्ति के बिना ज्ञान शुष्क और निष्प्राण हो जाता है। कथा के दौरान भजन और संगीतमयी प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे। कार्यक्रम में विश्वनाथ पांडेय, डॉ. शिव शंकर पांडेय, मनोज मिश्र, शैलेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## संजय प्लेस से ठगे 25 लैपटॉप, महिला सहित गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा में साइबर सेल और थाना हरीपर्वत पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लैपटॉप ठगी करने वाले एक हाईटेक गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने महिला समेत चार शातिर आरोपियों को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पुराने बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 38 लैपटॉप और 74 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी फर्जी आईटी कंपनी बनाकर ऑनलाइन और फोन के जरिए महंगे लैपटॉप मंगवाते थे और भुगतान किए बिना फरार हो जाते थे। गैंग ने हाल ही में संजय प्लेस स्थित ह्लएम्पायर कंप्यूटर सर्विसेजह्व को निशाना बनाया था। यहां से 25 डेल लैपटॉप की डिलीवरी ली गई, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। जांच में सामने आया कि गैंग की महिला सदस्य ने खुद को ह्लएमेड्यूस आईटी ग्रुप्सह्व नाम की कंपनी की कर्मचारी बताते हुए लैपटॉप का ऑर्डर दिया था। आरोपियों ने भरोसा जीतने के लिए प्रोफेशनल तरीके से बातचीत की और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। डिलीवरी मिलने के बाद सभी मोबाइल नंबर बंद कर दिए गए और आरोपी फरार हो गए। मामले की शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल और हरीपर्वत पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की। मोबाइल लोकेशन और सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ठगे गए लैपटॉप को राह चलते लोगों और छोटे कारोबारियों को सस्ते दामों में बेच देते थे। बरामद लैपटॉप में डेल, एचपी और लेनोवो जैसी कंपनियों के महंगे सिस्टम शामिल हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि महिला आरोपी और गैंग का कथित मास्टरमाइंड पहले भी नागपुर में इसी तरह के मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस अब गैंग के अन्य सदस्यों और इनके नेटवर्क की जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह गिरोह कई राज्यों में सक्रिय हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने करीब साढ़े छह लाख रुपये की साइबर ठगी का खुलासा किया है और आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रायबरेली मढ़िया माता मंदिर के तालाब का होगा जीर्णोद्धार, अमृत-2.0 योजना से मिले 1.52 करोड़



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह के निरंतर प्रयासों से शहर के लोगों की आस्था के प्रमुख केंद्र मढ़िया माता मंदिर, त्रिपुला चैराहा के पास स्थित तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण को बड़ी सफलता मिली है।

सदर विधायक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अमृत-2.0 योजना के तहत इस परियोजना के लिए ?152 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दे दी है। परियोजना को तुरंत शुरू करने के लिए प्रथम किस्त के रूप में ?30.39 लाख की धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई है। इस परियोजना के लिए नगर पालिका परिषद, रायबरेली को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। विधायक अदिति सिंह ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना जल संरक्षण, धार्मिक आस्था और स्थानीय विकास को नई पहचान देगी। मढ़िया माता मंदिर क्षेत्र का यह तालाब श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री को प्रदेश सरकार द्वारा विकास के लिए चलाए जा रहे अभियान और इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति के लिए विधायक अदिति सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा का ह्रदय से आभार व्यक्त किया है।

## बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस बल का फिट रहना जरूरी

**रायबरेली।** एसपी रवि कुमार ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल की चुस्ती-दुरुस्ती और अनुशासन का जायजा लिया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड ग्राउंड में दौड़ लगवाई। साथ ही बल में अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से ड्रिल भी करवाई गई। इस साप्ताहिक परेड में पुलिस लाइन का बल, विभिन्न कार्यालयों और थानों में नियुक्त पुलिसकर्मी शामिल हुए। परेड निरीक्षण के बाद एसपी पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने बैरिक, क्वार्टर गार्ड, पुलिस कैंटीन, पीआरवी वाहन और गार्द रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने सभी रजिस्टर्स व अभिलेखों का व्यवस्थित रख-रखाव करने तथा उन्हें समय से अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए।

## कोचिंग के लिए निकली नाबालिग छात्रा लापता गांव के युवक पर परिजनों ने जताया संदेह

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली जयसिंहपुर क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार छात्रा 20 मई की दोपहर करीब तीन बजे कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। बताया गया कि छात्रा उस दिन कोचिंग भी नहीं पहुंची थी। परिजनों का आरोप है कि मोहल्ले के लोगों से जानकारी मिली कि छात्रा को गांव के युवक के साथ देखा गया था। इसके बाद परिजनों ने युवक पर संदेह जताया। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल का नंबर यूपी 44 बीएन 4113 बताया गया है। साथ ही दो अन्य नामों का भी जिक्र करते हुए उनसे पूछताछ किए जाने की मांग की गई है। पीड़ित पक्ष ने छात्रा की सकुशल बरामदगी की मांग करते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छात्रा की तलाश के लिए टीम गठित कर पूछताछ की जा रही है।

# गौसेवा ही मानव जीवन का परम कर्तव्य : अविमुक्तेश्वरानंद



सलोन रायबरेली। क्षेत्र के राजापुर चकबीवी के श्री मैरिज लॉन जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का आगमन हुआ उन्होंने बताया कि गाय से ही पूरी सृष्टि की रचना हुई है, गौ सेवा ही मानव जीवन का परम कर्तव्य है एवं आध्यात्मिक उद्देश्य भी और उन्होंने कहा की 84 लाख योनियों में ईश्वर ने मनुष्य को ही मानव तन दिया है। सभी मानव को अपने-अपने कर्तव्यों का पालन करना हैं, मानव तन मिला है तो अपनी जिम्मेदारियां को समझना चाहिए और ईमानदारी पूर्वक उसका निर्वहन करना चाहिए हम चाहे जिस पद पर हो जिस रिश्ते में हो चाहे माता हो पिता हो भाई हो बहन हो पति हो या फिर जिस भी सामाजिक पद पर रहे उसका ईमानदारी पूर्वक पालन करना चाहिए और हमेशा अध्यात्म से जुड़े रहना चाहिए उन्होंने मुख्य बात यह बताई की हमारा 81 दिन का व्रत चल रहा है। हम 403 विधानसभाओं में जाएंगे अपने धर्म सनातन का प्रचार करेंगे और गाय को राष्ट्र माता घोषित करवाने का हमेशा प्रयास करता रहूंगा। रात्रि विश्राम यहीं किया। शुक्रवार को सुबह भक्तों को दर्शन देने के बाद आगे की यात्रा के लिए निकल पड़े। अजय विश्वकर्मा, अनिल त्रिपाठी समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहें।

## कलियुग में भगवन्नाम संकीर्तन ही जीव का एकमात्र कल्याणकारी साधन है

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के श्री बाल्हेश्वर मंदिर धाम स्थित ऋषि आश्रम श्री राम जानकी मंदिर परिसर में विशाल यज्ञ, श्री राम कथा प्रवचन और रामलीला का मंचन गत 20 मई से श्री श्री 1008 महंत श्री सर्वेश्वर दास महाराज के सानिध्य में हो रहा है। प्रतिदिन दोपहर बाद 6 बजे से 9 बजे तक भागवत भजन और उसके बाद रात्रि 12 बजे तक रामलीला का मंचन होता है। प्रातः काल प्रतिदिन यज्ञ होता है। धार्मिक कार्यक्रम में पधारे जानकी घाट बड़ा स्थान, अयोध्या धाम के रसिक पीठाधीश्वर ाहंत जन्मेजय शरण जी ने कहा कि कलियुग में भगवन्नाम संकीर्तन ही जीव का एकमात्र कल्याणकारी साधन है। उन्होंने कहा, ध्राम नाम की डोरी से बंधकर ही मनुष्य भवसागर पार कर सकता है। महराज जी ने सत्संग, सेवा और सुमिरन को जीवन का आधार बताया। अहमका त्याग कर श्रीसीताराम जी के चरणों में प्रीति ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने युवाओं से संस्कार, गौसेवा और सनातन धर्म की रक्षा का आह्वान किया। जहां राम हैं, वहीं विश्राम है इस संदेश से श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान की केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार धार्मिक स्थान के पर्यावरण की रक्षा बहुत ही सुंदर ढंग से कर रही है। अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण करा कर मोदी सरकार ने सराहनीय कार्य किया है। सैकड़ो वर्षो से भगवान श्री राम लाल टूटी मड़िया में थे, केंद्र में राम भक्त सरकार बनते ही अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं यह हम सब संतो और हिंदुओं के लिए बड़े गौरव की बात है। अन्य तीर्थ स्थानो का भी सौंदर्यीकरण सरकार करा रही है। जिस प्रकार राम राज्य में संतों महात्माओं को धार्मिक कार्य करने में आसानी थी। उसी प्रकार आज की सरकार में भी संत महात्मा निश्चिंत होकर भागवत भजन कर रहे हैं।

## सुदनापुर में नकदी-सामान चोरी, भटपुरा से चार बकरियां भी उठा ले गये चोर

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र की द्वारिकागंज चैकी अंतर्गत सुदनापुर गांव में गुरुवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी समेत हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। वहीं पास के भटपुरा गांव से चार बकरियां भी चोरी कर ली गईं।



लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। सुदनापुर निवासी महेंद्र वर्मा के मुताबिक चोर घर के पीछे से जर्जर दीवार की ईंट हटाकर घुसे और दरवाजा खोलकर 37 हजार रुपये नकद समेत करीब 65 हजार रुपये मूल्य का घरेलू सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह होने पर परिवार और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद चोरी हुआ बक्शा और बैग घर से करीब 200 मीटर दूरी पर बिखरा मिला। माना जा रहा है कि चोर नकदी और कीमती सामान निकालने के बाद बाकी सामान फेंककर फरार हो गए। महेंद्र वर्मा ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, भटपुरा गांव में चोर महताब की चार बकरियां खोलकर उठा ले गए। हालांकि महताब ने अभी तक पुलिस को लिखित तहरीर नहीं दी है। सूचना पर पहुंचे चैकी इंचार्ज अशोक कुमार ने पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया, इस बाबत उन्होंने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले हुई चोरियों का खुलासा नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं।

## मुबारक महल दवा बाजार में औषधि विभाग का छापा, कई दुकानों पर जांच से मची खलबली

**आगरा।** आगरा के फुव्वारा स्थित मुबारक महल दवा बाजार में गुरुवार को औषधि विभाग की बड़ी छापेमार कार्रवाई से पूरे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एक साथ कई टीमों के पहुंचने से दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान आगरा समेत अन्य जिलों से आए दो दर्जन से अधिक अधिकारी बाजार में मौजूद रहे और अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर जांच की गई। सूत्रों के मुताबिक औषधि विभाग की टीम 14 दवा कारोबारियों की सूची लेकर आगरा पहुंची थी। इसके बाद युग फार्मा, श्री गणेश एंटरप्राइजेज, जीत, वीना एंटरप्राइजेज, नंदन फार्मा और पोरवाल समेत कई प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापेमारी शुरू कर दी गई। अधिकारियों की टीम को बाजार में देखते ही कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से निकल गए, जबकि कुछ प्रतिष्ठानों पर रिकॉर्ड खंगाले जाते रहे। बताया जा रहा है कि यह पूरी कार्रवाई लखनऊ से पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी रोशन जैकब के नेतृत्व में की जा रही है। जांच के दौरान दवा स्टॉक, खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेज, लाइसेंस, बिलिंग रिकॉर्ड और स्टोर प्रबंधन की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। टीम यह भी जांच कर रही है कि कहीं नियमों के विपरीत दवाओं का कारोबार तो नहीं किया जा रहा। कार्रवाई की खबर फैलते ही पूरे दवा बाजार में दहशत का माहौल बन गया। व्यापारियों के बीच तरह-तरह की चचाएँ शुरू हो गईं। कई कारोबारी अपनी दुकानों के बाहर खड़े होकर टीम की गतिविधियों पर नजर बनाए रहे। हालांकि औषधि विभाग के अधिकारियों ने अभी कार्रवाई के कारणों और जांच में सामने आई अनियमितताओं को लेकर खुलकर कुछ भी कहने से इनकार किया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। फिलहाल बाजार में जांच अभियान लगातार जारी है।

# अभिभावक-शिक्षक बैठक में छात्रों की प्रतिभा को मिला मंच

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। कार्यक्रम में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों के शैक्षिक प्रदर्शन की समीक्षा के साथ विभिन्न रचनात्मक व जागरूकता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



पीटीएम में प्रथम आवधिक परीक्षा 2026-27 के परिणामों की जानकारी अभिभावकों को दी गई। कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट वितरित की गई तथा मेधावी छात्रों के नाम डिजिटल स्क्रीन पर प्रदर्शित कर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था एवं अनुशासन की सराहना की। इस दौरान पौधरोपण जागरूकता कार्यक्रम 'गो ग्रीन, कीप द अर्थ क्लीन' में विद्यार्थियों ने पौधों, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता पर आधारित आकर्षक मॉडल, पोस्टर एवं पौधों की प्रदर्शनी लगाई। छात्रों ने तुलसी, एलोवेरा, स्नेक प्लांट, गिलोय सहित विभिन्न पौधों के औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम का निरीक्षण कर रहे शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। प्रतियोगिता में अन्वी एवं तावी पाण्डेय विजेता रहीं, जबकि शिखर कृष्णा एवं कुशाग्र श्रीवास्तव उप-विजेता घोषित किए गए। वहीं 'फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता' ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने बिना आग के विभिन्न स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में हितार्थ सिंह, अक्षिता मौर्य, प्रभव मिश्रा एवं प्रखर यादव विजेता रहे, जबकि आशिका श्रीवास्तव, दीप्ति सिंह, अन्वी सत्यम, अर्निमा यादव एवं अदिति प्रकाश सिंह उप-विजेता घोषित किए गए। संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण एवं व्यावहारिक कौशल का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शर्मा ने सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने आये हुए सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शुभी सिंह, शाहीन खान, अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पिता के हत्यारे बेटे को पुलिस ने 24 घंटे में दबोचा, कोर्ट ने भेजा जेल

**आगरा।** आगरा के थाना एत्माददौला क्षेत्र स्थित प्रकाश नगर के छदामी नगर में पिता की हत्या कर सनसनी फैलाने वाले आरोपी पुत्र धर्मवीर को पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि बुधवार सुबह हुई इस वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया था। शराब के नशे में धुत धर्मवीर ने महज 1500 न मिलने पर अपने पिता लीलाधर पर इंटरलॉकिंग ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। बीच-बचाव करने आए अपने भाई राजेश को भी उसने घायल कर दिया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश में कई जगह दबिश दी। पुलिस के मुताबिक धर्मवीर शराब पीने का आदी है। उसने पिता से शराब के लिए 1500 मांगे थे, लेकिन पिता द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर वह आगबबूला हो गया था। बुधवार सुबह लीलाधर अपने बेटे राजेश के साथ सब्जी मंडी जाने के लिए निकले थे। तभी रास्ते में धर्मवीर ने दोनों को रोक लिया और सड़क किनारे पड़ी इंटरलॉकिंग ईंट उठाकर अपने पिता के सिर पर लगातार वार कर दिए। अचानक हुए हमले से लीलाधर गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। धर्मवीर ने अपने पिता को बचाने आए भाई राजेश पर भी आरोपी ने हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गया था। लीलाधर की एसएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद से पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीमों ने कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी धर्मवीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं और आगे की कार्रवाई जारी है।

संक्षेप

## बाल विवाह कराने पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ललितपुर। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। डीएम सत्य प्रकाश के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम का उल्लंघन करने पर पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल के निर्देशन में बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने थाना बानपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराई। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार, सदस्य अर्चना सक्सेना, वासुदेव, रविनारायण चैबे एवं प्रताप नारायण गोस्वामी की सहमति पर चाइल्ड हेल्पलाइन के को-ऑर्डिनेटर अजय कुशवाहा और पर्यवेक्षक शुभम शुक्ला ने पुलिस को तहरीर दी। शिकायतकर्ता म.प्र.छतरपुर के थाना धुवारा अंतर्गत ग्राम नयाखेड़ा निवासी चन्द्रपाल पुत्र मथुरा पाल ने बताया कि उसने 5 मई को 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर 17 वर्षीय बालिका के बाल विवाह की सूचना दी थी। शिकायत के अनुसार बालिका के माता-पिता द्वारा 12 मई 2026 को उसका विवाह थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम धुरवारा निवासी कमल सिंह पुत्र श्यामलाल पाल के साथ करा दिया था। सूचना मिलने पर बाल कल्याण समिति ने बालिका एवं उसके परिजनों को समझाइश दी थी।

परिजनों ने समिति के समक्ष शपथ पत्र देकर बालिका की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह कराने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन इसके बावजूद विवाह करा दिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बालिका के पिता-माता, लड़के के पिता श्यामलाल पाल, माता तथा एक सक्रिय सदस्य के खिलाफ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 10 एवं 11 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने कहा है कि बाल विवाह रोकने के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जाएगा तथा इस प्रकार के मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कुर्बानी एक इबादत है, खुले में न करें: हाफिज ताहिर फराज

कुशीनगर। जिले में पडरौना नगर क्षेत्र के नोनिया पट्टी, खिरिया टोला रहनुमा एम.एम.एजुकेशनल कॉलेज नोनिया पट्टी के प्रबंधक व खतिब-व-एमाम हाफिज ताहिर अली फराज ने आगामी त्योहार ईद-उल-जुहा, बकरा ईद के मद्देनजर शुक्रवार को मीडिया

- अमन व शांति से खुशहाली के साथ मनाए ईद-उल-अजहा का त्योहार

से रूबरू बयान में कहा कि कुबार्नी इस्लाम की निशानी और सुन्नत-ए-इब्राहिमी होने के साथ-साथ सुन्नते मोहम्मदी भी है, कुर्बानी एक इबादत है। इसलिए यह कुबार्नी अल्लाह ताला के यहां बहुत महत्व रखती है। कुबार्नी के दिनों में प्रसन्नता पूर्वक कुबार्नी करने और कुर्बानी के लिए रुपए खर्च करने से ज्यादा कोई भी चीज अल्लाह ताला के यहां प्रिय और पसंद नहीं,



जबकि कुर्बानीकयामत के दिन जहन्नम में जाने से बचाएगी। उन्होंने कहा कि कुबार्नी का जानवर कयामत के दिन अपने बाल, सिंह और खुरो के साथ आकर पुलसिरात को पार कराने में मदद करेगा इतना ही नहीं कुबार्नी के जानवर के हर बाल के बदले में नेकी लिखी जाती है। इसलिए हर उस शख्स स्त्री व पुरुष पर जो मुसलमान मुकीम, स्थाई निवासी बालिग आजाद होने के साथ-साथ मालिक-ए निशाब भी हो अर्थात जिसके पास 612 ग्राम चांदी व 87.48 ग्राम सोना या जो जरूरत के अलावा किसी ऐसी चीज का मालिक हो, जिस की कीमत 612 ग्राम चांदी की कीमत (कमोवेश 32000 रुपए) की बराबर हो जाए उस पर कुबार्नी वाजिब है। हाफि ज ने लगातार बातचीत के क्रम में बताया कि अगर ऐसा शख्स कुबार्नी नहीं कराता है तो हदीस में ऐसे शख्स के लिए कहा गया है कि वह ईदगाह के करीब ना आए अर्थात ईद की खुशियां न मनाएं। उन्होंने सभी मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि हर उस शख्स को इस इबादत को अदा करना चाहिए, जिसमें यह शर्तें पाई जाती हो ताकि वह अल्लाह व रसूल की नाराजगी से बचते हुए उनकी रजामंदी हासिल करें। गौरतलब हो कि एमाम हाफि ज ताहिर फराज ने देश के हालात को देखते हुए मुसलमानों से बार-बार अपील किया कि सरकार ने कुबार्नी और ईद-उल-अजहा से संबंधित हर जगह दफ्तरों व थानों से पीस कमेटी के जरीए जो फरमान गाइडलाइन जारी की है उसका पालन करें। और साथ ही कोई भी ऐसा काम ना करे जिससे गैर समुदाय के लोगों को किसी भी प्रकार की पीड़ा और ठेस ना पहुंचे। सभी लोग मिलजुलकर हर्षोल्लास के साथ अमन व शांति से त्योहार को मनाएं। अंत में उन्होंने कहा कि सड़क व आम रास्तों और खुलेआम मैदानों में कुबार्नी न करें बल्कि चारदीवारी के अंदर परंपरागत तरीके से सामूहिक कुबार्नी करें। जबकि जानवर को कुबार्नी करने के तुरंत बाद उसके मलबे को बस्ती से दूर किसी उचित स्थान पर गड्ढा खोदकर दफन कर दें, और कुबार्नी वाली जगह को तुरंत साफ-सफाई कराएं इस बात का मुख्य ख्याल रखें की कुबार्नी से संबंधित कोई भी फोटो और वीडियो बिल्कुल ना बनाएं और सोशल मीडिया पर अपलोड करने से जरूरी बचे, अंतिम पैगाम उन्होंने अपील करते हुए कहा कि तमाम मुसलमानों को इन बातों पर जरूर अमल करना चाहिए।

## रास्ते के विवाद में फंसा भरहेचौरा पुल निर्माण

भटनी (देवरिया)। क्षेत्र के भरहेचौरा में बन रहे बहुप्रतीक्षित पक्के पुल का निर्माण कार्य रास्ते के विवाद के कारण प्रभावित हो गया है। सेतु निगम द्वारा मोतीपुर छोर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जबकि अब दूसरे छोर से कार्य तेज करने की तैयारी चल रही है। निर्माण सामग्री ट्रकों के माध्यम से मंगलबाबा घाट तक पहुंचाई जानी है, लेकिन कुछ किसानों द्वारा रास्ता देने से इनकार किए जाने के चलते कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।जानकारी के अनुसार किसानों को क्षतिपूर्ति दिए जाने के बावजूद रास्ते को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। इससे निर्माण कार्य की गति धीमी पड़ गई है। सेतु निगम के अधिकारियों का कहना है कि एक छोर पर कुएं का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे छोर पर कार्य शुरू कराने के प्रयास लगातार जारी हैं।अधिकारियों ने आशंका जताई है कि यदि बरसात शुरू होने से पहले दूसरे छोर पर कुएं का निर्माण पूरा नहीं हो पाया तो निर्माण कार्य लंबे समय तक प्रभावित हो सकता है। पुल के निर्माण से क्षेत्र के करीब 50 गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

## अघोषित बिजली कटौती के विरोध में व्यापार मंडल का विशाल मशाल जुलूस




ललितपुर। जिले में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती, बार-बार ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज तथा स्मार्ट मीटरों को लेकर बढ़ते जनाक्रोश के बीच व्यापार मंडल ने बुधवार को नगर में विशाल मशाल जुलूस निकालकर विद्युत विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। स्टेशन कृष्णा क्षेत्र से निकाले गए इस मशाल जुलूस में व्यापारियों ने हाथों में मशालें लेकर नारेबाजी की और विद्युत व्यवस्था को तत्काल सुधार किए जाने की मांग उठाई। व्यापारी नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले डेढ़ माह से विद्युत विभाग की अकर्मण्यता के चलते जनपद की जनता भीषण गर्मी में परेशान है। 44 डिग्री तापमान के बीच रात-रात भर बिजली की आंख-मिचैली से आम नागरिकों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल द्वारा बीते दिनों नगर की सड़कों पर व्यापक प्रदर्शन किया गया था तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर जिला प्रशासन को भी समस्या के समाधान के लिए अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। व्यापार मंडल ने स्मार्ट मीटरों को प्रतिबंधित किए जाने, स्मार्ट मीटरों के नाम पर प्रदेश भर में हुई लगभग 200 करोड़ रुपये की कथित अधिक वसूली वापस कराए जाने तथा स्मार्ट मीटरों की जांच किसी अधिकृत एजेंसी से कराए जाने की भी मांग की। नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विद्युत व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी समाज जनहित में और बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। मशाल जुलूस एवं ज्ञापन कार्यक्रम में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, नगराध्यक्ष महेश जैन, अनिल अंचल, पंकज जैन, नवीन सिंघई, अशोक अनौरा, मुकेश जैन, अभय जैन एड., अरविंद जैन, ज्ञानप्रकाश खंडेलवाल, आईटी मंच अध्यक्ष अंकित सतभैया, राजीव सुडेले, अविरल जैन, मनोज सोनी मज्जू, राहुल मोदी, राजवीर सिंह, नवीन, रोहित, रिक्की, राजीव चैधरी, पदमचंद, अवनीश जैन, सतीश, अजय साहू, अनुज जैन, सक्षम दीक्षित, आकर्ष जैन, दीपक चैधरी, लक्की चैधरी, जयनारायण शर्मा, विनोद जैन, बासु जैन, सुनील, स्वप्निल जैन, आकाश जैन, रितेश जैन, सुमत जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# अलग दिखे 140 सपने, जागृति इन्क्यूबेशन को होर्ट का शुभारंभ

जिला संवाददाता

देवरिया। बरपार स्थित जागृति उद्यम केंद्र शुक्रवार को उत्साह, उम्मीद और नए सपनों का साक्षी बना। जागृति इन्क्यूबेशन प्रोग्राम 2026-27 के नए कोहोर्ट की शुरुआत कुछ अलग

- सभागार में जुटे सात जिलों के उद्यमी

अंदाज में हुई। ढोलझनगाड़ों के साथ पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर उद्यमियों को सभागार में प्रवेश कराया गया। लंबी चयन प्रक्रिया पार कर पहुंचे उद्यमियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और उत्सुकता साफ दिखाई दे रही थी। देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, संतकबीर नगर, महाराजगंज, बलिया और मऊ समेत सात जिलों से आए 140 उद्यमी इस कोहोर्ट का हिस्सा बने हैं। कृषि, फूड प्रोसेसिंग, हस्तशिल्प, डिजिटल सेवाएं, महिला उद्यमिता और स्थानीय नवाचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े इन उद्यमियों को जागृति अगले एक वर्ष तक प्रशिक्षण, मेंटरशिप, बाजार और नेटवर्किंग



सहयोग उपलब्ध कराएगी। जागृति के संस्थापक शशांक मणि ने कहा कि भारत की मूल आर्थिक शक्ति हमेशा उद्यमिता रही है, लेकिन समय के साथ नौकरी आधारित सोच ने उसे कमजोर किया। उद्यम केवल व्यक्तिगत आय का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और देश को आगे बढ़ाने की शक्ति है। ह्लजितनी ऊर्जा आप अपने उद्यम में लगाएंगे, उतना ही बदलाव अपने आसपास देखेंगे।जागृति के सीईओ आशुतोष कुमार ने कहा कि 140 उद्यमियों का चयन एक हजार से अधिक आवेदनों में से हुआ है। ह्लआप इसलिए नहीं चुने गए कि आपके डॉक्यूमेंट सबसे अच्छे थे, बल्कि इसलिए कि आपके भीतर कुछ बड़ा करने की सोच झलक रही थी। उन्होंने उद्यमियों से अनुशासन, संवाद और आपसी सहयोग को सफलता की सबसे बड़ी शर्त बताया। कहा कि ह्लहम रास्ता दिखा सकते हैं, लेकिन उड़ान आपको खुद भरनी होगी।इन्क्यूबेशन डायरेक्टर विश्वास पांडेय ने 7ट आधारित इन्क्यूबेशन मॉडल की विस्तार से जानकारी दी। एसटीईपी की पार्टनरशिप प्रमुख गुंजन वर्मा ने महिला उद्यमिता, नेतृत्व और विकास पर विशेष सत्र लिया। कार्यक्रम में ह्लमध्य भारत में व्यापार की चुनौतियांह्व और ह्लनिवेशकों के साथ वित्तीय परिचयह्व विषय पर पैनल चर्चा भी हुई। इसमें सीए विजय लाढा, अभिलेख वर्मा, सर्वेश पांडेय, तरुण आर्य, रवि कुमार और सूर्या मिश्रा ने उद्यमियों को बाजार, निवेश और व्यवसाय विस्तार से जुड़े अनुभव साझा किए। वहीं सीए जतिन श्रीवास्तव ने बिजनेस हाइजीन और व्यवसायिक अनुशासन पर विशेष सत्र लिया। योरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा के साथ आयोजित फायरसाइड चैट में महिला नेतृत्व, नवाचार और नए भारत में उद्यमिता की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

### क्या है जागृति इन्क्यूबेशन प्रोग्राम

जागृति इन्क्यूबेशन प्रोग्राम पूर्वांचल के उद्यमियों को संरचित सहयोग देने वाली एक वर्ष की प्रक्रिया है। इसमें चयनित उद्यमियों को व्यवसाय योजना, बाजार रणनीति, वित्तीय तैयारी, ब्रांडिंग, नेटवर्किंग और मेंटरशिप से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यक्रम 7ट मॉडल पर आधारित है, जिसके तहत उद्यमियों को मार्गदर्शन, बाजार, वित्तीय पहुंच और विशेषज्ञ सहयोग उपलब्ध कराया जाता है।

### उद्यमियों को मिलेंगे ये लाभ

इन्क्यूबेशन प्रोग्राम के तहत उद्यमियों को नियमित मेंटरशिप, बाजार से जुड़ाव, डिजिटल टूल्स, निवेश तैयारी, ब्रांडिंग और व्यवसाय विस्तार का सहयोग मिलेगा। साथ ही आईपीआर, जीआई टैग, पेटेंट, सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों और राष्ट्रीय नेटवर्क से जोड़ने की भी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जागृति का मानना है कि इस मॉडल से स्थानीय उद्यमों की आय, बाजार पहुंच और रोजगार सृजन क्षमता को नई गति मिलेगी।

## सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण कसने हाईवे से हटेंगे अवैध वाहन



ललितपुर। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम सत्य प्रकाश और एसपी मो.मुश्ताक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दुर्घटना रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम ने मसौरा बैरियल और रोड़ा क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईवे किनारे अवैध रूप से खड़े ट्रक और अन्य भारी वाहनों को तत्काल हटाया जाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही परिवहन विभाग को नए बस अडडे पर बस स्टैंड का संचालन शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने एनएचएआई अधिकारियों को राजमार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की लगातार निगरानी करने तथा दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में अतिरिक्त कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए। एसपी मो.मुश्ताक ने मसौरा बैरियल पर हुई दुर्घटनाओं को गंभीर बताते हुए क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिए कि केवल चालान करने तक सीमित न रहें, बल्कि अवैध रूप से खड़े वाहनों को सख्ती से हटवाकर हाईवे को पूरी तरह क्लियर कराया जाए।

उन्होंने गलत दिशा से वाहन चलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। तदोपरान्त डीएम ने अधिकारियों के साथ न्यू टाउन रेलवे स्टेशन के पास हाईवे का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्टेशन से हाईवे की ओर बढ़ते ट्रैफिक के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है। इसे देखते हुए एनएचएआई को संकेतक बोर्ड, साइनेज, रिफ्लेक्टिव टेप, जीआई रिफ्लेक्टिव शीट, स्पीड ब्रेकर एवं टेबल टॉप लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नेशनल हाईवे-44 पर बने सभी अवैध कटों को चिन्हित कर बंद कराने के आदेश दिए गए।

डीएम ने टीएसआई को निर्देशित किया कि टैक्सी, टेम्पो और ई-रिक्शा जैसे सवारी वाहनों के लिए निर्धारित रूट तय कर यातायात को व्यवस्थित किया जाए, ताकि जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति न बने। बैठक में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीआईओएस ओपी सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्पित जैन, एआरटीओ विपिन चैधरी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग विजय चन्द्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# खुलेआम जिस्मफरोशी का कारोबार, छापेमारी से पहले लीक हो जाती है सूचना

कुशीनगर। दुनिया को शांति, संयम और सदाचार का संदेश देने वाली तथागत बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली इन दिनों एक ऐसे काले कारोबार की गिरफ्त में है, जिसने बुद्धनगरी की छवि पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित हो रहे कुशीनगर में हाईवे के किनारे संचालित तमाम होटल, लॉज और रेस्टोरेंट अब सिर्फ खाने-ठहरने तक सीमित नहीं

- हाईवे के होटल-रेस्टोरेंट बने देह कारोबार के अड्डा, संरक्षण के आरोपों से घिरी खाकी
- देह व्यापार पर उठे बड़े सवाल, स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश

रह गए हैं, बल्कि उनके भीतर जिस्म के कारोबार का संगठित नेटवर्क बेखौफ फल-फूल रहा हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि हिरनहापुर से लेकर गोपालगढ़ तक नेशनल हाईवे के किनारे और पकवाइनार व पथिक निवास के पीछे चल रहे कई होटल और रेस्टोरेंट दिन के उजाले में देह व्यापार कारोबार का अड्डा बन चुका हैं।आरोप यह भी है कि इस पूरे खेल को स्थानीय स्तर पर संरक्षण प्राप्त है, जिस कारण कार्रवाई केवल दिखावे तक सिमट कर रह जाती है।सूत्रों की मानें तो होटल और रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे इस नेटवर्क में दलालों, संचालकों और कथित संरक्षणदाताओं की एक पूरी श्रृंखला सक्रिय है। चर्चा है कि कुछ स्थानों पर बाहर से आने वाले ग्राहकों के लिए बाकायदासेटिंग सिस्टम संचालित होता है। देर रात लग्जरी वाहनों की आवाजाही और संदिग्ध लोगों की मौजूदगी को लेकर आसपास के लोग लंबे समय से सवाल उठाते रहे हैं।

### छापेमारी से पहले कारोबारियों को सूचना

स्थानीय नागरिकों के बीच सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की है कि जब भी पुलिस की कार्रवाई होती है, उससे पहले ही देह व्यापार के कारोबार से जुडे लोगों को भनक लग जाती है। लोगों का आरोप है कि कई बार छापेमारी केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है। छोटे स्तर पर काम करने वालों को पकड़कर कार्रवाई का प्रचार किया जाता है, जबकि बड़े नेटवर्क तक हाथ नहीं पहुंचता।कुछ कारोबारियों द्वारा खुलेआम यह दावा किए जाने की भी चर्चा है कि ह्लमहीना व्यवस्थाह्व के चलते उनका धंधा निर्बाध चलता रहता है। यही कारण है कि मीडिया में खबरें आने और शिकायतों के बावजूद अवैध गतिविधियों पर स्थायी रोक नहीं लग पा रही है।

### मंदिर क्षेत्र तक पहुंचा अवैध कारोबार

सिर्फ हाईवे ही नहीं, बल्कि मंदिर क्षेत्र के आसपास संचालित कुछ होटलों को लेकर भी स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि धार्मिक और अंतरराष्ट्रीय महत्व वाले इलाके में इस तरह की गतिविधियां न सिर्फ सामाजिक वातावरण को दूषित कर रही हैं, बल्कि विदेशी पर्यटकों के बीच भी गलत संदेश जा रहा है। पर्यटन नगरी की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली इन गतिविधियों को लेकर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोग पूछ हैं चर्चा जोरो पर है कि लगातार शिकायतें हो रही है, चहुओर अवैध कारोबार को लेकर चर्चा भी हैं, तो फिर बड़े स्तर पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?

### मजबूरी, लालच और चमक-दमक का अंधेरा

सूत्र बताते हैं कि इस नेटवर्क में शामिल महिलाओं और युवतियों की कहानियां भी अलग-अलग हैं। कुछ आर्थिक तंगी और पारिवारिक दबाव के कारण इस दलदल में उतरीं है, तो कुछ तेजी से पैसा और आधुनिक जीवनशैली पाने की चाह में इसमें फंसती चली गईं।चर्चा है कि कॉलेज में पढ़ने वाली कुछ युवतियां भी ह्ललक्जरी लाइफह्व और आसान कमाई के आकर्षण में इस नेटवर्क का हिस्सा बन रही हैं। मोबाइल, महंगे कपड़े, होटल पार्टियां और खचीर्ली जिंदगी की चाह उन्हें ऐसे रास्ते तक खींच ला रही है, जहां से बाहर निकलना आसान नहीं होता।

### सवालों के घेरे में व्यवस्था

सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर बुद्ध की नगरी में चल रहे इस कथित काले कारोबार पर लगाम कौन लगाएगा? क्या कार्रवाई केवल छोटे खिलाड़ियों तक सीमित रहेगी, या फिर उन लोगों तक भी जांच पहुंचेगी जिन पर संरक्षण देने के आरोप लगते रहे हैं?कुशीनगर की पहचान दुनिया में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में है। ऐसे में यदि पर्यटन नगरी की जमीन पर अनैतिक गतिविधियों का यह साया गहराता रहा, तो आने वाले समय में यह सिर्फ कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि पूरे जिले की प्रतिष्ठा के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

### मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किये गये 06 वाहन

बहराइच।क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह यादव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक यातायात राम प्रकाश व पीटीओ अवध राज गुप्ता व यातायात टीम द्वारा संचालित किये गये अभियान के दौरान गोनार्द लान हुजूरपुर रोड के निकट अवैध तरीके से स्टैंड बनाकर सवारी भर रहे ऑटो चालकों के विरुद्ध नियमानुसार मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 06 वाहनों को सीज कर यातायात कार्यालय में खड़ी कराई गई है।

# डीआईओएस पर मण्डलस्तरीय जांच, परीक्षा केन्द्र से एरियर तक खुलेंगे खेल के राज

कुशीनगर। जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त के खिलाफ चल रही लोकायुक्त जांच अब और भी पेचीदा मोड़ पर पहुंच गई है। जिन आरोपों को अब तक मैनेजकर दबा देने की चचार्एं चल रही थीं, वही शिकायतकर्ता ने समय रहते लोकायुक्त के समक्ष आपत्ति दर्ज कराकर डीआईओएस के मैनेज का पूरा खेल

- अब नहीं दबेगा खेल! लोकायुक्त ने बाहर के अफसरों को सौंपी डीआईओएस के खिलाफ जांच।
- डीआईओएस पर आरोपों की बौछार: फर्जी नौकरी, बिना कार्य किये लाखों का एरियर, अवैध तरीके से अर्जित अकूत संपत्ति और परीक्षा केन्द्रों का खेल जांच के घेरे में
- लोकायुक्त का डबल वार

बिगाड़ दिया है। बताया जाता है कि शिकायतकर्ता की आपत्ति के बाद लोकायुक्त ने मामले को गंभीर मानते हुए सीधे मण्डलायुक्त को हस्तक्षेप करने का निर्देश दे दिया है।बतादे कि लोकायुक्त कार्यालय से पहले जारी पत्र 68-2026/06 दिनांक 8 अप्रैल 2026 में जिलाधिकारी कुशीनगर की अध्यक्षता में त्रिसदस्यीय जांच समिति गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए गये थे। इसमें एक वित्त एवं लेखाधिकारी तथा एक शिक्षा विभाग के अधिकारी को शामिल करने को कहा गया था। निर्देश के अनुपालन में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने एसडीएम पडरौना की अध्यक्षता में जांच टीम गठित कर दी, जिसमें ट्रेजरी अफसर और बीएसए को शामिल किया गया। लेकिन शिकायतकर्ता विरेन्द्र सिंह ने इस जांच पर ही सवाल खड़ा दिया। उनका आरोप था कि स्थानीय स्तर पर जांच होने से मामले की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है और पूरे प्रकरण को ह्लमैनेजह्व कर लीपापोती करने की कोशिश की जा सकती है। लिहाजा शिकायतकर्ता की आपत्ति को लोकायुक्त ने संज्ञान लिया और शिकायतकर्ता की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों, सीडी और अभिलेखों को गंभीरता से लेते हुए सचिव लोकायुक्त उत्तर प्रदेश डॉ. रीमा बंसल ने मण्डलायुक्त गोरखपुर को नया निर्देश जारी किया है। पत्र संख्या 68-2026/08 /4673(2)दिनांक 12 मई 2026 में स्पष्ट कहा गया कि कुशीनगर से भिन्न जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और 3 जून 2026 तक रिपोर्ट लोकायुक्त को उपलब्ध कराई जाए।

इतना ही नहीं, लोकायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता को अपना पक्ष रखने और साक्ष्य प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया जाए। यानी इस बार जांच सिर्फ फाइलों में नहीं, बल्कि सीधे तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर होगी।लोकायुक्त के इस आदेश के बाद डीआईओएस कार्यालय में खलबली मच गई है। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है कि अब मामला सामान्य विभागीय जांच से कहीं आगे निकल चुका है।

### डीआईओएस पर आरोपों की लंबी फेहरिस्त



कहना ना होगा कि दरअसल, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त पहले से ही कई गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। फर्जी नियुक्तियों को संरक्षण देने,बिना कार्य किए लाखों रुपये एरियर भुगतान कराने, नियम विरुद्ध विनियमितीकरण और चयन वेतनमान का लाभ दिलाने, मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों की कथित लीपापोती करने,

और पद का दुरुपयोग कर अकूत संपत्ति अर्जित करने जैसे आरोप पहले ही लोकायुक्त जांच का हिस्सा हैं। कप्तानगंज स्थित कनोडिया इंटरमीडिएट कॉलेज का मामला इस पूरे विवाद का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। आरोप है कि सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, श्याम नरायण पाण्डेय और विरेन्द्र पाण्डेय को दो वर्षों तक बिना कार्य किए लाखों रुपये एरियर के रूप में भुगतान कराया गया।इसके अलावा देवेन्द्र पाण्डेय पर कथित रूप से तथ्य गोपन कर फर्जी तरीके से सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी करने का आरोप है। डीआईओएस इन मामलों में कार्रवाई करने के बजाय मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर वित्त एवं महालेखाकार के कथित अधूरे आदेश का हवाला देकर मामले को ह्लनिस्तारितह्व दिखाकर पूरे प्रकरण को लीपापोती करने का प्रयास किया।

### परीक्षा केन्द्र आवंटन को बनाया कमाई का जरिया

लोकायुक्त मे दर्ज शिकायत में शिकायतकर्ता ने शिक्षा महकमे को कठघरे में खड़ा कर दिया है। आरोप है कि डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त ने बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण प्रक्रिया को भी कथित कमाई का जरिया बना दिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा परीक्षा केंद्रों की संख्या घटाए जाने के बावजूद जिले में नियमों और अधिकारों के विपरीत ह्लरी-ओपनह्व तरीके से परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए। आरोप है कि यह पूरा खेल मोटी रकम लेकर किया गया और कई ऐसे विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बना दिया गया, जो बोर्ड के निर्धारित मानकों तक पर खरे नहीं उतरते थे। इसके अलावा जिन विद्यालयों में पर्याप्त कक्ष नहीं थे,सीसीटीवी व्यवस्था नहीं थी,सुरक्षा के मानक पूरे नहीं थे, और बोर्ड द्वारा निर्धारित संसाधनों का अभाव था,उन्हें भी कथित तौर पर पैसे के बल पर परीक्षा केंद्र का बना दिया गया।इससे न सिर्फ बोर्ड परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए, बल्कि पूरे केंद्र आवंटन सिस्टम की पारदर्शिता भी संदेह के घेरे में आ गई।

### 03 जून पर टिकी निगाहें

बेशक! लोकायुक्त द्वारा मण्डलस्तरीय जांच के आदेश के बाद अब पूरा मामला बेहद संवेदनशील हो चुका है। विभाग के भीतर सबसे ज्यादा बेचैनी इस बात को लेकर है कि यदि जांच टीम ने सेवा पुस्तिकाओं, एरियर भुगतान, नियुक्तियों, परीक्षा केंद्र निर्धारण और वित्तीय अनुमोदनों की फाइलों को गंभीरता से खंगाला, तो कई और नाम सामने आ सकते हैं। फिलहाल शिक्षा विभाग में खामोशी जरूर है, लेकिन अंदरखाने में डर साफ महसूस किया जा रहा है।अब सबकी निगाह 3 जून पर टिक गई है, जब जांच रिपोर्ट लोकायुक्त के सामने होगी।क्योंकि इस बार सवाल सिर्फ एक अधिकारी का नहीं, पूरे शिक्षा तंत्र की विश्वसनीयता का है और अगर आरोपों की पर्तें सच साबित हुईं,तो यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था के नाम पर खेला गया संगठित खेल माना जाएगा।

## जला तकनीकी इकाई का हुआ गठन

बहराइच।ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कुशल संचालन एवं अनुरक्षण में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण एवं इस हेतु तकनीकी मानव संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), बहराइच की अध्यक्षता में जिला तकनीकी इकाई (डीटीयू) का गठन किया गया है। जनपद में गठित जिला तकनीकी खण्ड कार्यालय (वि./या.), उ.प्र. सिचाई खण्ड, जिला पचायतराज अदि है।

## वर्ष 2027 तक मलेरिया को शून्य मामले पर लाने का लक्ष्य

ललितपुर।मलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि सरकार द्वारा मलेरिया नियंत्रण कार्ययोजना लागू की गई है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2027 तक प्रदेश में स्थानीय मलेरिया के शून्य मामले प्राप्त करना तथा वर्ष 2030 तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों को पूरी तरह मलेरिया मुक्त बनाना है। बताया कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वर्ष 2026 की कार्ययोजना में टेस्ट, ट्रीट और ट्रैक रणनीति पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि मलेरिया की समय पर पहचान, उपचार और निगरानी सुनिश्चित की जा सके। डा.सौरभ सक्सैना ने बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलने वाला तेज ज्वर का रोग है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज सर्दी लगना, कंपकंपी, सिरदर्द, तेज बुखार, जी मचलाना, उल्टी तथा अधिक पसीना आना शामिल हैं। लंबे समय तक मलेरिया रहने पर खून की कमी, तिल्ली और लीवर में सूजन, पेट दर्द एवं पीलिया जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

# वैश्विक ऊर्जा संकट

मध्य पूर्व संकट के लंबा खिंचने, होर्मुज नाकेबंदी और खाड़ी देशों की तेल एवं गैस फैसेलिटी पर ईरान के हमले के कारण वैश्विक स्तर पर अब गंभीर ऊर्जा संकट आर्थिक महामंदी का कारण बन रहा है। अमेरिका ने गतिरोध दूर करने के संबंध में ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इसका अर्थ यह है कि पश्चिम एशिया में अनिश्चितता का सिलसिला जारी रहेगा और अभी तक इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं है कि होर्मुज स्ट्रेट का अवरोध कब तक खुलेगा ताकि तेल और गैस का अबाध प्रवाह शुरू हो सके। दुनिया के कच्चे तेल का करीब 20 फीसदी हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से गुजरता है। 28 फरवरी को लड़ाई शुरू होने के बाद उस इलाके से बहुत कम तेल गुजर सका है और इसके चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं। तेल कीमतों में इजाफा दुनिया के अधिकांश हिस्सों में कठिनाई पैदा कर रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। काफी देरी के बाद सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने पंप पर तेल कीमतों में इजाफा शुरू कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज इजाफा होने पर सरकार को हमेशा इस दुविधा का सामना करना पड़ता है कि वह बढ़ी हुई कीमत का भार झेले या उसे उपभोक्ताओं पर डाल दे। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बुधवार को एक विश्लेषणात्मक पोस्ट प्रस्तुत की जिसमें कुछ नीतिगत संकेत हैं। आईएमएफ ने सही कहा है कि कोई भी एक समान समाधान सभी पर लागू नहीं होता। पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष का प्रभाव ऊर्जा पर निर्भरता, बाजार संरचना और राजकोषीय क्षमता सहित कई कारकों पर निर्भर करता है। ऊर्जा की लगातार ऊंची बनी कीमतें आम परिवारों की क्रय शक्ति को प्रभावित कर सकती हैं और व्यवसायों पर दबाव डाल सकती हैं। हालांकि यदि सरकार की प्रतिक्रिया




सावधानीपूर्वक तैयार नहीं की गई तो यह महंगी और उलझनभरी साबित हो सकती है। इसलिए राजकोषीय प्रतिक्रिया अस्थायी, उचित समय पर और लक्षित होनी चाहिए। सुझाव दिया गया है कि घरेलू ऊर्जा कीमतों को लागत के हिसाब से रहने दिया जाए। कमजोर परिवारों को अस्थायी और लक्षित सहायता दी जा सकती है, जबकि सक्षम छोटे व्यवसायों को मूल्य नियंत्रण के बजाय नकदी संबंधी उपायों के माध्यम से सहारा दिया जा सकता है। भारत में सरकार ने व्यवसायों को समर्थन देने के लिए ऋण गारंटी योजना की घोषणा की है। इसके साथ ही एयरलाइंस के लिए विशेष व्यवस्था भी की है। हालांकि उसने घरेलू कीमतों को अंतरराष्ट्रीय लागत को परिलक्षित करने की अनुमति नहीं दी है। उसने विशेष उत्पाद शुल्क घटा दिया है जिससे बजट पर सीधा असर पड़ेगा। अभी हाल तक ऐसी खबरें आ रही थीं कि तेल विपणन कंपनियां प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ रुपये की अंडररिकवरी का सामना कर रही थीं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो बार मामूली बढ़ोतरी किए जाने के बाद यह अंडररिकवरी कुछ कम हुई है। लेकिन अभी और कदम उठाने की जरूरत है क्योंकि अंततः तेल कंपनियों का घाटा सरकार की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेगा। कमजोर परिवारों को सहारा देने के सुझाव को भारतीय संदर्भ में लागू करना कठिन है क्योंकि लक्षित करने में मुश्किल आएगी। यह आंकना कठिन होगा कि किसी परिवार पर कितना असर पड़ा है और यह आसानी से राजनीतिक मुद्दा बना सकता है। उदाहरण के लिए सरकार 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देती है जिसे उचित ठहराना मुश्किल है। इसके अलावा सरकार किसानों की रक्षा कर रही है और तर्कसंगत रूप से उपभोक्ताओं की भी क्योंकि उसने उर्वरक कीमतों को समायोजित करने की अनुमति नहीं दी है। कुल मिलाकर स्थिति को संभालने के लिए कोई आसान समाधान नजर नहीं आ रहा है। फिर भी सरकार को अधिक मूल्य समायोजन की अनुमति देनी होगी क्योंकि स्थिति और बिगड़ सकती है। इसलिए सरकार को खपत घटाने, उपभोक्ताओं पर भार डालने से लेकर अनेक उपायों के जरिए का सामना करना होगा।

---

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

# नयी दिल्ली के लिए उभरती चुनौतियां



शाहिद ए चौधरी



> हाल ही में रूस के राष्ट्रपति वाल्दिमीर पुतिन की दो दिन की चीन यात्रा के दौरान बीजिंग व मास्को ने 7,000 शब्दों का एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया था, जिसमें विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि ताकत व स्थिरता के लिहाज से दोनों देश 'अपने इतिहास के सबसे अच्छे समय का अनुभव कर रहे हैं।'

अमेरिका की दादागिरी समाप्त होने के बाद जो नई विश्व व्यवस्था बन रही है, उसमें चीन व रूस की बढ़ती दोस्ती भारत के लिए जटिल विदेश नीति चुनौती उत्पन्न कर रही है। इससे नई दिल्ली को बहुआयामी समझौतों और स्ट्रेटेजिक स्वायत्तता पर बहुत अधिक निर्भर होना पड़ रहा है। भारत एक ऐसे दो राहे पर खड़ा है, जहां अब उसके लिए एक रास्ते का चयन करना मजबूरी होता जा रहा है। फिलहाल धुरी को संतुलित करने के लिए नई दिल्ली को पश्चिम से गहरी पार्टनरशिप करनी पड़ रही है जैसा कि हाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड्स, नॉर्वे, इटली आदि की यात्रा से स्पष्ट है, साथ ही देशज रक्षा व आर्थिक आत्म-निर्भरता को मजबूत करने की भी जरूरत पैदा हो गई है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बीजिंग-मास्को गठजोड़ से भारत की रक्षा सप्लाई चेन जटिल हो गई है, क्योंकि भारत-रूस के सैन्य हार्डवेयर पर बहुत अधिक निर्भर है। दो बड़ी शक्तियों के बीच करीबी संबंधों के कारण रूस के लिए यह कठिन होता जा रहा है कि वह भारत को वो एडवांस्ड टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराये, जिससे चीन नाराज हो जाये।

इससे बचने के लिए ही भारत सक्रिय तौर पर स्ट्रेटेजिक स्वायत्तता, बहुआयामी गठबंधन जैसे क्वैड पर बल देने के अतिरिक्त घरेलू देशज कार्यक्रमों जैसे आत्मनिर्भर भारत का विस्तार कर रहा है। दरअसल, बात सिर्फ. स्ट्रेटेजिक संतुलन व रक्षा जटिलताओं की भी नहीं है बल्कि क्षेत्रीय प्रभाव व असंतुलन की भी है। बीजिंग-मास्को संबंध में पॉवर असंतुलन बहुत अधिक चीन के पक्ष में है, जिससे बीजिंग का केंद्रीय एशिया व यूरेशिया में एकछत्र आर्थिक राज हो जायेगा। इससे भारत के विस्तृत पड़ोस में नई दिल्ली की स्ट्रेटेजिक पहुंच सीमित हो जाती है और यूरेशियन ब्लॉक जैसे शंघाई कोऑपरेशन आगेर्नाइजेशन (एससीओ) व ब्रिक्स में भारत का प्रभाव कमजोर हो जाता है। वैसे इसके लिए काफी हद तक नई दिल्ली की ढुलमुल नीति ही जिम्मेदार है। भारत फिलहाल ब्रिक्स का अध्यक्ष है, लेकिन ईरान पर अमेरिका व इजरायल के बेमतलब व बेमकसद हमले के संदर्भ में किसी प्रकार का कोई वक्तव्य जारी नहीं किया। युद्ध के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद कर दिया गया, जिससे तेल, गैस आदि का भारी संकट उत्पन्न हो गया है और नतीजतन महंगाई भी बढ़ती जा रही है। इस पृष्ठभूमि में

## बीजिंग–मास्को गठजोड़

बीजिंग-मास्को के गठजोड़ की वजह से चीन रूस का बुनियादी ऊर्जा पार्टनर बन गया है, जिससे रुसी तेल व गैस के लिए गहन प्रतिस्पर्धा हो गई है। हालांकि पश्चिम के दबाव के बावजूद भारत अपने घरेलू हितों को साधने के लिए सस्ता क्रूड हासिल कर ही रहा है, लेकिन चीन-रूस की एनर्जी पाइपलाइन डायनामिक्स के चलते सप्लाई स्थिरता व दामों को बनाये रखने के लिए भारत को सक्रिय प्रबंधन की आवश्यकता पड़ेगी।

चूंकि चीन अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को बढ़-चढ़कर प्रमोट कर रहा है, तो ऐसे में बीजिंग-मास्को गठजोड़ के कारण केंद्रीय एशिया में भारत-समर्थित जो कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स हैं, वह हाशिये पर आ सकते हैं। इससे बचने के लिए नई दिल्ली को चाहिए कि विकल्पों पर अधिक ध्यान दे, जैसे इंटरनेशनल नार्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर पर ताकि यूरेशियन व्यापार को मजबूत किया जा सके। ईरान में चाहबार पोर्ट को बीच में छोड़ना भी कोई अक्लमंदी नहीं थी। अब भी समय है कि उस पर पुनःविचार किया जाये। दरअसल, यह जो प्रभावित करने वाले परिवर्तन आ रहे हैं, उनका प्रबंधन करने के लिए नई दिल्ली को चाहिए कि रूस से अपने संबंध मजबूत करने के सिलसिले में बहुत अधिक फोकस किया जाये ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मास्को के पास बीजिंग से अलग भी विकल्प हों और साथ ही भारत का विदेश मंत्रालय ग्लोबल साउथ में अपनी पहुंच का विस्तार करे ताकि क्षेत्रीय स्थिरता को सुरक्षित रखा जा सके। नई विश्व व्यवस्था तेजी के साथ विकसित होती जा रही है, प्रतिक्रिया स्वरूप सभी प्रमुख खिलाड़ी अपनी नीतियों को पुनर्स्थापित कर रहे हैं। पश्चिम में अंदर से चुनौतियां उठ रही हैं, क्योंकि वैश्विक बलों के हमलों के कारण घरेलू महत्वकांक्षाएं बदल रही हैं और वैश्विक सत्ता संतुलन भी बदलता जा रहा है। हालांकि पश्चिम, विशेषकर अमेरिका (राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा के बावजूद) बीजिंग को दीर्घकालीन चुनौती के रूप में देख रहा है, लेकिन यूक्रेन युद्ध ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि पश्चिम के अधिकतर प्रयास व संसाधन अब यूरोपीय संकट के प्रबंधन में लग रहे हैं। रूस एक बार फिर यूरोपीय कुलीनों के दिमागों में गंभीर खतरे के रूप में उभरने लगा है, खासकर चीन से उसकी बढ़ती नजदीकियों के कारण।

हाल ही में रूस के राष्ट्रपति वाल्दिमीर पुतिन की दो दिन की चीन यात्रा के दौरान बीजिंग व मास्को ने 7,000 शब्दों का एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया था, जिसमें विशेषरूप से इस बात पर बल दिया गया कि ताकत व स्थिरता के लिहाज से दोनों देश 'अपने इतिहास के सबसे अच्छे समय का अनुभव कर रहे हैं।' इस माह के आरंभ में पुतिन ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में नया कार्यकाल आरंभ किया। इसके बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए उन्होंने चीन को चुना। इस प्रतीक को अनदेखा नहीं किया जा सकता; क्योंकि यूक्रेन संकट के बाद मास्को की निर्भरता बीजिंग पर बढ़ी है और इन दोनों देशों की बढ़ती दोस्ती को पश्चिम अपने लिए गंभीर खतरे के रूप में देखता है। अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एंटनी ब्लिंकेन ने सार्वजनिक तौर पर चीन को धमकी दी थी कि अगर रूस से उसकी दोस्ती बढ़ती रहेगी तो वाशिंगटन उस पर अतिरिक्त पाबंदियां लगायेगा, जोकि वर्तमान में 100 से अधिक चीजों व व्यक्तियों पर लगी पाबंदियों से अलग होंगी। पश्चिम का मानना है कि चीन की मदद के कारण ही रूस यूक्रेन पर अपने हमले को जारी रखे हुए है। अमेरिका की इस धमकी के कुछ दिन बाद ही पुतिन ने चीन की यात्रा पर जाना तय किया। इससे जाहिर है कि अब अमेरिका की धमकियों में कोई दम नहीं रहा है, वाशिंगटन को कोई गंभीरता से नहीं लेता है। चीन इस समय ड्राइविंग सीट में है। इसलिए भी नई दिल्ली के लिए आने वाले वर्षों में रूस-चीन गठजोड़ का प्रबंधन करना सबसे महत्वपूर्ण विदेश नीतिक चुनौती होगी। यह बुनियादी तौरपर भारत की स्ट्रेटेजिक दृष्टिकोण को बदल देती है।

यह ऊपर बताया जा चुका है कि भारत अपने सैन्य उपकरणों व टेक्नोलॉजी के लिए रूस पर निर्भर करता है, जो प्रभावित हो सकता है। इसके अतिरिक्त चीन व रूस के बीच आर्थिक सहयोग क्षेत्रीय इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स व व्यापार मार्गों में भारत को हाशिये पर डाल सकता है। एससीओ व ब्रिक्स जैसे वैश्विक मंचों पर भी भारत का प्रभाव कम हो सकता है। जाहिर है इस स्थिति में नई दिल्ली की गहन परीक्षा होगी कि वह नई विश्व व्यवस्था में किस तरह अपने महत्व को बरकरार रख पायेगी। जरूरत इस बात की है कि ध्यानपूर्वक विदेश नीति पुनःस्थपित किया जाये ताकि मुख्य शक्तियों के साथ संतुलन बना रहे और हमारे राष्ट्रीय हित भी सुरक्षित रहें। ब्रिक्स का 18वां सम्मेलन नई दिल्ली में (12-13 सितम्बर 2026) को होगा, जिसमें पुतिन व शी जिनपिंग के आने की उम्मीद है। भारतीय कूटनीति के लिए वह बेहतरीन अवसर होगा।

---

सोशल मीडिया



हमारी मातृभूमि साधना व उपासना के साथ-साथ साहस, शक्ति और सर्व-कल्याण की पुण्य भूमि रही है, महान विरासत एवं प्राचीन संस्कृति की पावन धरा सबको सुख समृद्धि से परिपूर्ण रखे। पीएम मोदी.


# प्रकृति की देन

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्त्रा दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमे शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

अंतर्दृष्टि

# आग उगलती थी शरतचंद्र की लेखनी

**हालांकि शरतचंद्र अपने उपन्यास 'देवदास', जिस पर बॉलीवुड में अनेक फिल्में बन चुकी हैं और जिसे अभिनय सम्राट अपनी असाधारण अदायगी से कालजयी बना चुके हैं, के लिए अधिक विख्यात हैं, लेकिन उनकी विद्रोही उपन्यासकार की छवि ब्रिटिश-राज विरोधी उपन्यास 'पाथेर डाबी' से बनी थी, जिसमें मानव गरिमा में अटूट विश्वास को पाठकों ने महसूस किया और जिस पर ब्रिटिश शासकों ने प्रतिबंध लगा दिया था।**



उपन्यासकार शरत चंद्र के 150 वर्ष

जिस दौर में महिलाओं की अपनी कोई आवाज या शख्सियत नहीं थी, तो शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने अपने लघु उपन्यास 'ब्राह्मण की बेटी' के माध्यम से एक बुनियादी सवाल उठाया कि 'क्या औरत के पास विवाह करने के अतिरिक्त भी कोई विकल्प है?' यह प्रश्न लगभग 100 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी प्रासंगिक है, कम से कम भारतीय संदर्भों में। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि अपने 150वें वर्ष में शरतचंद्र का महत्व बरकरार है और उनके शब्द आज भी आग उगल रहे हैं। हालांकि शरतचंद्र अपने उपन्यास 'देवदास', जिस पर बॉलीवुड में अनेक फिल्में बन चुकी हैं और जिसे अभिनय सम्राट अपनी असाधारण अदायगी से कालजयी बना चुके हैं, के लिए अधिक विख्यात हैं, लेकिन उनकी विद्रोही उपन्यासकार की छवि ब्रिटिश-राज विरोधी उपन्यास 'पाथेर डाबी' से बनी थी, जिसमें मानव गरिमा में अटूट विश्वास को पाठकों ने महसूस किया और जिस पर ब्रिटिश शासकों ने प्रतिबंध लगा दिया था।

प्रत्येक जनवरी में जब बंगाल की फिजा में ठंड अपने पैर फैला लेती है, तो साहित्यिक दुनिया पॉज करती है अपने सबसे प्रिय कहानीकार शरतचंद्र को याद करने के लिए। शरतचंद्र की बरसी 16 जनवरी को होती है और वह दिन सालाना यादध्यानी का होता है कि वह अपने पीछे छोड़ गये हैं असाधारण साहित्यिक विरासत। शरतचंद्र की ख्याति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनसे अधिक अनुवाद किसी भारतीय लेखक का नहीं हुआ है। 1938 में उनके निधन के बाद लगभग 9 दशक बीत गये हैं, लेकिन उनके उपन्यास आज भी पाठकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शरतचंद्र का जश्न अक्सर इस वजह से मनाया जाता है कि उन्होंने ग्रामीण बंगाल का चित्रण गहरी हमदर्दी के साथ किया और पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं की दयनीय स्थिति को बदलने का प्रयास किया, लेकिन उनके लेखन में अधिक पैना सियासी पहलू भी है, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। इस तथ्य की सबसे अच्छी मिसाल है उनका उपन्यास 'पाथेर डाबी' (रास्ते का अधिकार या सड़क की मांग), जोकि एक क्रांतिकारी कार्य है, जिस पर ब्रिटिश सरकार ने 1926 में प्रतिबंध लगा दिया था कि इसमें अंग्रेजों के विरुद्ध भावनाओं को भड़काया गया था। अब निर्देशक श्रीजीत मुखर्जी इस उपन्यास पर फिल्म बना रहे हैं। इसके बावजूद शरतचंद्र को 'देवदास' से भी अलग करके नहीं देखा जा सकता कि प्यार में दिल-टूटे व्यक्ति को आज भी देवदास कहकर संबोधित किया जाता है। शरतचंद्र का जन्म 15 सितम्बर 1876 को एक छोटे से गांव देबानंदपुर में हुआ था जोकि बंगाल के जिला हुगली में है। इस लिहाज से यह उनके जन्म का 150वां वर्ष है। जीवन-अर्थ की बेचैन तलाश में शरतचंद्र ने गरीबी व विस्थापन में अपनी जिंदगी गुजारी। उनके पिता मोतीलाल चट्टोपाध्याय हमेशा 'मुंगेरी लाल के हसीन सपने' देखते रहते थे, जो अपने परिवार को कभी आर्थिक स्थिरता प्रदान न कर सके। उनकी मां भुवनमोहिनी देवी को घर के संघर्षों का बोझ बर्दाश्त करना पड़ा। कठिनाई के यह शुरूआती अनुभव और गरीब घरों में महिलाओं की पीड़ा को जो शरतचंद्र ने करीब से देखा, वही उनकी साहित्यिक कल्पना का आधार बन गया। शरतचंद्र स्वभाव से घुमंतू थे। भागलपुर में अस्थिर जवानी और कुछ समय के लिए कॉलेज में प्रवेश, जिसे उन्होंने कभी पूरा नहीं किया, शरतचंद्र 1903 में बर्मा (अब म्यांमार) चले गये, जहां उन्होंने क्लर्क, अनुवादक और अन्य छोटे-छोटे काम करके एक दशक से अधिक समय व्यतीत किया। वनवास की इस अवधि के दौरान वह गंभीर लेखन करने लगे और बर्मा में उन्हें न सिर्फ एकांत मिला बल्कि वह नजरिया भी जिससे वह ब्रिटिश शासन को आलोचनात्मक निगाह से देख सके।




रंगून में अप्रवासी भारतीयों के विविध समुदाय थे, जिनमें से अधिकतर क्रांतिकारी हमदर्दियां रखते थे। इसका शरतचंद्र की राजनीतिक सोच पर गहरा प्रभाव पड़ा। जब वह बंगाल लौटे तो उन्हें अखबारों व पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रहे उनके श्रृंखलाबद्ध उपन्यासों 'बारादीदी' व 'चरित्रहीन' से काफी शुहरत मिल चुकी थी। अगले दो दशकों के दौरान उनके कलम से गजब के उपन्यास निकले, जिनमें 'देवदास', 'परिणीता' 'बिराज बोउ', 'गृहदाह', श्रीकांत आदि शामिल हैं और इनकी वजह से वह अपने समय में सबसे अधिक पढ़े जाने वाले बांग्ला लेखक बन गये। उनकी शुहरत ने भाषा की सीमाओं को पार किया, उनके उपन्यास अन्य भाषाओं में अनुवाद किये गये और उनके पाठक व प्रशंसक कश्मीर से कन्या कुमारी तक मौजूद हो गये। शरतचंद्र की काबिलियत इस बात में रही कि उन्होंने सामाजिक सच्चाई में गहरी भावनाओं का मिश्रण करके ऐसे चरित्र पैदा किये जो न संत थे और न ही खलनायक बल्कि मानव थे जो परम्परा व आधुनिकता के विरोधाभासों में फंसे हुए थे।

शरतचंद्र के सभी कार्यों में 1926 में प्रकाशित 'पाथेर डाबी' एकदम लीक से अलग खड़ी होती है कि वह सबसे अधिक राजनीतिक व विवादित नावेल है। उनके अन्य कार्यों में व्यक्तिगत संबंधों व घरेलू जीवन के माध्यम से समाज को आईना दिखाया गया है, लेकिन 'पाथेर डाबी' सीधी व बिना किसी लाग लपेट के भारत में ब्रिटिश शासन को चुनौती थी। इस उपन्यास की पृष्ठभूमि भारत का स्वतंत्रता आंदोलन है और कहानी उस गुप्त क्रांतिकारी संगठन के इर्दगिर्द घूमती है जो बर्मा व बंगाल में सक्रिय था। इसके केंद्र में एक रहस्यमय पात्र है, सब्यसाची, जो तेजतर्रार, बहुभाषी क्रांतिकारी है, जो अलग-अलग भेष व पहचान बदलकर घूमता है, ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए। सब्यसाची को भटके हुए अतिवादी के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया है बल्कि वह सिद्धांतवादी व बौद्धिक व्यक्ति है जो भारत की स्वतंत्रता के लिए पूर्णतः समर्पित है। सब्यसाची के इर्दगिर्द शरतचंद्र ने अनेक पात्रों की रचना की है, दोनों भारतीय व ब्रिटिश, जिनके ब्रिटिश शासन के प्रति अलग-अलग नजरिये हैं, सांठगांठ व उदासीनता से लेकर सक्रिय विरोध तक। ब्रिटिश सरकार ने इस उपन्यास पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया था, क्योंकि उसे मालूम था कि उसके शासन को सशस्त्र विद्रोह से कहीं अधिक खतरा कलम से था, जो लोगों की सोच बदलने की ताकत रखती है।

हर संस्कृति में प्रेमियों की अमर कहानियां हैं- रोमियो-जूलिएट, लैला-मजनूं, हीर-रांझा, 'देवदास' इसी टाइमलेस परम्परा का अगला अध्याय है। कहानी बहुत सरल है, लेकिन उसकी भावनात्मक संरचना असाधारण तौरपर जटिल है। देवदास परम्परागत रोमांटिक हीरो नहीं है। वह कमजोर है, निर्णय नहीं ले पाता और आखिरकार अपनी बर्बादी के लिए स्वयं जिम्मेदार है। पारो पैसिव पीड़ित नहीं है बल्कि उल्लेखनीय शक्ति की मालकिन है, जो अपने जीवन में आगे बढ़ जाती है बावजूद इसके कि उसका दिल उसी प्यार में है, जो कभी खिल न सका। चन्द्रमुखी सबसे दिलचस्प चरित्र है, जिसे समाज दूतकारता है, लेकिन अपने निःस्वार्थ प्रेम से वह उपन्यास के सभी चरित्रों से आगे निकल जाती है। शरतचंद्र ने पीड़ा का गुणगान नहीं किया है। वह एकदम स्पष्ट है कि सामाजिक कट्टरता, पितृसत्तात्मकता और व्यक्तिगत बुजदिली मिलकर साजिश करती हैं और मानव जीवन में जो सबसे कीमती चीज है- प्रेम, उसे नष्ट कर देती है। शरतचंद्र की यही भवनात्मक ईमानदारी 'देवदास' को कालजयी कृति और उन्हें महान उपन्यासकार बना देती है।

## आप की बात

### ग्रीन एनर्जी का महत्व

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा जीवन के लिए अपरिहार्य है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### रोजगार मेलों का आयोजन

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

## संक्षेप

### कांग्रेसियों ने किया जनसंपर्क, लोगों की जानी समस्याएं

**बांदा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश दीक्षित, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान ने शहर के वार्ड-15 अवस्थी भवन, फकीरन मोहल्ला, मर्दननाका चौकी के सामने जनसंपर्क किया। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने लोगों को कांग्रेस की नीतियों के विषय में जानकारी दी। अपील की है कि अगर आपकी किसी भी प्रकार की कोई समस्या है तो उसके निदान के लिए कांग्रेस कार्यालय में आकर बताएं। समस्या के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप की जाएगी। अगर आवश्यकता पड़ी तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन के लिए भी तैयार है। समस्या का निदान होकर रहेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित गोपीनाथ दनादन, समाजवादी पूर्व मंत्री स्वर्गीय जमुना प्रसाद बोस के निवास पर गए। उनके परिवारीजनों का हाल जाना। इस दौरान जिला महामंत्री मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष द्विवेदी रहे।

### नाबालिग का अपहरण कर दुराचार की शिकायत एसपी से

**बांदा।** बिसंडा क्षेत्र के एक गांव में मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग लड़की का अपहरण कर बलात्कार करने की शिकायत पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक से की है। पीड़िता की मां ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि बीती 27 जनवरी को गांव के लड़के ने साथ ले जाकर दुराचार किया। घटना के बाद पीड़िता को मानसिक आघात पहुंचा है। पीड़िता की मां का कहना है कि पुलिस को शिकायती पत्र देने के बावजूद आरोपी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। आरोपी के परिजन धमकी देकर मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं।

### दस ओवरलोड ट्रकों पर कार्यवाही

बांदा। पैलानी तहसील के गाजीपुर खदान में बीती रात एसडीएम अंकित वर्मा ने चोरी छिपे जा रहे ओवरलोड ट्रकों पर कार्यवाही की है। उन्होंने दस ओवरलोड ट्रकों पर कार्यवाही करते हुए थाने की सुपुर्दगी में दिया है। देर रात्रि ओवरलोड ट्रकों पर की गई कार्यवाही से ट्रक चालक मौके से अपने वाहन छोड़कर भाग निकले। इस संयुक्त कार्यवाही में माइनिंग इंस्पेक्टर गौरव, सीओ सदर सौरभ, नायब तहसीलदार जसपुरा वेद प्रकाश, नायब तहसीलदार पैलानी मोहम्मद मुस्तकीम मौजूद रहे। ग्रामीणों ने गाजीपुर खदान में सुबह से ही ओवरलोड एनआर ट्रकों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाती थी। इससे क्षेत्रीय गांवों के लोग परेशान थे। ग्रामीण खदान संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर रहे थे।

### एक से शुरू होंगी परीक्षाएं, 26 से मिलेंगे प्रवेश पत्र

**बांदा।** जनपद के स्वायत्तशासी महाविद्यालय राजा देवी डिग्री कॉलेज ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। महाविद्यालय प्रशासन ने जारी सूचना में बताया कि परीक्षाएं 1 जून से प्रारंभ होंगी महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि कॉलेज में संचालित बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी (गृहविज्ञान), बीबीए (हेल्थ केयर) के साथ-साथ एमए, एमएससी, एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आयोजित की जाएंगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र 26 मई से कॉलेज परिसर से वितरित किए जाएंगे। सभी विद्यार्थियों को समय रहते अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। प्राचार्य ने जानकारी दी कि इस बार सभी परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न प्रणाली (एमसीक्यू) के आधार पर होंगी। उत्तर ओएमआर शीट पर दर्ज किए जाएंगे। विद्यार्थियों से परीक्षा संबंधी सभी आवश्यक निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की बात कही है।

### आरोपियों पर दस-दस हजार का इनाम घोषित

सोहावल-अयोध्या। लम्बे समय से रौनाही थाना में पंजीकृत जघन्य अपराधों में शामिल फरार चल रहे दो आरोपियों पर पुलिस ने दस-दस हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या द्वारा थाना रौनाही पर पंजीकृत अभियोग में फरार चल रहे अभियुक्त सीमा पुत्री ताड़क नाथ निवासी पूरे माधव शुक्ल का पुरवा थाना कूरेभार जनपद सुल्तानपुर में फरार चल रहे अभियुक्त मोहित पुत्र मनोराम निवासी ग्राम पूरे बुढ़वार पाण्डेय का पुरवा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या शामिल हैं।

# डीएम ने जनगणना कार्य का किया निरीक्षण



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी ने पूर्वानुमान, सटीकता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों व प्रगणकों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप हर घर-घर जाकर ऑनलाइन पोर्टल पर सही और पूर्ण जानकारी प्रविष्ट की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रगणकों के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया और प्रत्यक्ष ही प्रगणक द्वारा मोबाइल से पोर्टल पर दर्ज की जा रही प्रविष्टियों का नमूना देखा।

उन्होंने प्रगणकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिये कि प्रत्येक मकान व परिवार का समुचित सत्यापन कर काफी सावधानी से डेटा भरें और सुनिश्चित करें कि कोई भी घर या परिवार छूट न जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना 2027 एक राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है और इसकी सटीकता न केवल नीति-निर्धारण में बल्कि संसाधन आवंटन और योजनाओं केलक्ष्यीकरण में निर्णायक भूमिका निभाती है, इसलिए कार्य में लापरवाही अनुत्तोलनीय है। निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मकान सूचीकरण का संचालन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है इसलिए प्रगणकों को पोर्टल के तकनीकी प्रावधानों तथा डेटा सत्यापन प्रक्रिया की पूरी समझ होनी चाहिए। जहां आवश्यकता हो वहां टीम-आधारितसत्यापन, स्थानीय पमनाक्षी नीलगिरीया समुदायप्रतिनिधियों से क्रॉस-चेक कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा किसंवेदनशीलता व गोपनीयता बनाए रखते हुए नागरिकों को स्पष्ट रूप से बताया जाए कि एकत्र किया जा रहा डेटा केवल सांख्यिकीय प्रयोजनों के लिए होगा और व्यक्तिगत गोपनीयता का पूर्ण सम्मान किया जाएगा। निरीक्षण के दौरानजिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उप जिलाधिकारी सदर नगर निगम नगर पंचायत के ईओ सदर तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण से क्षेत्र में मकान सूचीकरण की प्रगति संबंधी विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि वार्ड-14 में तय लक्ष्य के अनुरूप गणना की दृष्टि से अच्छा कार्य प्रगति पर है, किन्तु कुछ ऐसे आंशिक क्षेत्र हैं जहाँ दोबारा सत्यापन एवं नए प्रगणकों का समायोजन आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि उन स्थानों पर अतिरिक्त संसाधन व सुपरवाइजरी दौरे सुनिश्चित किए जाएँ ताकि समय पर और पूर्णता के साथ कार्य पूरा हो सके। जिलाधिकारी ने प्रगणकों के लिए कुछबिंदु विशेष रूप से रेखांकित किए प्रत्येक मकान व परिवार के विवरण का स्थल पर सत्यापन कर मोबाइल ऐप ऑनलाइन पोर्टल पर तुरन्त भरना डुप्लीकेट प्रविष्टियों और गलत सूचनाओं से बचने हेतु क्षेत्रीय समन्वय बनाये रखना।

## खातों से उड़ाये 48 हजार रुपये, कोतवाली में दर्ज हुई एफआईआर

**ललितपुर।** जिले में साइबर ठग लगातार लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। अलग-अलग मामलों में दो लोगों के खातों से करीब 48 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों मामलों की विवेचना निरीक्षक शावेज खान को सौंपी गई है। पहला मामला शहर के झांसीपुरा क्षेत्र निवासी ममता पत्नी प्रेमचंद का है। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 22 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। फोन करने वाले ने छलपूर्वक उनके बैंक खाते से 24 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर ऑनलाइन शिकायत संख्या 23112250209235 पंजीकृत हुई। इसके बावजूद आरोप है कि लंबे समय तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। बाद में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। वहीं दूसरा मामला ग्राम बिरारी निवासी श्रीराम पुत्र कन्छेदी से जुड़ा है। श्रीराम ने पुलिस को बताया कि 25 जनवरी 2026 को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर धोखे से उनके यूको बैंक खाते से 24 हजार रुपये ऑनलाइन निकाल लिए। पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दी और ऑनलाइन शिकायत संख्या 23101260015942 दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 डी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि साइबर सेल की मदद से मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जनगणना कार्मिकों ने शुरू की मकान गणना

अयोध्या। जनगणना-2027 के द्वितीय प्रथम चरण में दिनांक 22.05.2026 से 20.06.2026 तक होने वाली मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधी फील्ड वर्क आज जनपद अयोध्या में बड़े उत्साह के साथ चार्ज अधिकारियों द्वारा प्रारम्भ कराया गया। जनपद के 16 चार्जों में नियुक्त 4434 प्रगणक व 838 पर्यवेक्षक (सुपरवाईजर) कुल 5272 जनगणना कार्मिकों द्वारा अपने-अपने गणना ब्लाकों में प्रातः से ही गणना का कार्य प्रारम्भ किया गया। जनगणना पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार शाम 04.00 बजे तक कुल 69 गणना ब्लाकों में डेटा फीड किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

## फसल बीमा राशि न मिलने पर किसानों ने डीएम से लगायी गुहार



**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्र के किसानों को रवि सीजन 2026 की फसल बीमा राशि न मिलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जांच एवं किसानों को बीमा राशिदिलाने की मांग की है। डीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत बालाबेहट, तहसील तालबेहट के दर्जनों किसानों ने आरोप लगाया है कि बैंक ऑफ इंडिया बालाबेहट शाखा के कर्मचारियों एवं दलालों की मिलीभगत से नियम विरुद्ध तरीके से किसानों से फसल बीमा के नाम पर दो से पांच लाख रुपये तक की धनराशि जमा कराई गई। किसानों का कहना है कि उनके खातों से बीमा प्रीमियम भी काटा गया, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद उन्हें अब तक फसल बीमा की राशि प्राप्त नहीं हुई है। किसानों ने आरोप लगाया कि कई बार संबंधित अधिकारियों एवं बैंक कर्मचारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। इससे लेकर किसानों में भारी रोष व्याप्त है। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा प्रभावित किसानों को शीघ्र बीमा राशि दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## जनसुनवाई में पहुंचे पुलिस अधीक्षक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा थाना चांदपुर में आयोजितजनसुनवाई में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी-अपनी समस्याएं तथा शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को महोदय ने गंभीरता से सुना तथा संबंधित मामलों के त्वरित और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए, जनसुनवाई में आमजन ने सड़क जलापूर्ति सार्वजनिक सुरक्षा स्मॉल क्राइम परिवहन बाधाएं, सीमावर्ती आपसी विवाद एवं पुलिस के समन्वय संबंधी विभिन्न समस्याओं का उल्लेख किया। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत का रिकॉर्ड बनवाकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए संबंधित थाने तथा विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने उपस्थितसहायक अधिकारी एवं कर्मचारियों को कहा कि प्राथमिकी दर्ज करने सुनवाई एवं कार्रवाई करतेसमय पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बरती जाए तथा पीड़ित पक्ष को आवश्यक जानकारी व सहायता प्रदान की जाए। निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए उन्होंने स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित करने, मामले के निराकरण की प्रगति पर नियमित रिपोर्टिंग और अनावश्यक देरी की स्थिति में उच्च पदाधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि किसी मामले में तत्काल कार्रवाई संभव नहीं है तो प्रभावित व्यक्ति को कारण और आगामी कार्यवाही की जानकारी दिए जाने का प्रबंध किया जाए ताकि लोगों में विश्वास बना रहे। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने नागरिक सहभागिता के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि जनता से संवाद बनाए रखने से अपराध नियंत्रण एवं बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

## बहादुरपुर स्योढ़ा बालू खदान में लिफ्टर लगाकर हो रहा भारी खनन





जिला संवाददाता

बांदा। जिलाधिकारी के सख्त रवैये के बावजूद कुछ खदान संचालक प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खनन करने से बाज नहीं आ रहे। केन नदी पर मौरंग माफिया प्रतिबंधित लिफ्टरों से

**● अधिवक्ताओं ने खनन रोकने के लिए आयुक्त को दिया ज्ञापन**

दिन-रात अवैध खनन कर रहे हैं। जिले के बहादुरपुर स्योढ़ा खंड में अवैध खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है। यहां मे. लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता के नाम आवंटित पट्टे पर प्रतिबंधित दो लिफ्टर लगाकर केन नदी का सीना चीरा जा रहा है। मौरंग माफिया के गुर्गे नियमों को ताक पर रखकर दिन-रात मौरंग निकाल रहे है। इस मामले पर लगातार सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बाद जिला खान अधिकारी राज रंजन ने बीते 26 अप्रैल को पांच लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। लेकिन इसके बावजूद खनन बंद नहीं हुआ। अभी भी लगातार केन की बीच जलधारा से बड़े पैमाने पर भारी भरकम प्रतिबंधित मशीनों से बालू निकाली जा रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि नदी की जलधारा के मध्य से बालू निकासी के चलते नदी का संकट बढ़ता जा रहा है। यदि यही हालात रहे तो जीवनदायिनी केन नदी में पानी लगभग समाप्तप्राय हो सकता है। एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को दरकिनार कर माफिया केन नदी का चीरहरण कर रहे हैं। लोगों ने जिलाधिकारी से इस मामले पर रोक लगाने की मांग की है। बीते एक सप्ताह से लगातार जिले में पड़ रही रिकार्ड तोड़ गर्मी और हीटवेव के लिए बालू-गिट्टी के अंधाधुंध खनन को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। आलम यह है कि बांदा का तापमान देश-दुनिया में टॉप रैंकिंग पर सत्यापन है। भीषण गर्मी व हीटवेव के बीच नदियों और पहाड़ों में चल रहे अंधाधुंध खनन को लेकर एक विमर्श शुरू हो गया है। लोगों का मानना है कि दुनिया में सर्वाधिक तापमान के लिए जिले में हो रहा उत्खनन ही जिम्मेदार है। इसी बीच अब बालू-गिट्टी के खनन पर रोक लगाने की मांग भी जोर पकड़ने लगी है। शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विमल कुमार सिंह की अगुवाई में वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त अजीत कुमार से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर जिले में चल रहे अंधाधुंध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। कहा है कि पूरे जनपद में व्यापक पैमाने पर चल रहा जीवनदायिनी नदियों और पहाड़ों का दोहन यहां की भौगोलिक परिस्थितियों को बदलने और जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार है। बताया है कि नदियों में जहां भारी भरकम मशीनों व लिफ्टर लगाकर बालू का दोहन किया जा रहा है, वहीं पहाड़ों पर विस्फोटक के जरिए व्यापक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक दीक्षित, शिवपूजन सिंह पटेल, विनोद सिंह व बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

### भीषण गर्मी में जनगणना कार्य स्थगित करने की मांग

**ललितपुर।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए राष्ट्रीय मूलनिवासी बहुजन कर्मचारी संघ (आरएमबीकेएस) ने जनगणना कार्य को एक माह के लिए स्थगित किए जाने की मांग उठाई है। संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए कर्मचारियों एवं शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जनगणना कार्य फिलहाल रोकने की अपील की। संघ जिलाध्यक्ष/जिला संयोजक श्याम पिटारी द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में 22 मई से जनगणना (मकान गणना/हाउस लिस्टिंग) का कार्य शुरू किया जा रहा है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है, जिससे जनगणना जैसे व्यापक फील्ड कार्य में लगे कर्मचारियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञापन में कहा गया कि भीषण गर्मी के कारण लोगों की तबीयत बिगड़ने और लू लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से घर-घर जाकर सर्वे कार्य कराना जोखिम भरा साबित हो सकता है।

## जनशिक्षण संस्थान कार्यक्रम, बांटे उद्यमिता प्रमाण पत्र



**बांदा।** जन शिक्षण संस्थान और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का संयुक्त रूप से एक माह का ईएसडीपी कार्यक्रम का आयोजित हुआ। समापन शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय में किया गया। प्रधानाचार्या ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिये एक उत्कृष्ट अवसर साबित हुआ है। उन्हें स्वरोजगार के नए आयाम मिले है। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक मो. सलीम अख्तर ने प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि एमएसएमई पॉलिसी के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर बने। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या, संस्थान के निदेशक एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी की उपस्थिति में प्रतिभागियों को उद्यमिता प्रमाण पत्र वितरित हुआ। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी सौम्य खरे ने भी उद्यमिता के महत्व और आर्थिक स्वावलंबन की बात कही।

## शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक सम्पन्न

**फतेहपुर।** आगामी 24 मई को होने वाली शक्ति केंद्र बैठकों की तैयारी बैठक शुक्रवार को खागा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में आयोजित हुई, धाता मंडल के सभी 15शक्तिकेन्द्र संयोजकों की उपस्थिती में जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी द्वारा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई बैठक में सुशीला मौर्या, विकास पासवान, विमलेश पांडेय, प्रदीप सिंह व जितेंद्र सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे, खखरेड़ू मंडल में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक में जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह द्वारा सम्बोधित करते हुए कहा गया कि संगठन के दिशा-निर्देशन पर प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को मनकी बात कार्यक्रम के उपरांत बूथ की बैठक करनी है, वहीं अन्तिम से पूर्व सप्ताह के रविवार को सभी शक्ति केंद्रों पर बैठक आयोजित कर बूथों की बैठकों की तैयारी पर चर्चा करते हुए अभियानों व कार्यक्रमों की चर्चा करनी है, यहां शुभम सिंह, सुनील कुमार, इन्द्रपाल पासवान, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे, विजयीपुर मंडल में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक में प्रीति सिंह, विक्रम निषाद, भोला तिवारी, प्रेमदत्त तिवारी, रामप्रताप, सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे, खागा मंडल की बैठक में विकास पासवान, पंकज त्रिवेदी, विमलेश पांडेय, बृजेश सिंह सहित शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे।

## जिला श्रम बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

अयोध्या। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला श्रम बंधु समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में श्रमिकों के कल्याण एवं विभिन्न श्रम योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा एवं गहन समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना, प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन, अधिष्ठान पंजीयन, लेबर सेस, विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरण, ई-श्रम पोर्टल तथा जीरो पावर्टी अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद में चिन्हित तीन लेबर अड्डों पर श्रमिकों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने हेतु सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण, अपर नगर आयुक्त एवं अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित किया।

## आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा अधिकारी लिपिक सहित एक लाख की रिश्वत लेते पकड़े गये

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान झांसी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी और उनके लिपिक को एक

**सतर्कता अधिष्ठान झांसी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा, क्लीनिक रजिस्ट्रेशन के नाम पर मांगी थी डेढ़ लाख की रिश्वत**

लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान झांसी से शिकायत की थी कि उनका लाइसेंस संबंधी कार्य कराने के एवज में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अर्जुनलाल अहिरवार और कार्यालय के कनिष्ठ सहायक रामकृष्ण गुप्ता द्वारा डेढ़ लाख रुपये रिश्वत मांगी जा रही है, जिसमें एक लाख पहले एवं पचास हजार काम होने के बाद देने को कहा गया। शिकायत की पुष्टि होने के बाद विजिलेंस टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। विजिलेंस निरीक्षक पीयूष पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने 21 मई 2026 को होटल आर्यन इन में शिकायतकर्ता को बुलाकर ट्रैप की कार्रवाई शुरू की। डीएम द्वारा नामित स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से पांच-पांच सौ रुपये के 200 नोट यानी कुल एक लाख रुपये लेकर उन पर फिनॉल्फ्थेलीन पाउडर लगाया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके बाद टीम शिकायतकर्ता के साथ क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय पहुंची। वहां शिकायतकर्ता ने रिश्वत की रकम डा. अर्जुनलाल अहिरवार को दी। आरोप है कि डा. अहिरवार ने 50 हजार रुपये अपनी मेज की दराज में रख लिए, जबकि बाकी 50 हजार रुपये अपने लिपिक रामकृष्ण गुप्ता को दे दिए। संकेत मिलते ही विजिलेंस टीम ने कार्यालय में दबिश देकर दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी के दौरान डा. अर्जुनलाल अहिरवार की मेज की दराज से 50 हजार रुपये तथा लिपिक रामकृष्ण गुप्ता की अलमारी से 50 हजार रुपये बरामद किए गए। जांच में रिश्वत के नोट वही पाए गए जिन पर पहले से केमिकल लगाया गया था। आरोपियों और शिकायतकर्ता के हाथ धुलवाने पर घोल गुलाबी हो गया, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। विजिलेंस टीम ने मौके से कई दस्तावेज, रजिस्टर और अन्य अभिलेख भी कब्जे में लिए हैं। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग कार्यालय परिसर में जमा हो गए, जिससे कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इस मामले में आरोपियों डा. अर्जुनलाल अहिरवार निवासी झांसी तथा कनिष्ठ सहायक रामकृष्ण गुप्ता निवासी बांदा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना कोतवाली ललितपुर पुलिस को सौंपी गई है।

## एसपी ने दिखायी नयी यूपी 112 गाड़ियों को हरी झंडी



**फतेहपुर।** जनपद फतेहपुर को प्राप्त पांच नए चार-पहिया स्कॉर्पियो वाहनों को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने आज हरी झंडी दिखाकर यूपी-112 आपातकालीन सेवा के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन प्रगति यादव, प्रभारी यूपी-112 श्री राम केवल पटेल तथा यूपी-112 से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि ये पांच वाहन थाना गाजीपुर, कल्याणपुर, हथगांव, सुल्तानपुर घोष और खखरेरू थाना क्षेत्रों में तैनात की जाएंगी। इन वाहनों का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित पुलिस पहुंच सुनिश्चित करना और रिस्पॉन्स टाइम को घटाना है। अधिकारियों के अनुसार नए वाहन भेजने से यूपी-112 की क्षमता में वृद्धि होगी और जनता को समय पर, तेज तथा प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध करायी जा सकेगी। अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि यह पहल अपराध नियंत्रणकानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिए कि वह जिम्मेदार निर्धारित मानकों व सर्विस शेड्यूल के अनुरूप रखरखाव में रखें तथा आवश्यकतानुसार त्वरित ड्यूटी रोटेशन सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी क्षेत्र में तात्कालिक सहायता प्रभावी ढंग से पहुंच सके। कार्यक्रम में वाहन चालकों और व्यवसायिक स्टाफ को वाहन संचालन, आपातकालीन कॉल प्रोटोकॉल, प्राथमिक चिकित्सा किट के उपयोग तथा संपर्क व्यवस्थाओं कमाण्ड सेंटर से समन्वय के बारे में संक्षिप्त निर्देश तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। साथ ही कहा गया कि प्रत्येक वाहन में आवश्यक सुरक्षा उपकरण, प्राथमिक चिकित्सा किट और आपातकालीन संचार व्यवस्था हमेशा उपलब्ध रखी जाए।

## उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**ललितपुर।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड एवं पुलिस कर्मियों के तालमेल का सूक्ष्मता से अवलोकन किया तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु आरक्षियों एवं महिला आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। तदोपरांत पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैन्टीन एवं कंट्रोल रूम सहित विभिन्न शाखाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डायल-112 के पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण किया गया। एसपी ने वाहनों की साफ-सफाई, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील एवं सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश देते हुए रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अर्दली रूम का आयोजन कर विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों एवं लंबित पत्रावलियों की समीक्षा की गई। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया। परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी गई और उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षु आरक्षियों एवं महिला आरक्षियों की नोटबुक और व्यावहारिक प्रशिक्षण की समीक्षा करते हुए उनकी जानकारी परखी गई। साथ ही दंगा नियंत्रण से संबंधित तकनीकों एवं वैधानिक जानकारी देते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। पुलिस कर्मियों को बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, दंगा ढाल, गैस मास्क जैसे आधुनिक उपकरणों के संयमित एवं प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। इसके अलावा अवैधानिक भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा घेरा बनाने, चेतावनी प्रक्रिया तथा मानवाधिकारों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक बल प्रयोग के संबंध में भी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हत्या के मामले में दोषी को मिली आजीवन कारावास की सजा, 50 हजार रुपये का जुर्माना

जिला संवाददाता

ललितपुर। हत्या के एक चर्चित मामले में ललितपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप जिला एवं सत्र न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

न्यायालय के फैसले को पुलिस की सशक्त विवेचना एवं प्रभावी पैरवी का परिणाम माना जा रहा है। पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्त थाना बानपुर अंतर्गत कस्बा निवासी रामराजा उर्फ भज्जू यादव पुत्र जगन्नाथ यादव के विरुद्ध थाना में वर्ष 2023 में मु.अ.सं. 21/2023 धारा 302 आईपीसी अंतर्गत हत्या का अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा एक समर्पित टीम गठित कर वैज्ञानिक एवं तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना की गई तथा आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में मामले की लगातार समीक्षा करते हुए थाना बानपुर पुलिस, पैरोकार, कोर्ट मोहर्रिर एवं अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। इसी क्रम में 22 मई 2026 को जिला एवं सत्र न्यायालय ने अभियुक्त रामराजा उर्फ भज्जू यादव को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गंभीर अपराधों में दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने के उद्देश्य से चिन्हित अभियोगों की नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे और पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय मिल।

## संक्षेप

### निप्पॉन पेंट ने किया खिलाड़ियों के साथ एक खास मीट एंड ग्रीट सेशन का आयोजन

नई दिल्ली। निप्पॉन पेंट इंडिया, जो NIPSEA ग्रुप का हिस्सा है, ने आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के कई खिलाड़ियों के साथ एक खास मीट एंड ग्रीट सेशन किया। पंजाब किंग्स टीम के खास सदस्यों, जिनमें मार्को जेनसेन, प्रभसिमरन सिंह, हरदीप बरार, अजमतुल्लाह उमरजई और प्रियांश आर्य शामिल थे, ने एक इंटरैक्टिव सेशन में फैंस से बात की। निप्पॉन पेंट इंडिया इकोसिस्टम के 100 से ज्यादा डीलरों और आर्किटेक्ट्स को खिलाड़ियों से जुड़ने का मौका मिला, जिसके बाद ग्रुप फोटो, सेल्फी और मर्चेंडाइज साइनिंग हुई। निप्पॉन पेंट इंडिया आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स का ऑफिशियल पार्टनर है।

### मजबूत हाजिर मांग से जस्ता वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार की मांग में तेजी आने के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में शुक्रवार को जस्ता की कीमत 2 रुपये की तेजी के साथ 367 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव 2 रुपये या 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 367 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 460 लॉट के लिए कारोबार हुए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग बढ़ने के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा बाजार में जस्ता कीमतों में तेजी आई।

### मजबूत हाजिर मांग तांबा वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में शुक्रवार को तांबा की कीमत 6.10 रुपये की तेजी के साथ ।,368.75 रुपये प्रति किग्रा हो गई। एमसीएक्स में ताांबा के जून माह में डिलीवरी वाले तांबा अनुबंध की कीमत 6.10 रुपये अथवा 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ ।,368.75 रुपये प्रति किग्रा हो गई जिसमें ।,891 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से मुख्यतः वायदा कारोबार में तांबा कीमतों में तेजी आई।

### सौदों की लिवाली से एल्युमीनियम वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में मजबूती के रुख के बीच सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से वायदा कारोबार में शुक्रवार को एल्युमीनियम की कीमत 0.3 प्रतिशत की तेजी के साथ 384.80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह की डिलिवरी के लिए एल्युमीनियम के अनुबंध का भाव 1.15 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत की तेजी के साथ 384.80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 216 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग बढ़ने के बीच कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से वायदा बाजार में एल्युमीनियम कीमतों में तेजी आई।

### एसएईएल की 600 मेगावाट की सौर परियोजनाओं का किया उद्घाटन

जम्मलमडुगु (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने कडप्पा जिले में एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 600 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं का शुक्रवार को उद्घाटन किया। टी कोंडुरु गांव में इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद लोकेश ने इसे नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना की शुरुआत से कहीं अधिक करार दिया। एसएईएल सोलर एमएचपी। और एसएईएल सोलर एमएचपी2 परियोजनाएं करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश से रिकॉर्ड 11 महीने में पूरी की गईं। इन परियोजनाओं का संचालन शुरू होना आंध्र प्रदेश की तेज औद्योगिक विकास और स्वच्छ ऊर्जा विस्तार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समय पर परियोजना का पूरा होना स्थानीय किसानों और युवाओं के सहयोग को दर्शाता है। साथ ही परियोजना की सफलता ने पूरे राज्य से जम्मलमदुगु की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि एसएईएल की सफलता का श्रेय काफी हद तक किसानों, ग्रामीणों, मजदूरों, इंजीनियरों, जिले के अधिकारियों और स्थानीय समुदायों के साथ घनिष्ठ रूप से काम करने की उसकी क्षमता को जाता है। परियोजना से जुड़े दीर्घकालिक भूमि पट्टे समझौतों से करीब 760 किसानों और उनके परिवारों को लाभ हुआ है।

# सेंसेक्स में 232 अंकों की उछाल



मुंबई। प्रमुख बैंकों के शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 232 अंक की तेजी में रहा जबकि निफ्टी 65 अंक चढ़ गया।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की दिशा में प्रगति की उम्मीदों से निवेश धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 231.99 अंक यानी 0.31 प्रतिशत बढ़कर 75,415.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में एक समय 627.61 अंक तक की तेजी दर्ज की गई थी। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 64.60 अंक यानी 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,719.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट लिमिटेड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, आईटीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। घरेलू बाजारों में हल्की बढ़त के साथ कारोबार हुआ। इसे निचले स्तरों पर खरीदारी और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच सकारात्मक वैश्विक संकेतों से समर्थन मिला। घरेलू स्तर पर वित्तीय शेयरों ने इस बढ़त का नेतृत्व किया जबकि वैश्विक स्तर पर एआई में निवेश का मुद्दा प्रमुख कारक बना रहा। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.30 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में निजी बैंक सूचकांक 1.35 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि शीर्ष 10 बैंकों का सूचकांक 1.23 प्रतिशत, बैंक सूचकांक 1.18 प्रतिशत और दूरसंचार खंड 0.93 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,213 शेयरों में तेजी रही जबकि ।,971 शेयरों में गिरावट रही और 179 अन्य अपरिवर्तित रहे। बाजार सीमित दायरे में बना हुआ है, जहां घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की मजबूत खरीदारी से गिरावट पर लगाम है जबकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली तेजी को सीमित कर रही है। उन्होंने कहा कि बाजार में गिरावट पर खरीदारी और तेजी पर मुनाफावसूली का रुझान बना हुआ है। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 177.36 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की तेजी रही जबकि एनएसई निफ्टी 75.8 अंक यानी 0.32 प्रतिशत बढ़त में रहा।

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.3 प्रतिशत बढ़कर 104.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# विदेशी मुद्रा भंडार आठ अरब डॉलर घट कर 688.89 अरब अमेरिकी डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मई को समाप्त सप्ताह में 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद रुपये पर दबाव बढ़ने और विदेशी मुद्रा बाजार में आरबीआई द्वारा डॉलर की बिक्री के जरिए हस्तक्षेप किए जाने से मुद्रा भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट दर्ज की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 मई को देशवासियों से विदेशी यात्राएं कम करने, ईंधन की खपत घटाने और एक वर्ष तक सोने की खरीद से बचने की अपील भी की है, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत की जा सके। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 15 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 6.48 अरब डॉलर घटकर 545.90 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। सप्ताह के दौरान सोने के भंडार का मूल्य भी 1.54 अरब डॉलर घटकर 119.32 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.82 अरब डॉलर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित स्थिति भी 2.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.85 अरब डॉलर रह गई।

# गोयल ने अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों के साथ घरेलू विनिर्माण बढ़ाने पर की चर्चा

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से विभिन्न उद्योग संगठनों के साथ एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता मानकों को सुधारने और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने पर चर्चा हुई। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सरकार प्रमुख मंत्रालयों के अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ मिलकर घरेलू उत्पादन बढ़ाने की रणनीति तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार करीब 100 ऐसे उत्पादों की पहचान कर रही है, जिनका या तो भारत में उत्पादन नहीं होता या बहुत सीमित स्तर पर होता है। इनमें वाहन, प्लास्टिक क्षेत्र के उत्पाद शामिल हैं। इसका उद्देश्य घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना और आयात पर होने वाले विदेशी मुद्रा व्यय को कम करना है। देश का आयात 2025-26 में बढ़कर 775 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 721.2 अरब डॉलर था। भारत मुख्य रूप से कच्चा तेल, सोना, चांदी, मशीनरी, खाद्य तेल, रसायन, प्लास्टिक सामग्री, धातु, परिवहन उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का आयात करता है।

# आरबीआई ने बैंकों में 81590 करोड़ डाले



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को तीन दिन की परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामी के जरिए बैंकों में 81,590 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली।

अस्थायी नकदी का मकसद बैंकिंग प्रणाली में नकदी के अस्थायी उतार-चढ़ाव की स्थिति से निपटना है। वहीं, वीआरआर नीलामी आरबीआई का एक मौद्रिक साधन है जिसके माध्यम से वह अल्पकालिक अवधि के लिए बैंकों को धन उपलब्ध कराता है। आरबीआई के एक बयान के मुताबिक, यह राशि 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ दर पर डाली गई। हालांकि, प्रणाली में अधिशेष नकद में तेज गिरावट आने के बावजूद एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले बैंकों की तरफ से मांग कम रही। लेकिन नकदी मांग 21 मई को हुई पिछली नीलामी की तुलना में अधिक रही। बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी 21 मई को घटकर 58,876.29 करोड़ रुपये रह गई, जो 20 मई को 1.51 लाख करोड़ रुपये थी। नकदी अधिशेष में कमी आने से 24 घंटे की अवधि वाले (ओवरनाइट) कर्ज पर वसूले जाने वाले ब्याज की दरों में तेज वृद्धि देखी गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि बदलती नकदी स्थिति के प्रबंधन के लिए आरबीआई जल्द ही एक और वीआरआर नीलामी की घोषणा कर सकता है।

# एमएसएमई को वित्तीय सहारा आर्थिक विकास को नया आधार

लखनऊ। भारत सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों एवं विमानन क्षेत्र को राहत प्रदान करने हेतु आपातकालीन ऋण गारंटी योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित यह योजना वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर एटीएफ कीमतों में वृद्धि, एयरस्पेस प्रतिबंधों तथा परिचालन संबंधी चुनौतियों के कारण उत्पन्न वित्तीय दबाव को कम करने के उद्देश्य से लागू की गई है।

योजना के अंतर्गत एमएसएमई इकाइयों हेतु 100 प्रतिशत तक तथा गैर-एमएसएमई एवं एयरलाइन क्षेत्र हेतु 90 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवर राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड द्वारा सदस्य ऋणदाता संस्थानों को प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत एमएसएमई इकाइयों को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में उपयोग किए गए अधिकतम कार्यशील पूंजी के 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त ऋण, अधिकतम ?100 करोड़ तक उपलब्ध कराया जा सकेगा। योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों पर गारंटी कवर ऋण अवधि के साथ सह-समाप्त रहेगा। यह योजना दिशा-निर्देश जारी किए जाने की तिथि से 31 मार्च 2027 तक या कुल 2.55 लाख करोड़ की गारंटी जारी होने तक (इनमें से जो भी पहले हो) स्वीकृत ऋणों पर लागू होगी।

# रुपया 63 पैसे मजबूत होकर 95.73 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 63 पैसे चढ़कर 95.73 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा में यह मजबूती आई है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की टिप्पणी से बाजार को कुछ राहत मिली। उन्होंने संकेत दिया था कि ईरान से जुड़े मुद्दे पर कूटनीतिक वार्ता रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल में गिरावट से भी रुपये को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.30 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 95.30 प्रति डॉलर तक गया और नीचे में 95.68 पर आया। कारोबार के अंत में रुपया 95.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद स्तर से 63 पैसे अधिक है। बृहस्पतिवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले बंद स्तर से उबरते हुए 50 पैसे की तेजी के साथ 96.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान के बीच अनिश्चितता के कारण रुपये में नकारात्मक रुख रह सकता है। हालांकि, शांति समझौते को लेकर उम्मीद और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी निचले स्तरों पर रुपये को मजबूती दे सकती है। उन्होंने कहा, अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल में भी नरमी है, जिससे घरेलू मुद्रा को सहारा मिल सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपया का हाजिर भाव 95.50 से 96.30 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.29 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 2.18 प्रतिशत बढ़कर 104.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 231.99 अंक चढ़कर 75,415.35 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 64.60 अंक बढ़कर 23,719.30 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध आधार पर ।,891.21 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

# एसबीआई ने हड़ताल से पहले ग्राहकों को वैकल्पिक लेनदेन की सलाह दी



मुंबई। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अगले सप्ताह कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल को देखते हुए अपने ग्राहकों को वैकल्पिक माध्यमों से लेनदेन करने की शुक्रवार को सलाह दी। एसबीआई ने अपने 52 करोड़ से अधिक ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वे नकदी निकासी के लिए एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्रों का उपयोग करें और बैंक के ऑनलाइन बैंकिंग मंच योनो एवं यूपीआई जैसी सेवाओं को प्राथमिकता दें।

बैंक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी सूचना में कहा कि वह अपनी 23,200 से अधिक शाखाओं में आवश्यक सेवाएं बनाए रखने के प्रयास कर रहा है। एसबीआई का यह सुझाव अखिल भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी महासंघ (एआईएसबीआईएसएफ) की प्रस्तावित हड़ताल को देखते हुए आया है। कर्मचारी महासंघ ने 25 मई से दो-दिवसीय हड़ताल का नोटिस दिया हुआ है। देश की बैंकिंग गतिविधियों में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले बैंक ने अपनी पोस्ट में कहा कि इस वजह से होने वाली किसी भी असुविधा का हमें खेद है। यदि हड़ताल निर्धारित समय पर होती है, तो इससे एसबीआई के बैंकिंग कार्यों पर पांच दिनों तक असर पड़ सकता है। हड़ताल की तारीख से पहले चौथा शनिवार और रविवार पड़ रहा है। इसके अलावा, हड़ताल समाप्त होने के एक दिन बाद, 27 मई को भी ईद अल-अजहा के कारण कई राज्यों में छुट्टी रहेगी। कर्मचारी महासंघ ने संदेशवाहकों एवं सशस्त्र कर्मी की नियुक्ति और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) कर्मचारियों के लिए पेंशन कोष प्रबंधक बदलने के विकल्प की मांग रखी है। महासंघ ने बैंक की स्थायी नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करने की भी मांग की है क्योंकि इससे आंकड़ों की चोरी, दुरुपयोग और धोखाधड़ी का सीधा खतरा उत्पन्न होता है।

## पेज एक का शेष

### समृद्ध ओबीसी

नौकरियों में हैं और उनकी आय भी अच्छी-खासी है, तो ऐसे बच्चों को आरक्षण के दायरे से बाहर हो जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए कई आदेशों में पहले से ही यह प्रावधान है कि ऐसे समृद्ध वर्गों को आरक्षण के लाभों से बाहर रखा जाए, लेकिन अब उन आदेशों को ही चुनौती दी जा रही है। पीठ ने कहा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूहों के मामले में, सामाजिक पिछड़ापन नहीं होता, बल्कि केवल आर्थिक पिछड़ापन होता है। इसलिए, इस मामले में किसी न किसी तरह का संतुलन होना चाहिए। याचिकाकर्ता को आरक्षित श्रेणी के तहत कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सहायक अभियंता (विद्युत) के पद पर नियुक्ति के लिए चुना गया था।

हालांकि, जिला जाति और आय सत्यापन समिति ने यह निष्कर्ष निकालते हुए कि वह क्रीमी लेयर के अंतर्गत आता है, उसे जाति वैधता प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया।

### घुसपैठ रोकने

से देश के लिए चिंता का कारण बताते हुए कहा कि इन मोर्चों (पाकिस्तान के साथ लगभग 1,289 किमी और बांग्लादेश के साथ 4,096 किमी) की रक्षा पारंपरिक तरीकों से नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा की अवधारणा को अलग-थलग करके नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे एक क्षेत्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए जिसमें सभी एजेंसियां और राज्य सरकारें शामिल हों। उन्होंने कहा कि इन सीमाओं को वर्तमान में घुसपैठ, ड्रोन के माध्यम से मादक पदार्थ, हथियार और गोला-बारूद की तस्करी के अलावा मवेशियों, नकली भारतीय मुद्रा नोटों और संगठित अपराध जैसे खतरों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मौजूद जवानों और अधिकारियों से कहा, 'भविष्य के खतरों की पहचान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, और सीमा के दूसरी ओर से घुसपैठ के माध्यम से किए जा रहे कृत्रिम जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकना हमारी जिम्मेदारी है, और इसके लिए हमें सतर्क और सावधान रहना होगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार 2014 में सत्ता संभालने के बाद से सुरक्षा नीति और सीमा सुरक्षा के दृष्टिकोण में आमूल-चूल बदलाव लायी है।

### हम समस्याएं

का बड़ा हिस्सा बनेगा। यह मार्ग देवरिया को मऊ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, वाराणसी व लखनऊ से जोड़ेगा और गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे से भी लिंक होगा। इससे पूर्वांचल की कनेक्टिविटी नई ऊंचाई पर पहुंचेगी। सीएम योगी ने कहा कि अच्छी सड़कें, फ्लाईओवर, पुल और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ही रोजगार व निवेश की नींव होते हैं। इसी सोच के तहत देवरिया से कसया, बरहज मार्ग, फ्लाईओवर और अन्य पुलों के लिए सरकार ने धनराशि स्वीकृत की है। यह सिर्फ शुरुआत है, अंत नहीं। देवरिया में बाईपास निर्माण तेजी से चल रहा है और सभी विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा। जनता से जुड़े हर प्रोजेक्ट को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी दी जा रही है। हाल में पीडब्ल्यूडी की कार्ययोजना को लेकर सांसदों-विधायकों के साथ बैठक में सभी आवश्यक परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि देवरहा बाबा के नाम पर सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहा है। जल्द ही नए जिला अस्पताल के निर्माण की दिशा में भी कार्य होगा। आईटीआई सिर्फ तकनीकी संस्थान नहीं, बल्कि इसे स्किल डेवलपमेंट का केंद्र बनाया गया है। युवाओं को प्रशिक्षित कर उद्योगों से जोड़ा जाएगा। इससे रोजगार बढ़ेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की कानून व्यवस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि उस समय हर जिले में माफिया सक्रिय थे। त्योहारों पर उपद्रव, गरीबों की जमीनों पर कब्जा, बेटियों और व्यापारियों में भय का माहौल था। शाम होते ही बेटियों को घरों में रहना पड़ता था और व्यापारी दुकानें बंद कर देते थे। आज उत्तर प्रदेश की पहचान बदल चुकी है। वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया की जगह वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज और वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट ने ले ली है। अब प्रदेश में बेटियां सुरक्षित हैं, व्यापारी बेखौफ व्यापार कर रहे हैं और कोई भी गुंडा टैक्स वसूलने की हिम्मत नहीं कर सकता। प्रदेश की बेटियां नाइट शिफ्ट में भी काम कर रही हैं और यदि कोई शोहदा छेड़छाड़ का दुस्साहस करता है तो अगले चौराहे पर यमराज उसका टिकट काटने के लिए तैयार बैठे रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को गन्ने का 400 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवरिया की जनता ने 2022 चुनाव में भाजपा को सातों विधानसभा सीटें जिताकर बड़ा समर्थन दिया। इसलिए सरकार देवरिया की किसी भी विकास परियोजना को रुकने नहीं देगी। उन्होंने सलेमपुर, तमकुही, बरहज, रुद्रपुर, पथरदेवा, रामपुर कारखाना समेत सभी क्षेत्रों के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने पूर्व सपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि तब मोहन सिंह सेतु के लिए केवल टोकन मनी दी गई थी, जबकि अब सरकार समयबद्ध तरीके से पुल निर्माण पूरा कराएगी और धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश की पहचान गुंडों व माफियाओं से होती थी, लेकिन आज पूरे देश में यूपी का नाम सम्मान व गर्व के साथ लिया जाता है। यूपी विरासत और विकास, दोनों का संगम बन चुका है। अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, नैमिषारण्य, विंध्यधाम, प्रयागराज और कुशीनगर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का पुनर्जागरण हुआ है। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर जनता के वोट की ताकत और डबल इंजन सरकार के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने जनता से विकास और सुशासन के लिए भाजपा जनप्रतिनिधियों को लगातार आशीर्वाद देने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान पूरी दुनिया में बदल चुकी है।

### मुख्यमंत्री ने

है। यूपी में निवेश करने वाले निवेशक प्रदेश के विकास में सरकार के सहयात्री हैं। सीएम योगी ने कहा कि हम लोगों ने जिस जेवर क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया है और जिस क्षेत्र में आपको अलाटमेंट लेटर वितरित किए गए हैं, आज से 9 वर्ष पहले यह भारत का सबसे डरावना क्षेत्र हुआ करता था। वहां गंभीर आपराधिक घटनाएं होती थीं। शाम पांच-साढ़े पांच बजे के बाद आवागमन बंद हो जाता था। लाइफ सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही हुआ करती थी। इंफ्रास्ट्रक्चर भी नहीं था, लेकिन आज जेवर, यीडा क्षेत्र में जो परिवर्तन दिख रहा है, वह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर है, और यही हाल यूपी के हर जनपद का है। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले सत्ता के सामानांतर माफिया का साम्राज्य हुआ करता था। हर जनपद में भय व दहशत का माहौल था। महिलाएं बाजार या रोजगार के लिए बाहर जाती थीं तो परिवार की चिंता होती थी कि वे सूर्यास्त के पहले वापस आ जाएं।

### राज्यसभा की

नेता शक्तिसिंह गोहिल सहित अन्य शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु से राज्यसभा की एक-एक सीट के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के इस्तीफे के बाद राज्यसभा की यह सीट खाली हुई है। सुनेत्रा पवार अब राज्य विधानसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। राजस्थान में रवनीत सिंह के अलावा जिन सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें कांग्रेस के नीरज डांगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजेंद्र गहलोत शामिल हैं। राजस्थान में राज्यसभा की कुल 10 सीट हैं। इस प्रदेश से फिलहाल भाजपा और कांग्रेस के पांच-पांच सदस्य उच्च सदन में हैं। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में दलों की मौजूदा स्थिति को देखते हुए भाजपा को तीन में से दो सीट तथा कांग्रेस को एक सीट मिल सकती है।

### यूपी में जनगणना

1,35,02,160 घरों तक पहुंच बनाकर जनगणना संख्या अंकित की गई। वहीं 56 मकान सूचीकरण ब्लॉकों में पूरा कार्य भी समाप्त कर लिया गया।

इसके अलावा 14,546 मकान सूचीकरण ब्लॉकों में मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़े जुटाने का काम भी शुरू हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल व्यवस्था से आंकड़ों के संकलन में पारदर्शिता और तेजी आएगी।

### नीट-यूजी

द्वारा विशेषज्ञ नियुक्त किए जाने के बाद नीट-यूजी प्रक्रिया में शामिल थीं। बयान में कहा गया है, भौतिकी के प्रश्नपत्र तक उनकी पूरी पहुंच थी। अप्रैल में उन्होंने कुछ प्रश्न सह-आरोपी मनीषा मंधारे के साथ साझा किए थे। सीबीआई ने 16 मई को पुणे में रहने वाली वनस्पति विज्ञान की शिक्षिका मंधारे को नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक करने के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पाया कि हवलदार द्वारा उम्मीदवारों के साथ साझा किए गए प्रश्न नीट (यूजी)-2026 के भौतिकी के प्रश्नपत्र से मेल खाते थे। सीबीआई ने कहा, सीबीआई ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए। जब्त की गई वस्तुओं का विस्तृत विश्लेषण जारी है।

### उत्तराखंड के

पूर्व सैन्य अधिकारी मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही की जो परंपरा स्थापित की, राज्य सरकार उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए योग्यता आधारित और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रियाओं को मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश में लागू किए गए सख्त नकल विरोधी कानून के कारण भर्ती प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनी हैं, जिससे मेहनती और प्रतिभाशाली युवाओं को निष्पक्ष अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में लगभग 33 हजार युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। राज्य की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की जीएसडीपी वृद्धि दर 7.23 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जबकि प्रति व्यक्ति आय में बीते चार वर्षों में लगभग 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य का बजट एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है तथा बेरोजगारी दर में लगातार कमी आ रही है। साथ ही रिवर्स पलायन के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित हो रहे हैं।

### शस्त्रों का

माध्यम से अपना वर्चस्व स्थापित करते हैं, वह समाज अधिक स्वतंत्र या शांतिपूर्ण नहीं बनता, बल्कि इससे जनता का विश्वास कम होता है। उच्च न्यायालय ने कहा, इस अदालत का प्रथम दृष्टया विचार है कि हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन अक्सर सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ता है और आम लोगों में भय एवं असुरक्षा की भावना पैदा करता है।

### लंबित मुकदमों के


नियुक्ति रोके रखना न्यायोचित नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने अंबेडकरनगर निवासी सुशील त्रिपाठी की याचिका पर पारित किया। याची का चयन कर्मचारी राज्य बीमा निगम में मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) पद पर हुआ था। दस्तावेज सत्यापन और नियुक्ति प्रस्ताव मिलने के बावजूद विभाग ने पुलिस सत्यापन में दो आपराधिक मामलों का उल्लेख होने के कारण उसकी ज्वाइनिंग रोक दी थी।




# हैदराबाद ने बेंगलुरु को दिया 256 रन का लक्ष्य

## अभिषेक, ईशान और क्लासेन के अर्धशतक, सनराइजर्स हैदराबाद ने बनाये चार विकेट पर 255 रन





हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम अभिषेक शर्मा (56 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी, ईशान किशन (79 रन) के बेखौफ अंदाज और हेनरिक क्लासेन (51 रन) की ताकतवर हिटिंग की बदौलत शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चार विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने घरेलू मैदान पर हर हाल में आक्रामक बल्लेबाजी करने की अपनी रणनीति को बरकरार रखा। अभिषेक (22 गेंद) ने जहां एक बार फिर 20 गेंद में अर्धशतक जड़ा तो वहीं उप-कप्तान किशन ने सटीक टाइमिंग और चतुर बल्लेबाजी से गैप ढूंढकर महज 44 गेंद में तूफानी पारी खेली।

तीसरे नंबर से नीचे बल्लेबाजी करने वाले सभी टीमों के बल्लेबाजों में सबसे निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्लासेन (24 गेंद) ने जोश हेजलवुड जैसे विश्व-स्तरीय गेंदबाज की गेंदों को मनमुताबिक खेला। उन्होंने हेजलवुड के तीसरे ओवर (पारी का 13वां ओवर था) में 27 रन बटोरे जिससे टीम ने सुनिश्चित कर लिया कि बल्लेबाजी के लिए एकदम सपाट पिच पर वे 250 रनों के आंकड़ा पार कर लेंगे। किशन और क्लासेन ने तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 113 रन की साझेदारी निभाई। पर इसकी शुरुआत अभिषेक ने की, उन्होंने भुवनेश्वर कुमार को उनके पहले स्पेल में पूरी तरह बेअसर कर दिया। उन्होंने भुवनेश्वर की एक गेंद को बड़ी खूबसूरती से लांग ऑफ के काफी बाहर से ऊपर उठाकर अपना पहला छक्का जड़ा। भुवनेश्वर को उन्होंने कोई मौका नहीं दिया और लगातार दो गेंदों पर उन्हें स्क्वायर-लेग के ऊपर से और दूसरी बार डीप मिड-विकेट के ऊपर से फ्लिक किया। रोमारियो शेफर्ड की गेंदों से दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज को कोई परेशानी होने की उम्मीद नहीं थी, और ऐसा हुआ भी नहीं। उन्होंने शेफर्ड की गेंदों पर सीधे दो छक्के जड़े, जबकि सुयश शर्मा की गेंद को भी उन्होंने बिना ज्यादा फुटवर्क के ही हवा में ऊपर तक पहुंचा दिया। एक तरफ जहां किशन ने एक छोर पर टिककर बल्लेबाजी की और वैसी ही निरंतरता दिखाई जिसकी उम्मीद उनके जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी से की जाती है, वहीं क्लासेन की तारीफ के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। क्लासेन अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलते हैं, लेकिन फ्रेंचाइजी क्रिकेट की दुनिया में वह सबसे ज्यादा भरोसेमंद खिलाड़ी बन गए हैं। आरसीबी के गेंदबाजों ने किशन के पैड्स पर गेंदें डालकर गलती की जिससे उन्हें मनमुताबिक हाथ खोलने का मौका मिल गया। वहीं क्लासेन को न तो सीधी गेंदों से कोई परेशानी हुई और न ही उनके लिए फेंकी गई वाइड गेंदों से। उन्होंने जिस तरह हेजलवुड की गेंदों को धुना, वह रजत पाटीदार की रणनीति को ध्वस्त करने के लिए काफी था। नीतिश रेड्डी ने 12 गेंद में नाबाद 29 रन बनाकर पारी को शानदार अंदाज में खत्म किया। सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने कुल 20 चौके और 16 छक्के जड़े।

# विनेश को अयोग्य घोषित करने के फैसले पर उच्च न्यायालय ने डब्ल्यूएफआई को फटकार लगायी



नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मशहूर महिला पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित करने के फैसले के लिए शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई और कहा कि वह इस पर आदेश देगा कि वह आने वाले एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में शामिल हो सकती हैं या नहीं।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई का शीर्ष खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति देने की पूर्व प्रथा पर नहीं चलना बहुत कुछ कहता है। विनेश मातृत्व अवकाश के बाद खेल में वापसी करना चाहती हैं। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है और संघ को प्रतिशोध की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। भले ही डब्ल्यूएफआई के वकील ने यह साफ किया कि चयन के नियम मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली खिलाड़ियों को बाहर करने के लिए नहीं हैं और इस मामले में दिक्कत फोगाट के संन्यास लेने के फैसले से पैदा हुई थी। फिर भी अदालत ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई की नीति का नतीजा यह हुआ कि उन्हें बाहर कर दिया गया। अदालत ने कहा कि अगर वह मां नहीं बनी होतीं तो वह हिस्सा ले पातीं और योग्य हो जातीं। साथ ही अदालत ने यह भी जोड़ा कि एक खिलाड़ी को मुकदमों पर नहीं, बल्कि अपनी तैयारियों पर ध्यान देना चाहिए। केंद्र सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि अगर फोगाट ट्रायल में सफल होती हैं तो भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा तय किए गए नियमों के तहत योग्यता के नियमों में ढील दी जा सकती है, ताकि एशियाई खेलों में उनके हिस्सा लेने का रास्ता साफ हो सके। हालांकि वकील ने यह भी साफ किया कि चयन ट्रायल में उनके हिस्सा लेने के लिए योग्यता के नियमों में ढील डब्ल्यूएफआई को ही देनी होगी। उन्होंने कहा कि ट्रायल डब्ल्यूएफआई की एक तकनीकी टीम की देखरेख में, केंद्र सरकार और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा चुने गए स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में करवाए जा सकते हैं, और इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। डब्ल्यूएफआई के वकील ने अदालत से गुजारिश की कि इस मामले की सुनवाई सोमवार को की जाए और फोगाट से कहा जाए कि वह महासंघ के सामने अपनी बात रखें। हम इस पर अपना आदेश जारी करेंगे। अदालत फोगाट की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने 18 मई को एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें डब्ल्यूएफआई द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद इस वर्ष के एशियाई खेलों के लिए 30-31 मई को होने वाले चयन ट्रायल्स में उनकी भागीदारी के मुद्दे पर उन्हें तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया गया था।

फोगाट के वकील ने पीठ से उन्हें ट्रायल्स में भाग लेने का अवसर देने का आग्रह किया। वकील ने यह तर्क दिया कि नौ मई को गोंडा में एक घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी से एक दिन पहले उनको कारण बताओं नोटिस दिया गया जिसे यह पता चलता है कि कोई उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने से रोकने के लिए कोशिश कर रहा है।

## संक्षेप

### चालिहा का मलेशिया मास्टर्स में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

कुआलालंपुर। भारत की अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21 18-21 11-21 से हार गईं। चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गई, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि लाइन ने शुरुआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में तीन नये खिलाड़ी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शुक्रवार को अपनी 16 सदस्यीय टीम में तीन नए खिलाड़ियों को शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज रोहैल नाज़रि, तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और ऑलराउंडर अराफ़ात मिन्हास ने कुछ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा। इसके बाद दो और चार जून को लाहौर में मैच खेले जाएंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे। अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम, नसीम शाह और शादाब खान ने टीम में वापसी की है। फखर जमां और साइम अयूब चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। पाकिस्तान टीमः शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), सलमान अली आगा, अब्दुल समद, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रउफ़, माज सदाकत, गाजी गोरी, नसीम शाह, रोहेल नाजिर, साहिबजादा फरहान, शादाब खान, शमील हुसैन, सुफयान मोकिम।

# विभिन्न परिस्थितियों में जल्द सामंजस्य बिठाना गुजरात टाइटंस की सफलता का राजः राशिद खान



अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम की कमजोरी की लगातार चर्चा चलती रही है लेकिन उसके स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि टीम ने इस सत्र में अपनी कमियों पर ध्यान देने के बजाय खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाया तथा विभिन्न परिस्थितियों से तेजी से सामंजस्य बिठाकर सफलता हासिल की।

गुजरात में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स पर 89 रन की बड़ी जीत दर्ज कर अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह पक्की की। राशिद ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि प्रत्येक टीम में सुधार की गुंजाइश होती है। प्रत्येक टीम किसी विभाग में मजबूत होती है। कोई भी टीम शत प्रतिशत संपूर्ण नहीं होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। पूरे टूर्नामेंट में हमारे मध्य क्रम और ऐसी ही चीजों को लेकर काफी चर्चा हुई है, लेकिन मुझे लगता है कि हर कोई अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा, हर कोई अपनी जिम्मेदारी समझ रहा है और मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप उन 10 या 15 प्रतिशत कमियों के बारे में सोचते रहेंगे तो इसका असर बाकी 70-75 या 80 प्रतिशत पर भी पड़ेगा। राशिद ने कहा, हम चीजों को सरल बनाए रखते हैं और यह काफी महत्वपूर्ण है। विरोधी टीम कोई भी हो हमारा खिलाड़ी मौका मिलने पर बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। फिर चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या फील्डिंग। इसलिए हम अपने कमजोर और मजबूत पक्षों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते हैं। हम सिर्फ इस बारे में सोचते हैं कि मैं टीम के लिए कैसे बेहतर कर सकता हूं। राशिद ने इस सत्र में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, विकेट में कोई बदलाव नहीं हुआ। मुझे लगता है हमारे पास बहुत अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है। विशेषकर हमारे तेज गेंदबाजों ने पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर ने कहा कि गुजरात की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे विपक्षी टीम की तुलना में परिस्थितियों से बहुत जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं। मुझे लगता है कि हमारी मुख्य ताकत यह है कि हम गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में परिस्थितियों के अनुसार खुद को बहुत जल्दी ढाल लेते हैं। यही कारण है कि हम सफल रहे हैं। राशिद ने कहा कि आधुनिक टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों को दबाव में भी आक्रामक सोच रखनी होती है। इस खेल में जब आप 230 रन के स्कोर का बचाव कर रहे होते हैं।

# नेट गेंदबाजः आईपीएल में बल्लेबाजी में धमाकेदार प्रदर्शन के गुमनाम सूत्रधार



नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पहचान बन चुके लंबे छक्के, साहसिक स्कूप शॉट और आखिरी ओवरों में होने वाली ताबड़तोड़ बल्लेबाजी में नेट गेंदबाजों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन टेलीविजन की चकाचौंध से दूर होने के कारण उन्हें वह श्रेय नहीं मिलता जिसके वह हकदार हैं।

जहां एक तरफ फ्रेंचाइजी के सुपरस्टार करोड़ों रुपये कमाते हैं और सुर्खियों में छाए रहते हैं, वहीं दूसरी ओर गुमनाम युवा तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की एक फौज हफ्तों तक अभ्यास नेट में गेंदें फेंकती रहती है और क्रिकेट की सबसे आकर्षक लीग में से एक में महत्वपूर्ण अभ्यास साझेदार के रूप में काम करती है। कई खिलाड़ियों के लिए यह क्रिकेट का सबसे अनोखा प्रशिक्षण होता है। उन्हें इस खेल के सबसे बड़े खिलाड़ियों को लगातार गेंदबाजी करनी होती है। इस दौरान उन्हें अक्सर जसप्रीत बुमराह के यॉर्कर, सुनील नारायण की रहस्यमयी स्पिन या मिचेल स्टार्क की बाएं हाथ की तूफानी गेंदों की नकल करने के लिए कहा जाता है। इसके लिए उन्हें आईपीएल की मानकों के हिसाब से मामूली दैनिक भत्ता मिलता है लेकिन करियर के लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण होता है। उनका एकमात्र सपना पेय पदार्थ और अतिरिक्त गेंदें ढोने के बजाय किसी फ्रेंचाइजी की जर्सी पहनना होता है। आईपीएल फ्रेंचाइजी आमतौर पर अपने साथ तीन से पांच विशेषज्ञ नेट गेंदबाज रखती हैं। इसके अलावा मेजबान राज्य संघों और क्लब भी विभिन्न स्थानों पर स्थानीय गेंदबाजों की व्यवस्था करते हैं। आईपीएल मानकों के हिसाब से उनकी कमाई मामूली होती है। उन्हें प्रतिदिन लगभग 5,000 से 7,000 रुपये मिलते हैं लेकिन इससे मिलने वाला अनुभव अमूल्य होता है। कर्नाटक के तेज गेंदबाज जेवी कार्तिक ने कहा, मैंने कभी पैसों के लिए नेट पर गेंदबाजी नहीं की। यह इतने महान बल्लेबाजों को गेंदबाजी करने और अनुभव हासिल करने का दुर्लभ अवसर होता है। यही सबसे बड़ा प्रोत्साहन है और यही मायने रखता है। कई अन्य नेट गेंदबाजों के लिए कुछ और असली इनाम भी होते हैं। इनमें भारत के सीनियर खिलाड़ियों के साथ बातचीत, किसी प्रसिद्ध गेंदबाजी कोच से तकनीकी सलाह या बस स्टार बल्लेबाजों के खिलाफ खुद को परखने का अवसर शामिल है और आईपीएल में किस्मत अचानक पलट सकती है। हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत की टीम में शामिल किए गए लंबे कद के गुरनूर बराड़ इसका स्पष्ट उदाहरण हैं। सबसे पहले उन्हें पंजाब किंग्स ने नेट अभ्यास के लिए बुलाया। पंजाब किंग्स के तत्कालीन कप्तान शिखर धवन उनकी छह फीट पांच इंच की कद-काठी से मिलने वाली मदद से प्रभावित हुए और फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने साथ शामिल कर लिया। उन्होंने पंजाब किंग्स के लिए सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उन्हें लोकप्रियता मिली और अगले एक साल तक वह टीम इंडिया के नियमित नेट गेंदबाज बन गए। एक अन्य भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने भी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने से पहले नेट गेंदबाज के रूप में शुरुआत की थी। चेतन सकारिया की कहानी भी कुछ इसी तरह की है। भारतीय टीम में शामिल होने से पहले इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स जैसी फ्रेंचाइजी के साथ नेट गेंदबाज के रूप में काम किया। सकारिया ने कहा, मुझे मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स दोनों के नेट पर ट्रायल का मौका मिला था। लेकिन मेरे लिए वह एक अद्भुत क्षण था जब रॉयल्स ने मुझे नीलामी में खरीदा। सकारिया की कहानी अब आईपीएल के इतिहास का हिस्सा बन चुकी है, लेकिन वह अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं। उमरान मलिक ने सबसे पहले 2021 के सत्र के दौरान दुबई में सनराइजर्स हैदराबाद के नेट अभ्यास में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसके बाद उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज टी नटराजन के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल कर दिया गया।

# अंडर-18 महिला एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगी स्वीटी कुजुर



नयी दिल्ली। स्वीटी कुजुर को जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला अंडर-18 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया।

इस टीम में कुजुर के अलावा नौशीन नाज, प्रियंका मिंज, संदीप कुमारी और नैन्सी सरोहा अग्रिम पंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति में श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नम्मी गीताश्री और पुष्पा मांझी तथा रक्षापंक्ति में सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रूबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलोचनी और गोलकीपर महक परिहार और खिली कुमारी शामिल हैं। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए भोपाल में राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा लिया था। इस दौरान भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला भी खेली। भारत को प्रतियोगिता में पूल ए में रखा गया है जहां उसका मुकाबला कोरिया, मलेशिया और सिंगापुर से होगा। भारत 30 मई को मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद वह 31 मई को कोरिया और दो जून को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। पूल बी में चीन, जापान, चीनी ताइपे और बांग्लादेश शामिल हैं। सेमीफाइनल पांच जून और फाइनल छह जून को खेला जाएगा।

# पंजाब किंग्स को प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एलएसजी पर बड़ी जीत की जरूरत



लखनऊ। लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स की टीम को इस निराशा को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां होने वाले मैच में लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

पंजाब ने अपने पहले छह मैच जीते थे लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब किंग्स पहले सात मैचों में छह जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी लेकिन लगातार छह हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। अब पांचवें स्थान पर काबिज पंजाब को न केवल शनिवार को यहां अपने अंतिम लीग मैच में एलएसजी को हराना होगा, बल्कि प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए रविवार के दो मैचों (मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बनाम दिल्ली कैपिटल्स) के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम चाहेगी कि राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स दोनों ही अपने-अपने मैच हार जाएं। अगर राजस्थान रॉयल्स मुंबई को हरा देती है तो पंजाब की उम्मीदें आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी, वहीं अगर केकेआर दिल्ली कैपिटल्स को हरा देती है तो मामला नेट रन रेट पर अटक सकता है। पंजाब का नेट रन रेट केकेआर से थोड़ा बेहतर है। लेकिन अगर मगर की बात आने से पहले पंजाब को लंबे समय से चले आ रहे खराब प्रदर्शन के बाद अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने की जरूरत है। उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली की सत्र की शुरुआत की तरह आक्रामक होकर नहीं खेल पा रहे हैं। प्रियांश ने अपनी पिछली सात पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है और वह पिछले छह मैच में खाता भी नहीं खोल पाए हैं। प्रभसिमरन भी अपनी प्रदर्शन में निरंतरता लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने भी अपनी पिछली पांच पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है। कोनोली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं। कप्तान अय्यर का प्रदर्शन भी इस दौरान अच्छा नहीं रहा। वह छह मैच में केवल एक बार ही पचास रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं। उसका मध्य क्रम भी नहीं चल पा रहा है जबकि उसकी फील्डिंग भी काफी खराब रही है। जहां तक एलएसजी का सवाल है तो इस सत्र में उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। वह पिछले 10 मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल करने के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गया है। एलएसजी ने अपने घरेलू स्टेडियम में हाल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था और उसकी टीम इसी प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ मैचों में एलएसजी के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू शीर्ष क्रम में मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का शानदार प्रदर्शन रहा है। पिछले मैच में इस जोड़ी ने मात्र 8.2 ओवरों में 109 रन जोड़े थे। अगर एलएसजी को घरेलू दर्शकों के सामने अपने अभियान का सकारात्मक अंत करना है तो इन दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। निकोलस पूरन भी अपनी पिछली चार पारियों में मात्र 87 रन बनाने के बाद अपनी लय वापस पाने की कोशिश करेंगे। कप्तान ऋषभ पंत ने इस सत्र में केवल एक अर्धशतक लगाया है। वह भी इस सत्र का अंत शानदार तरीके से करना चाहेंगे।

**टीम इस प्रकार हैंः**

**एलएसजीः** ऋषभ पंत (कप्तान), अब्दुल समद, आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, हिम्मत सिंह, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज़ अहमद, अवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, मयंक प्रभु यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिक नोर्किया, जोश इंग्लिस, मोहसिन खान, नमन तिवारी, आकाश महाराज सिंह, मुकुल चौधरी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, अक्षत रघुवंशी।

**पंजाब किंग्सः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, पाइला अविनाश, यश ठाकुर, हरनूर सिंह, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद।

**मैच शुरू होने का समयः शाम 7.30 बजे।**

# ईंधन आपूर्ति निर्बाध रही और मांग को किया पूरा

## महाराष्ट्र में घबराहट में खरीदारी से मई में पेट्रोल-डीजल बिक्री 20 प्रतिशत बढ़ी



मुंबई। पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच घबराहट में की गई खरीदारी के कारण महाराष्ट्र में मई के पहले पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल की बिक्री में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

महाराष्ट्र के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के बयान के अनुसार, मई 2026 के पहले पखवाड़े में राज्य में डीजल की बिक्री में 19.66 प्रतिशत और पेट्रोल की बिक्री में 20.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विभाग ने कहा कि घबराहट में ईंधन खरीदने की प्रवृत्ति के कारण राज्यभर में बिक्री बढ़ी। हालांकि, मांग में अस्थायी उछाल के बावजूद ईंधन आपूर्ति निर्बाध रही और पूरी मांग को पूरा किया गया। हालांकि विभाग ने इस अवधि के दौरान राज्यव्यापी वास्तविक बिक्री के आंकड़े साझा नहीं किए और केवल पेट्रोल एवं डीजल की खपत में प्रतिशत वृद्धि की जानकारी दी। विभाग के अनुसार, केवल 19 मई को महाराष्ट्र में डीजल की बिक्री औसत दैनिक बिक्री की तुलना में 42 प्रतिशत और पेट्रोल की बिक्री 21 प्रतिशत बढ़ गई। इस दौरान अकोला, छत्रपति संभाजीनगर, बीड, बुलढाणा, हिंगोली, जलगांव, जालना, लातूर, धाराशिव, परभणी और वाशिम जिलों में असामान्य रूप से भारी मांग देखी गई। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पेट्रोल बिक्री में सबसे अधिक वृद्धि वाशिम में दर्ज की गई, जहां बिक्री औसत दैनिक खपत से 42 प्रतिशत अधिक रही। इसके बाद जलगांव में 40 प्रतिशत, अकोला में 28 प्रतिशत तथा छत्रपति संभाजीनगर और बीड में 27-27 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। धाराशिव में पेट्रोल बिक्री में 19 प्रतिशत, बुलढाणा में 18 प्रतिशत, हिंगोली में 16 प्रतिशत तथा जालना और परभणी में 13-13 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जबकि लातूर में सबसे कम पांच प्रतिशत वृद्धि हुई। डीजल बिक्री के मामले में अकोला में औसत दैनिक बिक्री की तुलना में 111 प्रतिशत की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद वाशिम में 109 प्रतिशत वृद्धि हुई। जलगांव में डीजल बिक्री 72 प्रतिशत, बीड में 63 प्रतिशत, लातूर और धाराशिव में 50-50 प्रतिशत, छत्रपति संभाजीनगर में 49 प्रतिशत, हिंगोली में 46 प्रतिशत, जालना में 43 प्रतिशत, बुलढाणा में 41 प्रतिशत और परभणी में 24 प्रतिशत बढ़ी। विभाग ने कहा कि पश्चिम एशिया में वैश्विक तनाव के कारण संभावित आपूर्ति व्यवधान की अटकलों के कारण घबराहट में ईंधन खरीदने से बिक्री में यह वृद्धि हुई। विभाग ने लोगों से अनावश्यक खरीदारी और जमाखोरी से बचने की अपील करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है।

# निवर्तमान सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



नयी दिल्ली। निवर्तमान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की। एक्स पर जारी पोस्ट के अनुसार, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने अपनी पत्नी के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। जनरल चौहान का कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है। केंद्र ने लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एन एस राजा सुब्रमणि को नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से भारत सरकार के सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी काम करेंगे।

## संक्षेप

### दो बच्चों सहित छह की मौत, चार घायल

बेरहामपुर। ओडिशा के गंजाम जिले में शुक्रवार को एक बस और ऑटोरिक्शा की टक्कर में दो बच्चों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना पुरुषोत्तमपुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाडकापल्ली चौक के पास उस वक्त हुई जब बस ने तिपहिया वाहन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया, तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चार घायलों का शुरू में कोडाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया और बाद में उन्हें बेरहामपुर स्थित एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि हादसे के शिकार सभी लोग चिकिटी प्रखंड के अंतर्गत आने वाले एरेन्डा गांव के निवासी थे और दुर्घटना के समय ऑटोरिक्शा में यात्रा कर रहे थे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। माझी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की।

# लोग बंद का सहारा न लें, बातचीत के लिए आगे आयें

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने शुक्रवार को राज्य की जनता से बातचीत के लिए आगे आने और बंद या नाकाबंदी का सहारा न लेने की अपील की।

सिंह ने यह बात इंफाल पश्चिम जिले के अखम मखा लीकाई में एक पुल के उद्घाटन के अवसर पर कही। सिंह ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, सरकार के प्रति आक्रोश के कारण बंद और नाकाबंदी करने से केवल कठिनाई ही होती है, खासकर दिहाड़ी मजदूरों के लिए। उन्होंने यह भी कहा, मैं दो बार जिरीबाम जा चुका हूं। पहली बार मैंने हेलीकॉप्टर से जिले का दौरा किया और दूसरी बार सड़क मार्ग से, जिसके दौरान कुकी, पाइते, हमार और मेइती समुदायों के सदस्य जमीनी स्तर पर एकत्रित हुए और आपस में बातचीत की। सभी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, जिरीबाम से लौटने के अगले दिन, अप्रैल में बिष्णुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी में हुए बम हमले में दो छोटे बच्चों की मौत हो गई, जिससे हम सभी को गहरा दुख हुआ। इस घटना के बाद राज्य में बंद के कारण अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा। सिंह ने लोगों से अपील की, जब भी सरकार के प्रति किसी प्रकार की निराशा या आक्रोश हो, तो आपसी समझ तक पहुंचने के लिए बातचीत के लिए आगे आएं, क्योंकि बंद से केवल कठिनाइयां होती हैं। मुझे आज लामसांग विधानसभा क्षेत्र के अखम मखा लीकाई में नामबुल नदी पर बने आरसीसी पुल का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है।

# भारत और साइप्रस ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ शुक्रवार को व्यापक बातचीत की तथा इस दौरान भारत एवं साइप्रस ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला और बुनियादी ढांचे एवं नौवहन जैसे क्षेत्रों में गहरे सहयोग को सुगम बनाने के लिए एक संयुक्त कार्यबल गठित किया।

दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया संकट और यूक्रेन संघर्ष पर भी विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत शत्रुता को जल्द समाप्त करने के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मोदी ने मीडिया में जारी बयान में कहा, पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है। दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ा है और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से अनेक नयी संभावनाएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने इसका लाभ उठाते हुए अगले पांच वर्ष में इस निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। मोदी ने कहा, और इस संकल्प को साकार करने के लिए आज हम अपने भरोसेमंद संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ हुई बातचीत के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए कहा कि भारत और साइप्रस की मित्रता मजबूत और भविष्योन्मुखी है। मोदी ने कहा, हमने वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों को जल्द समाप्त करने और शांति के प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने कहा, हम इस बात पर भी एकमत हैं कि बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का भी फैसला किया है। क्रिस्टोडौलाइड्स ने कहा कि भारत और साइप्रस ने बुनियादी ढांचे तथा नौवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक संयुक्त कार्यबल गठित करने का फैसला किया है।

# दिल्ली सरकार 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करेगी: रेखा गुप्ता



नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार शहर के प्रदूषण से निपटने के लिए 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करेगी जिनमें घने पेड़ होंगे।

उत्तरी दिल्ली में बुराड़ी के मुखमेलपुर गांव में तीन एकड़ भूमि पर विकसित किए जाने वाले पार्क की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि यह शहर का पहला ऑक्सीजन पार्क होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली बीते कुछ वर्षों में गैस चैंबर में बदल गई है, लेकिन दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए किसी ने भी कदम उठाने की चिंता नहीं की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दिल्ली सरकार 70 लाख से अधिक पेड़ व झाड़ियां लगाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। गुप्ता ने कहा उनकी सरकार पिछले एक साल से प्रदूषण को दूर करने के लिए लगातार काम कर रही है और यह पार्क दिल्ली सरकार द्वारा प्रदूषण से निपटने के लिए शुरू की गई पहल का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पार्कों में घने फलदार पेड़ लगाए जाएंगे ताकि पक्षियों को आश्रय मिल सके और ऑक्सीजन उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली को ऐसे घने पेड़ों वाले पार्कों की सख्त जरूरत है। मुखमेलपुर स्थित यह पार्क स्थानीय लोगों को हरियाली, स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराएगा। पार्क में लोगों की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पैदल चलने के लिए ट्रैक, आकर्षक और ऊर्जा दक्ष लाइटिंग, बैठने और आराम करने के लिए झोंपड़ीनुमा आराम स्थल, सुंदर तालाब तथा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पेड़ लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि इसके अलावा पार्क में पर्याप्त हरित क्षेत्र और खुले स्थान भी विकसित किए जाएंगे।

# बिहार में अपराधियों पर कार्रवाई से पुलिस पर हमले बढ़े, जवाबी फायरिंग करनी पड़ रही : एडीजीपी

पटना। बिहार पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक अभियान के कारण पुलिसकर्मियों पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसके चलते पुलिस को आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग करनी पड़ रही है।

अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी-कानून व्यवस्था) सुधांशु कुमार ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि बिहार पुलिस जाति के आधार पर मुठभेड़ नहीं करती है। उन्होंने कहा, पुलिस की कोई जाति नहीं होती और अपराधियों की भी कोई जाति नहीं होती। जो अपराधी पुलिस पर हमला करेंगे, उनके खिलाफ कार्वाई करने से पहले उनकी जाति नहीं पूछी जाएगी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी, त्वरित सुनवाई और अपराध से अर्जित संपत्तियों की जब्ती जैसी कार्वाई के कारण अपराधियों पर दबाव बढ़ा है, इसलिए कुछ लोग पुलिस पर हमला करने जैसे कदम उठा रहे हैं, लेकिन पुलिस इससे निपटने के लिए तैयार है। एडीजीपी ने बताया कि बिहार पुलिस ने जनवरी से 15 मई तक अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त करने से जुड़े प्रावधानों के तहत ।,433 अपराधियों की पहचान की है और 428 लोगों के खिलाफ अदालतों में प्रस्ताव भेजे हैं। उन्होंने बताया कि 103 आरोपियों के खिलाफ संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया जारी है, जबकि चार अन्य के खिलाफ कुर्की आदेश जारी किए गए हैं। कुमार ने कहा कि जनवरी से 15 मई तक हत्या के 2,023, डकैती के 311, लूट के 573 और अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार से जुड़े ।,572 मामलों समेत गंभीर अपराधों में कुल 33,126 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस साल जनवरी एवं अप्रैल के बीच अदालतों ने 52,567 मामलों में 70,624 लोगों को दोषी ठहराया।

## इंटरटेनमेंट...

# न्यूजीलैण्ड फिल्म महोत्सव में दिखेंगे ऋचा व अली




नयी दिल्ली। अभिनेता और निर्माता ऋचा चड्ढा और अली फजल दो जून को न्यूजीलैंड के पहले भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन में शामिल होंगे। पेट्रीना डी रोजारियो द्वारा स्थापित द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड समारोह अक्टूबर 2026 से शुरू होगा। भारतीय सिनेमा के इस चार दिवसीय उत्सव का आयोजन ऑकलैंड, वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में किया जाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म समारोह के उद्घाटन संस्करण में स्क्रीनिंग, कार्यशालाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उद्योग जगत के साथ संवाद शामिल होंगे, जिनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रचनात्मक संबंधों को मजबूत करना है। इसके मुताबिक, इस समारोह का उद्घाटन दो जून को होगा। जिसमें ऋचा चड्ढा की गर्ल्स विल बी गर्ल्स फिल्म भी दिखाई जाएगी। यह फिल्म इस दंपति (ऋचा चड्ढा और अली फजल) का पहला फिल्म निर्माण कार्य है। इस फिल्म को सनडांस फिल्म महोत्सव और इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवार्ड्स सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रशंसा मिली है। एक संयुक्त बयान में, दंपति ने कहा कि वे इस समारोह के उद्घाटन का हिस्सा बनकर खुश हैं क्योंकि उनका मानना है कि फिल्म महोत्सव संवाद स्थापित करने और विविध कहानियों को जगह देने के लिए महत्वपूर्ण मंच होते हैं।

# मोहनलाल की दृश्यम-3 ने बॉक्स ऑफिस पर कमाये 40 करोड़



नयी दिल्ली। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की मुख्य भूमिका वाली फिल्म दृश्यम 3 ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 43.37 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। जीतू जोसेफ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 21 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 18.37 करोड़ रुपये की सकल कमाई और 15.85 करोड़ रुपये की शुद्ध कमाई की है। वहीं, विदेशी बाजारों से फिल्म को 25 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल हुआ है। दृश्यम फिल्म शृंखला की शुरुआत साल 2013 में मोहनलाल अभिनीत एक मलयालम फिल्म से हुई थी और इसका दूसरा भाग साल 2022 में आया था।

# एनिमेटेड फिल्म महाप्रभु जगन्नाथ 300 से अधिक सिनेमाघरों में होगी रिलीज




मुंबई। भुवनेश्वर का एनिमेशन स्टूडियो एली एनिमेशंस अपनी लोकप्रिय टेलीविजन श्रृंखला जय जगन्नाथ को अब बड़े पर्दे पर लाने जा रहा है। स्टूडियो इस सिलसिले में महाप्रभु जगन्नाथ नाम से एक एनिमेटेड फीचर फिल्म बना रहा है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, स्टूडियो ने मल्टीप्लेक्स श्रृंखला सिनेपोलिस के सहयोग से इस फिल्म को हिंदी, उड़िया और तेलुगु भाषाओं में देश भर के 300 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बनाई है। इससे पहले जय जगन्नाथ श्रृंखला का प्रसारण पोगो चैनल पर हुआ था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। यह फीचर फिल्म भगवान जगन्नाथ की पौराणिक कथाओं पर आधारित होगी और इसमें एनिमेशन के साथ भक्तिपूर्ण कहानियों का मिश्रण होगा। एली एनिमेशंस के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दुर्गा प्रसाद दलाई ने कहा कि टेलीविजन श्रृंखला की जबरदस्त सफलता के बाद इसे बड़े पर्दे पर लाना एक स्वाभाविक कदम था।

# प्रीतम ने साहित्य चोरी का आरोप किया खारिज



मुंबई। संगीतकार प्रीतम ने आगामी फिल्म कॉकटेल 2 के गीत माशूका को लेकर लगे साहित्यिक चोरी के आरोपों को खारिज किया है। सोशल मीडिया पर कुछ उपयोगकर्ताओं ने दावा किया था कि इस गीत की धुन 1993 के एक इतालवी गीत से मिलती-जुलती है।

विवाद तब शुरू हुआ जब एक रेडिट उपयोगकर्ता ने माशूका और इतालवी जोड़ी बिबी एंड कोको के 1993 के एल्बम ले ओरिजिनी वॉल. 2 के गीत से सो अरुबाते आ नोनना की तुलना वाला वीडियो साझा किया। कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने दावा किया कि दोनों धुन लगभग एक जैसी सुनाई देती हैं। प्रीतम ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आलोचकों को जवाब देते हुए उन्हें अपनी बिना वेतन वाली पीआर टीम बताया। उन्होंने लिखा मेरे हर गाने की रिलीज के साथ ही कुछ स्वघोषित संगीत जासूसों का एक समूह आ जाता है, जिन्होंने काल्पनिक समानताओं नाम की एक नई शैली बना दी है। वही लोग, बॉस, इस समय तो आप ही मेरी बिना वेतन वाली पीआर टीम हैं मैं बस इतना कहना चाहता हूँ कि ये सब ठीक नहीं है। ऑनलाइन बहस के दौरान कई उपयोगकर्ताओं ने संगीतकार के खिलाफ पुराने साहित्यिक चोरी के आरोपों को फिर से उठाया। गीत माशूका का संगीत प्रीतम ने तैयार किया है और इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। इसे राघव चैतन्य और महमूद रुआ काय ने गाया है। फिल्म कॉकटेल-2 में शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं और यह फिल्म 19 जून को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है और इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स और लव फिल्म्स ने किया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com